आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 325, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इमरान खान और बुशरा बीबी फिर गिरफ्तार 16

रवि के साथ काम करेंगी उर्वशी 2

## जीटीबी अस्पताल में गोली मारकर मरीज की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- मामला दर्ज कर दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए गठित की टीम
- दिल्ली सरकार ने दिए अस्पतालों की सुरक्षा की समीक्षा के आदेश


राजधानी दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में गोली मारकर एक मरीज की हत्या कर दी गई। रियाजुद्दीन (23) को 23 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वार्ड नंबर 24 में उसका पेट में संक्रमण का उपचार किया जा रहा था। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि वार्ड नंबर 24 में शाम को करीब 4 बजे 18 वर्षीय एक युवक आया था और रियाजुद्दीन पर गोली चला दी। डीसीपी ने कहा कि मामला दर्ज किया जा रहा है और हमलावर को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई हैं। प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का लग रहा है।

इस बीच, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सभी अस्पतालों की सुरक्षा समीक्षा की जाएगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों ने वार्ड में घुसकर मरीज को गोली मारी और भाग गए।

# चुनावी रैली में ट्रंप की हत्या का प्रयास, मारा गया हमलावर

वाशिंगटन, एजेंसी

### हमलावर ने ऊंचे स्थान से चलाई गोलियां, एक व्यक्ति की मौत, रिपब्लिकन सांसद समेत दो घायल



- सुरक्षा में तैनात अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया
- अमेरिकी प्रतिनिधी सभा ने अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के निदेशक चीटल को तलब किया

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान जानलेना हमला हुआ। हालांकि पूर्व राष्ट्रपति इस हमले में बाल-बाल बच गए। इस हमले में दर्शक दीर्घा बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई और रिपब्लिकन सांसद के संबंधी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार ट्रंप पेंसिल्वेनिया के बटलर में शनिवार शाम लगभग सवा छह बजे अज्ञात बंदूकधारी की गोलीबारी में घायल हो गए। उनकी सुरक्षा में तैनात अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में ट्रंप के कान से खून बहता देखा जा सकता है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति सुरक्षित हैं। बटलर काउंटी के जिला अटॉर्नी रिचर्ड गोल्डिंगर ने कहा कि संदिग्ध बंदूकधारी को मार गिराया गया है। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी ने एक बयान में कहा कि पिट्सबर्ग से लगभग 30 मील उत्तर बटलर में शाम करीब सवा छह रैली स्थल से बाहर ऊंचे स्थान से अचानक गोलियां दागी गयीं। इस दौरान ट्रंप ने अपना हाथ अपने दाहिने कान पर रख लिया और पोडियम पर झुक गए। सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और मंच से नीचे ले गए। पूर्व राष्ट्रपति का चेहरा खून से लथपथ था। हमलावर की पहचान पेंसिल्वेनिया थॉमस मैथ्यू क्रुक्स (20) के रूप की गई है। अमेरिकी प्रतिनिधी सभा के मुख्य जांच बोर्ड ओवरसाइट कमेटी ने पूर्व राष्ट्रपतियों और वर्तमान राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के निदेशक किम्बर्ली चीटल को ट्रंप पर हुए हमले को लेकर को तलब किया है।

### बाइडेन, मोदी समेत कई हस्तियों ने की निंदा

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत विश्वभर की महत्पूर्ण हस्तियों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। बाइडेन ने कहा है कि यह जानकर उन्हें बहुत अच्छा लगा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जानलेवा हमले में बाल-बाल बच गए और वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए गहरी चिंता जताई। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासिचव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने हमले की कड़ी निंदा की है।

### एफबीआई ने शुरू की घटना की जांच

संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। एफबीआई के विशेष एजेंट केविन रोजेक ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि सीक्रेट सर्विस द्वारा मारे जाने से पहले बंदूकधारी मंच पर गोलियां चला चुका था। एफबीआई इस बात की जांच करेगा कि ऐसा कैसे हुआ।

## एक नजर

### आतंकी लखबीर के पांच सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** कनाडा के आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि उनके पास से तीन पिस्तौलें बरामद की गईं। उन्होंने कहा कि लांडा गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों की संख्या अब 13 हो गई है।

### सीमा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए सेना ने रविवार को तीन अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर जारी घुसपैठ रोधी अभियान में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही हथियार और अन्य युद्ध सामग्री भी बरामद की गई हैं।

### 17.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के विभिन्न हिस्सों से करीब 17 .5 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की गई है और चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। असम पुलिस के सीपीआरओ प्रणबज्योति गोस्वामी ने कहा कि गोलाघाट जिले में दो स्थानों से 1.732 किग्रा हेरोइन जब्त की गई है।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

# राहुल को सत्ता मिलती तो हिंदू बोलने पर भी लग जाता प्रतिबंध

### विपक्ष के प्रचार और अति आत्मविश्वास से लोस चुनाव में नहीं आए अपेक्षानुरूप परिणाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में नेताओं, पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि पार्टी की तरफ से किए अथक परिश्रम के बावजूद लोकसभा चुनाव में हम विपक्ष के फैलाए भ्रमजाल की काट न निकाल सके। कहा गया कि, आरक्षण समाप्त करने, संविधान खत्म करने और महिलाओं के खाते में 8500 रुपये भेजने जैसे विपक्ष के भ्रामक प्रचार के कारण भाजपा को आशातीत सफलता न मिल सकी। राहुल गांधी को निशाने पर रखते हुए पार्टी के बड़े नेताओं ने कहा कि अगर सत्ता में राहुल आ जाते तो हिंदू शब्द बोलने पर ही प्रतिबंध लग जाता। राहुल गांधी के हिंदू धर्म विरोधी होने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय आशियाना के अंबेडकर सभागार में रविवार को आयोजित भाजपा कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि इन चुनाव के नतीजों ने ये बता दिया कि अकेली भाजपा ही है जो पैन इंडिया पार्टी है, जो पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण हर जगह है। हम 140 करोड़ देशवासियों के प्रतिनिधि हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस आज परजीवी पार्टी हो गई है। ये अपने पैरों पर नहीं खड़ी है, ये दूसरों के वोट पर खड़ी है। आज ये पार्टी बैसाखी पर खड़ी है। इस चुनाव में इन्होंने संविधान पर खूब चर्चा की, लेकिन ये भी बताना हमारी जिम्मेदारी है कि संविधान के साथ खिलवाड़ किसने किया। इन्होंने 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिराया है। वो राम मंदिर की बात करते हैं, लेकिन राम मंदिर हमारे लिए चुनाव का नहीं, बल्कि आस्था का मुद्दा है। 1987-88 में भाजपा ने कहा था कि हम राम मंदिर बनाने के रास्ते को प्रशस्त करने का कार्य करेंगे।



दीप प्रज्जवलित कर बैठक का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

- राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, कहा- भाजपा अकेली पैन इंडिया पार्टी

### अति आत्मविश्वास से अपेक्षाओं को चोट : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 और उसके बाद के चुनावों में जितना मत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में था, 2024 में भी भाजपा उतना वोट पाने में सफल रही है, लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं को चोट पहुंचाई है। जो विपक्ष पहले हार मान के बैठ गया था, वो आज फिर से उछल-कूद मचा रहा है। योगी के मुताबिक, बावजूद इसके 2027 में भाजपा का ही परचम फिर फहरेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर सुपर एक्टिव होना होगा और किसी भी प्रकार की अफवाहों का तत्काल खंडन करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 विधानसभाओं के उपचुनाव में भी भाजपा की जीत होगी। इसके लिए हमें अभी से जुट जाना है। जिले में मेयर से लेकर पार्षद तक हमारा है।

### कांग्रेस भष्मासुर है, अखिलेश को ठिकाने लगा देगी : भूपेंद्र चौधरी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने इस मौके पर अपने संबोधन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को यह कहते हुए सावधान किया कि, कांग्रेस भष्मासुर है और बहुत जल्दी आपको ठिकाने लगा देगी। कांग्रेस की नजर आपके मुस्लिम वोट पर पड़ गई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सोच एवं उनकी कार्यशैली में लोकतंत्र की कोई गुंजाइश ही नहीं है। कांग्रेस का एक इकोसिस्टम है जो हारने वालों को जीता हुआ बताकर जीतने वालों पर प्रश्न खड़े करता है। 13 राज्यों में कांग्रेस पार्टी की सीटें शून्य हैं। कांग्रेस पार्टी जहां भी जीती है वहां अपने वोटों से नहीं जीती, बल्कि दूसरी पार्टियों के वोटों पर जीती है।

## अब चालान-सीज नहीं, सीधे कबाड़ में कटेंगी डग्गामार बसें

मंगल सिंह, लखनऊ

- बिना फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट के सड़कों पर नहीं दौड़ पाएंगी
- दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर परिवहन विभाग का बड़ा निर्णय

**अमृत विचार :** एक्सप्रेस-वे पर दौड़ रहीं डग्गामार बसें चेकिंग के दौरान फिट नहीं मिलीं तो कबाड़ में कटने के लिए तैयार हो जाएं। बस का फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट अपडेट नहीं होने पर ऐसे वाहन स्वामी बस का संचालन नहीं कर पाएंगे। परिवहन विभाग ने प्रदेश में होने वाली बस दुर्घटनाओं में कमी लाने और अवैध बसों के संचालन पर रोक लगाने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के सख्त तेवर के बाद परिवहन विभाग में हलचल सी मच गई है।

परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह के नए आदेश के मुताबिक अब रोड पर बिना फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट के सवारियां लेकर डग्गामार बसें दौड़ती मिलीं तो बस को चालान व सीज की कार्रवाई करने के बजाय आरटीओ की प्रवर्तन की टीम कबाड़ में कटवाने की कार्रवाई करेंगी। बसें बंद करने की बजाय कबाड़ में भेजी जाएंगी। इसके लिए टोल टैक्स केंद्र के इंट्री पर राउंड द क्लॉक सघन चेकिंग की जा रही है। परिवहन आयुक्त ने यह भी बताया कि हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर रोड दुर्घटना की जिम्मेदारी एनएचआई की होती है। आरटीओ प्रवर्तन टीम को एक्सप्रेस-वे पर चेकिंग करने का अधिकार नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) रोड इंजीनियरिंग, ब्लाइंड स्पॉट की जिम्मेदारी तय करेगा। हाईवे पर होनी वाली दुर्घटनाओं के लिए एनएचआई की ही जवाबदेही होगी।

> सुरक्षित यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से तत्पर है। प्रदेश के सभी रूटों पर अनाधिकृत वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। नियम विरुद्ध वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।
> **-दया शंकर सिंह,** परिवहन मंत्री।

## पीतल कारोबारी की चाकू से गोदकर हत्या, एक हमलावर की भी मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कारोबारी अनिल



हमलावर आमोद

- रात एक बजे उधारी देने के बहाने घर में घुसे थे दोनों आरोपी
- सीसीटीवी फुटेज से बेटी ने आरोपियों को पहचाना

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक बजे उधारी के पैसे देने के बहाने घर में घुसे बदमाशों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर पीतल कारोबारी की हत्या कर दी। वारदात में घायल एक हमलावर ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक की 13 वर्षीय बेटी ने सो रही अपनी मां को जगाया। इसके बाद शोर मचाने पर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर डीआईजी मुनिराज जी मौके पर पहुंचे। पुलिस 13 वर्षीय बेटी को घटना का चश्मदीद मानकर जांच कर रही है। कारोबारी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी अनिल चौधरी (30) पीतल कारोबारी हैं। उनकी फर्म में दो और पार्टनर हैं। अनिल अपनी पत्नी तन्नू चौधरी और दो बेटियों के साथ गाड़ीखाना स्थित मकान में रहते थे। अनिल के भाई सोनू ने बताया कि थाना क्षेत्र के बीच होली का मैदान निवासी आमोद के मकान में बहजोई का मोहित किराये पर रहता था। शनिवार रात एक बजे आमोद और मोहित उधारी का पैसे देने के बहाने घर पहुंचे। अनिल ने जैसे ही दरवाजा खोला आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। आवाज सुन अनिल की 13 वर्षीय बेटी जाग गई। उसने मां को जगाया कि पापा को किसी ने चाकू से मार दिया।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, एक जवान शहीद

इंफाल, एजेंसी

- गोलीबारी में सीआरपीएफ और पुलिस के तीन जवान घायल
- कुकी उग्रवादियों ने एक गांव में भी तीन घंटे तक की फायरिंग

मणिपुर के जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव में रविवार सुबह संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया जबकि सीआरपीएफ का एक जवान और मणिपुर पुलिस के दो जवान घायल हो गए। सभी को जिरीबाम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान बिहार के अजय कुमार झा (43) के रूप में की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि काफिले का वाहन चला रहे जवान के सिर में गोली लगी थी, अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

सूत्रों के मुताबिक सेइजांग कुकी गांव के भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने रविवार की सुबह मैतेई गांव और सुरक्षा कर्मियों के काफिले पर हमला किया। उन्होंने तीन घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी की। जिरीबाम के एक निवासी ने कहा कि जिस सटीकता से हमले किए गए, उससे पता चलता है कि आतंकवादी अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे थे।

## इंटरनेट से जुड़ेंगी 16,718 ग्राम पंचायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- विशेष सहायता योजना के तहत शुरू हुई प्रक्रिया
- पांच एफटीटीएच व एक वाईफाई लगाएगा विभाग

**अमृत विचार :** राज्य पूंजी निवेश 2022-23 के लिए विशेष सहायता योजना अंतर्गत प्रदेश की 16,718 ग्राम पंचायत जल्द इंटरनेट से जुड़ेंगी। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग ने बीएसएनएल से 30 मई 2024 को हुए अनुबंध के तहत प्रक्रिया शुरू कर दी है। विशेष सहायता योजना में एक ग्राम पंचायत में पांच फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन दिए जाएंगे। जो पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय आदि में होंगे। इसका संबंधित विभाग शुल्क लेगा। जबकि हर ग्राम पंचायत में एक वाईफाई दिया जाएगा, जो ग्रामीण निशुल्क इस्तेमाल करेंगे। पंचायती राज विभाग के साथ गांव भी चयनित हो गए हैं। जो दूर-दराज व सीमा किनारे होने के कारण इंटरनेट सेवा से दूर हैं। प्रबंध निदेशक आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग नेहा जैन ने बताया कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन कामकाज होंगे और ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

### पहले चरण में 6,689 ग्राम पंचायत

सरकार ने यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड को नोडल नामित किया है। जिसके माध्यम से यह कार्य दो चरण में होगा। पहले चरण में मार्च 2025 तक 6,689 ग्राम पंचायत (40 प्रतिशत) में ऑप्टिकल फाइबर केबल से इंटरनेट कनेक्शन दिया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में 10,029 ग्राम पंचायत पर काम होगा। इससे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट की जरूरत पूरी होगी और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही गांव-गांव एफटीटीएच पहुंचने पर निजी व सरकारी कनेक्शन भी दिए जाएंगे।

## बड़ी सफलता, तीन इनामी सहित 11 नक्सली गिरफ्तार

जगदलपुर, एजेंसी

- हथियारों और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बल के जवानों को रविवार को बड़ी सफलता मिली जब जवानों ने तीन इनामी सहित 11 कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया। साथ ही गिरफ्तार नक्सलियों के पास से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा भी बरामद किया। बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत छुटवाई के जंगल से दो इनामी माओवादी समेत सात नक्सलियों को पकड़ा है। पकड़े गए माओवादियों में मिलट्री प्लाटून नंबर 9 का सदस्य, जिस पर दो लाख का इनाम था और केएएमएस की अध्यक्ष पर एक लाख का इनाम था। सातों नक्सली लंबे समय से सक्रिय थे। सुकमा में गिरफ्तार किए गए चारों नक्सली जवानों को रेकी कर बड़े हमले के फिराक में थे। नक्सली हत्या, लूट सहित कई मामलों में वांछित थे। अभियान के दौरान ग्राम सिंगाराम पास सादे वेश-भूषा धारण किए कुछ संदिग्ध लोग पुलिस पार्टी को अपने ओर आते देखकर भागने लगे, जिनमें से घेराबंदी कर चार संदिग्ध लोगों को पकड़ा गया।

## साधुओं को पीटने में 3 आरोपी गिरफ्तार

**मेरठ।** कुछ साधुओं की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीन आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने रविवार को बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कुछ लोग साधुओं को पीटते नजर आ रहे हैं, वह वीडियो लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के प्रह्लाद नगर इलाके का बताया जा रहा है। पुलिस ने पुनीत, मिक्की और सुधांशु को गिरफ्तार किया है, तीनों लिसाड़ी गेट क्षेत्र के निवासी हैं। और नाम सामने आए तो उन पर भी कार्रवाई होगी। एसपी ने कहा कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें लगा था कि वह साधु नहीं बल्कि बच्चा चोर हैं। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## 46 साल बाद खोला गया पुरी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

भुवनेश्वर, एजेंसी

### आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत के लिए खोला गया

- उड़ीसा हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश समेत 11 लोगों की देखरेख में पूरी होगी प्रक्रिया

ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था। राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार पुनः खोला गया। ओडिशा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में रत्न भंडार को पुनः खोलना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा था।



जगन्नाथ मंदिर में रत्न भंडार खोले जाने पर जमा श्रद्धालु।

रत्न भंडार को दोपहर 1:28 बजे शुभ घड़ी में खोला गया। खोलते समय 11 लोग मौजूद थे, जिसमें उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, एएसआई के अधीक्षक डीबी गड़नायक और पुरी के नाममात्र राजा के एक प्रतिनिधि शामिल थे।

### संदूकों में भरकर रखे जाएंगे रत्न

पाधी ने बताया कि रत्न भंडार के बाहरी कक्ष की तीन चाबियां उपलब्ध थीं जिनमें से एक गजपति महाराज के पास, दूसरी एसजेटीए के पास और तीसरी एक सेवक के पास थी। उन्होंने बताया कि आंतरिक कक्ष की चाबी गायब है, हालांकि उसे नई चाबी से खोलने के बाद सील कर दिया जाएगा तथा जिलाधिकारी की निगरानी में नई चाबी को जिला कोषागार में रखा जाएगा। रत्न भंडार में रखे गए कीमती सामान को ले जाने के लिए लकड़ी के छह संदूक मंदिर में लाए गए हैं। सागवान की लकड़ी से बने ये संदूकें 4 .5 फुट लंबी, 2 .5 फुट ऊंची और 2 .5 फुट चौड़ी हैं, अंदरूनी हिस्से में पीतल लगा है।

### बहुमूल्य वस्तुओं की बनेगी डिजिटल सूची

मंदिर के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने बताया कि तीन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गई हैं जिसमें से एक रत्न भंडार को फिर से खोलने से संबंधित है, दूसरा अस्थायी रत्न भंडार के प्रबंधन के लिए है और तीसरा कीमती सामान की सूची से संबंधित है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सरकार ने रत्न भंडार में मौजूद बहुमूल्य वस्तुओं की डिजिटल सूची तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसमें उनके वजन और निर्माण आदि का विवरण दिया जाएगा।

# ओलंपिक का जश्न मनाने के लिए मैराथन

**ओलंपिक 12 दिन शेष**

PARIS 2024

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के ओलंपिक अभियान और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) से ईस्पोर्ट्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां पेरिस में भारत मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी। आईओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ईस्पोर्ट्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है। पेरिस में भारत कार्यक्रम पारंपरिक खेलों के बीच ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान करता है। इस दौड़ का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को तेजी से बढ़ते भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ जोड़ना है। इस अवसर पर गिरिराज ने कहा डिजिटल इंडिया के बढ़ते अवसर ईस्पोर्ट्स जैसे नए खेलों का लाभ उठाने की बहुत संभावनाएं प्रदान करते हैं।




हजारों युवाओं ने भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ लिया मैराथन जश्न में हिस्सा। ● एजेंसी

# सिनियाकोवा-टाउनसेंड ने जीता महिला युगल खिताब

लंदन, एजेंसी

कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता।

सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने शनिवार को खेले गए फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को 7-6 (5), 7-6 (1) से हराया। सिनियाकोवा का विंबलडन में यह तीसरा महिला युगल खिताब है। उन्होंने लंबे समय तक अपनी युगल जोड़ीदार रही बारबोरा क्रेजिकोवा के विंबलडन एकल खिताब जीतने के कुछ देर बाद अपने नाम पर एक और ट्रॉफी जोड़ी। चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने हमवतन क्रेजिकोवा के साथ मिलकर सात ग्रैंडस्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ के साथ जोड़ी बनाकर खिताब जीता था। टाउनसेंड के साथ यह उनका पहला खिताब है। टाउनसेंड का यह पहला ग्रैंडस्लैम खिताब है।



महिला युगल का खिताब जीतने के बाद जश्न मनाती कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड। ● एजेंसी

### पैटन-हेलियोवारा ने जीता पुरुष युगल का खिताब

लंदन। हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। पैटन और हेलियोवारा ने बेहद संघर्षपूर्ण फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन को 6-7 (7), 7-6 (8), 7-6 (11-9) से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। हेलियोवारा फिनलैंड के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने विंबलडन में पुरुष युगल का खिताब जीता। मैच जीतने के बाद वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। पैटन पेशेवर युग में ऑल इंग्लैंड क्लब में पुरुष युगल जीतने वाले तीसरे ब्रिटिश खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 2012 में जोनाथन मैरे और पिछले साल नील स्कूप्स्की ने यह खिताब जीता था।

## खेल डायरी

### अंशुमन की मदद के लिए बीसीसीआई ने बढ़ाए हाथ

**मुंबई।** कैंसर से लड़ रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमान गायकवाड़ की मदद के लिये भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाथ बढ़ाए हैं। बीसीसीआई पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज के इलाज के लिए एक करोड़ रुपये की तत्काल वित्तीय सहायता देगा। यह निर्णय 71 वर्षीय दिग्गज के समर्थन में क्रिकेट जगत और प्रशंसकों की व्यापक अपील के बाद आया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान समर्थन और सांत्वना देने के लिए गायकवाड़ के परिवार से व्यक्तिगत रूप से बात की। शाह ने कहा बीसीसीआई शीर्ष परिषद ने वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है, और हमने गायकवाड़ के इलाज के लिए तत्काल प्रभाव से एक करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हमें विश्वास है कि वह इस बीमारी से उबरेंगे और मजबूत होकर उभरेंगे। प्रसिद्ध बल्लेबाज और कोच गायकवाड़ ने 1975 और 1987 के बीच 40 टेस्ट और 15 एकदिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### सनीथ, तस्नीम ने वीवी नाटू मेमोरियल में जीते खिताब

**पुणे।** कर्नाटक के सनीथ डीएस और गुजरात की तस्नीम मीर ने रविवार को यहां वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। तीसरे वरीय सनीथ ने पुरुष एकल फाइनल में अपने ही राज्य के क्वालीफायर तुषार सुवीर को 44 मिनट में 21-15, 21-12 से हराकर खिताब जीता। तस्नीम ने बेंगलुरू में पिछला रैंकिंग टूर्नामेंट जीतने वाली देविका को महिला एकल फाइनल में 21-16, 21-13 से हराया। असम के सूरज गोएला और ध्रुव रावत की जोड़ी ने पुरुष युगल खिताब जीता जबकि महिला युगल खिताब आरती सारा सुनील और वीएस वर्षिणी की जोड़ी के नाम रहा। शिखा गौतम और नितिन कुमार की दूसरी वरीय जोड़ी ने मिश्रित युगल खिताब जीता।

### अनहत और शौर्य स्क्वाश चैंपियनशिप के चौथे दौर में

**नई दिल्ली।** भारत की अनहत सिंह और शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के वर्ग के चौथे दौर में प्रवेश किया। मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनहत ने तीसरे दौर में अमेरिका की सामंथा जाफे को 11-7, 12-10, 11-6 से मात दी। अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना जापान की अकारी मिडोरिकावा से होगा। वहीं बावा ने तीसरे दौर में अमेरिका के रस्टिन विसर को 4-11, 11-7, 12-10, 11-6 से पराजित किया जिससे प्री क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स से होगी।

### पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का निधन

**लाहौर।** पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का शुक्रवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1964 और 1967 के बीच चार टेस्ट खेले और टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले पाकिस्तान के पहले बल्लेबाज थे। इबादुल्ला ने 1964 में कराची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और पहली पारी में 166 रन बनाए। वह अपने साथी डेब्यूटेंट और विकेटकीपर अब्दुल क़ादिर के साथ 249 रन की ओपनिंग साझेदारी का हिस्सा थे। यह साझेदारी एक कीर्तिमान थी, जो आज तक कोई भी नहीं तोड़ पाया है। यह टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए दो पदार्पण करने वालों बल्लेबाजों के बीच की सर्वोच्च साझेदारी थी।



## आखिरी टी-20 में भारत ने जिम्बाब्वे को 42 रन से हराया, 4-1 से कब्जाई ट्रॉफी, मुकेश ने चटकाए चार विकेट

# भारतीय युवा ब्रिगेड ने जीती शृंखला

हरारे, एजेंसी

संजू सैमसन (58) की मुश्किल समय में खेली गई अर्धशतकीय पारी और मुकेश कुमार (22 रन पर चार विकेट) की उम्दा गेंदबाजी की मदद से भारत ने पांचवें टी-20 मैच में रविवार को जिम्बाब्वे को 42 रन से धो दिया और इसके साथ ही भारत की युवा ब्रिगेड ने सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया।

हरारे स्पोर्टस क्लब मैदान पर भारत ने पहले खेलते हुए छह विकेट पर 167 रन बनाए जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की पूरी टीम 125 रन पर सिमट गई। भारत की युवा टीम ने विदेशी दौरे में शानदार प्रदर्शन किया। पहला टी-20 मैच हारने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पलटवार करते हुए सीरीज के बचे हुए सभी चार मैच एकतरफा अंदाज में जीते। आज के मैच में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम एक समय 40 रन पर तीन अहम विकेट गंवा कर मुश्किल में फंस गई थी। ऐसे में संजू ने एक छोर संभाल कर मेजबान गेंदबाजी आक्रमण का संयम से सामना किया और रियान पराग (22) के साथ भारत के स्कोर को तीन अंको तक पहुंचाया। ब्लेसिंग मुजाराबानी की गेंद पर आउट होने से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज ने कई दर्शनीय शाट्स खेले जिसमें उनके चार ऊंचे छक्के शामिल थे। रियान के आउट होने के बाद संजू का साथ देने आए शिवम दुबे (26) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और महज 12 गेंदो की पारी में दो चौके और दो छक्के जड़े, हालांकि वह पारी के आखिरी ओवर में रन चुराने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे लेकिन दूसरे छोर पर रिंकू सिंह (11 नाबाद) ने स्कोरबोर्ड को 167 रनो तक पहुंचाने में सफलता हासिल की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे का पहला विकेट पहले ही ओवर में मुकेश कुमार ने झटक कर अपने इरादे जता दिए थे। मुकेश ने स्पेल के अगले ओवर में ब्रायन बेनेट (10) को चलता कर मेजबान टीम को दूसरा झटका दिया। तड़िवनाशे मारुमानी (27) और डिओन मेयर्स (34) ने कुछ देर तक भारतीय आक्रमण के सामने टिकने की कोशिश की लेकिन वशिंगटन सुंदर ने मारुमानी को पगबाधा आउट कर पनप रही साझीदारी का अंत किया। कप्तान सिकंदर रजा (8) को शिवम ने सीधे थ्रो से रन आउट किया। मेयर्स की पारी का अंत शिवम दुबे ने ही किया। पुछल्ले बल्लेबाज में सिर्फ फराज अकरम (27) ही कुछ देर चले। उन्होने दो चौके और दो छक्के लगा कर दर्शकों का मनोरंजन किया मगर यह भारत को जीत से दूर करने के लिये अपर्याप्त पारी थी। भारत के लिए मुकेश कुमार के अलावा शिवम दुबे ने दो विकेट निकाले जबकि तुषार देशपांडे, अभिषेक शर्मा और वशिंगटन सुंदर को एक एक विकेट मिला।




अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

**भारत** 167/6 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रजा | 12 | 5 | 0/2 |
| शुभमन गिल का रजा बो नगारवा | 13 | 14 | 2/0 |
| अभिषेक शर्मा का मेडेंडे बो मुजरबानी | 14 | 11 | 1/1 |
| संजू सैमसन का मरूमानी बो मुजरबानी | 58 | 45 | 1/4 |
| रियान पराग का नगारवा बो मावुता | 22 | 24 | 0/1 |
| शिवम दुबे रन आउट | 26 | 12 | 2/2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 | 9 | 0/1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 10, **गेंदबाजी :** रजा 4-0-37-1, नगारवा 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजरबानी 4-0-19-2, मावुता 4-0-39-1

**जिम्बाब्वे** 125/10 (18.3 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेरे बो मुकेश | 0 | 3 | 0/0 |
| ताडिवनाशे मरूमानी पगबाधा बो सुंदर | 27 | 24 | 5/0 |
| ब्रायन बेनेट का दुबे बो मुकेश | 10 | 8 | 2/0 |
| डियोन मायर्स का अभिषेक बो दुबे | 34 | 32 | 4/1 |
| सिकंदर रजा रन आउट | 8 | 12 | 0/0 |
| जॉनाथन कैंपबेल का देशपांडे बो दुबे | 4 | 7 | 0/0 |
| क्लाइव मेडेंडे का सैमसन बो अभिषेक | 1 | 4 | 0/0 |
| फराज अकरम का सैमसन बो मुकेश | 27 | 13 | 2/2 |
| ब्रेंडन मावुता का एवं बो देशपांडे | 4 | 7 | 0/0 |
| ब्लेसिंग मुजरबानी नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |
| रिचर्ड नगारवा बो मुकेश | 0 | 1 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 9, **गेंदबाजी :** मुकेश 3 .3-0-22-4, देशपांडे 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, सुंदर 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 4-0-25-2

# शुभंकर 61वें और थेगाला चौथे स्थान पर

नॉर्थ बेरविक, एजेंसी

भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में इवन पार 70 का स्कोर बनाया जिससे वह जेनेसिस स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 61वें स्थान पर पहुंच गए। शुभंकर ने छह बर्डी लगाई लेकिन इसके साथ वह इतनी ही बोगी कर बैठे।

तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन अंडर है। स्वीडन के लुडविग एबर्ग ने 17 अंडर के कुल स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। स्थानीय खिलाड़ी रॉबर्ट मैकइंटायर 15 अंडर के साथ दूसरे जबकि पीजीए टूर विजेता एडम स्कॉट 14 अंडर का कुल स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी साहित थेगाला (65-66-66) अमेरिका के कोलिन मोरिकावा (66), दक्षिण कोरिया के सुंगजे इम (67) और फ्रांस के एंटोनी रोजनर (68) के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन सभी का कुल स्कोर 13 अंडर है।



### अदिति एवियन चैंपियनशिप में 22वें स्थान पर पहुंचीं

**एवियन लेस बैंस (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे दौर के आखिरी चार होल में तीन बर्डी लगाकर चार अंडर 67 का कार्ड बनाया जिससे वह 22 पायदान की छलांग लगाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गईं। अब तक 30 से अधिक मेजर खेल चुकी अदिति का कुल स्कोर तीन दौर के बाद पांच अंडर पर है। इस प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि 80 लाख अमेरिकी डॉलर है, जिसमें से विजेता को 12 लाख डॉलर मिलेंगे। तीसरे दौर के बाद ऑस्ट्रेलिया की स्टेफनी काइरियाकौ जापान की अयाका फुरु और अमेरिका की लॉरेन कफ़लिन से एक स्ट्रोक आगे चल रही हैं।

# पेरिस ओलंपिक में पदक का रंग बदलना चाहता हूं : निशांत देव

नई दिल्ली, एजेंसी

आत्मविश्वास से लबरेज मुक्केबाज निशांत देव की निगाहें इस महीने पेरिस ओलंपिक में भारत के मुक्केबाजी पदकों के रंग को कांसे से बदलकर स्वर्ण में करने पर लगी हैं। भारत के लिये तीन मुक्केबाज विजेंदर सिंह (2008), एमसी मैरीकॉम (2012) और लवलीना बोरगोहेन (2021) ने ओलंपिक पदक जीते हैं जिसमें सभी का रंग कांस्य पदक रहा है।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा कराई बातचीत के दौरान देव ने कहा मेरा लक्ष्य मुक्केबाजी में मिले पदकों का रंग बदलना है। हमारे देश के मुक्केबाजों ने अब तक कांस्य पदक जीते हैं, पर स्वर्ण और रजत पदक नहीं जीत सके हैं। देव ने कहा मैं कांस्य को रजत नहीं बल्कि स्वर्ण में बदलना चाहता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि मैं यह उपलब्धि हासिल कर सकता हूं।



● **जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा कराई बातचीत के दौरान देव ने कहा, मुझे भरोसा है मैं यह उपलब्धि हासिल करूंगा**

## बॉलीवुड हलचल

# रवि के साथ काम करेंगी उर्वशी

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, दक्षिण भारतीय अभिनेता रवि तेजा के साथ फिल्म प्रजाला मनीषी में काम करती नजर आ सकती हैं। प्रजाला मनीषी एक हाई-वोल्टेज मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी। प्रोडक्शन हाउस, पीपल मीडिया फैक्ट्री, इस प्रोजेक्ट का निर्माण करेगा। यह फिल्म एक दमदार मास एंटरटेनर होगी। इस फिल्म में रवि तेजा, उर्वशी रौतेला और डिंपल हयाती मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म प्रजाला मनीषी को बहुत बड़े बजट में बनाया जाएगा। रवि तेजा, हरीश शंकर की मिस्टर बच्चन और भानु भोगवरपु द्वारा निर्देशित अपनी अनाम 75वीं फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। वे इस साल इन दोनों फिल्मों की शूटिंग पूरी कर लेंगे। इसके बाद अगले साल फिल्म प्रजाला मनीषी की शूटिंग शुरू होगी।



### श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाएंगे सिद्धार्थ आनंद

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक सिद्धार्थ आनंद, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाने जा रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। यह फिल्म गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के जीवन की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कोलंबिया के 52 साल पुराने गृहयुद्ध को बिना एक भी गोली चलाए सुलझा दिया था। नीतू महावीर जैन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। यह एक वीडियो पोस्ट है जिसमें श्री श्री रविशंकर को अलग-अलग इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर सम्मानित किया जा रहा है। नीतू महावीर जैन ने वीडियो पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी है कि सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने के लिये साथ आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में बताया है कि इस कहानी को बताना जरूरी है क्योंकि 52 साल पहले गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की वजह से ही बिना एक भी गोली चलाए कोलंबिया का गृहयुद्ध सुलझा था। इस फिल्म की कहानी लैटिन अमेरिका की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए बनाया गया है। इसमें दुनिया भर से कई मशहूर कलाकार और क्रू मेंबर्स शामिल हैं।

# कनाडा को हराकर तीसरे स्थान पर रहा उरुग्वे

चार्लोट (अमेरिका), एजेंसी

स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से बराबरी करने वाले उरुग्वे ने कनाडा को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।

उरुग्वे निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले तक एक गोल से पीछे था लेकिन सुआरेज के गोल की मदद से वह 2-2 से बराबरी करने में सफल रहा। पेनल्टी शूट आउट में उरुग्वे की तरफ से फेडेरिको वाल्वरडे, रोड्रिगो बेंटानकुर, जियोर्जियन डी अर्रास्काएटा और सुआरेज ने जबकि कनाडा की तरफ से जोनाथन डेविड, मोइज बॉम्बिटो और मैथ्यू चोइनियर ने गोल किए। इससे पहले बेंटानकुर ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिला दी थी लेकिन कनाडा ने 22वें मिनट में इस्माइल कोने और 80वें मिनट में डेविड के गोल से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।



कोपा कप के अपने आखिरी मुकाबले में कनाडा के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद उरुग्वे के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### अर्जेंटीना को हराने के लिए कोलंबिया को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : लोरेंजो

**न्यू जर्सी।** कैफेटेरोस के मैनेजर नेस्टर लोरेंजो ने शनिवार को कहा कि कोपा अमेरिका फाइनल में अर्जेंटीना को हराने के लिए कोलंबिया को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मौजूदा कोपा अमेरिका और विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना, फीफा की नवीनतम विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर है। इस बीच, कोलंबिया जो अपने दूसरे और 2001 के बाद से पहले कोपा अमेरिका खिताब की तलाश में है। 2022 की शुरुआत में 28 गेम अजेय रहने के बावजूद, रैंकिंग में 12वें स्थान पर है। लोरेंजो ने कहा हमें हर चीज के चैंपियन को हराने के लिए कोलंबिया का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने की जरूरत है। लोरेंजो ने 2022 कॉनमबोल-यूईएफए कप ऑफ चैंपियंस में इटली पर अर्जेंटीना की जीत का भी संकेत दिया। उन्होने कहा "अगर हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो हम यहां नहीं होते। लेकिन अर्जेंटीना को हराने के लिए आपके पास प्रत्येक खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ संस्करण होना चाहिए और उसे गुणा करना होगा। केवल 10 खिलाड़ियों के साथ 45 मिनट से अधिक समय तक खेलने के बावजूद, कोलंबिया अपने आखिरी मैच में उरुग्वे को 1-0 से हराकर फाइनल में पहुंचा। दूसरे सेमीफाइनल में अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर आगे बढ़ाया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 36.2° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 25 | सूर्यास्त 07 : 04 |

# जिले के 7 जर्जर नहर पुलों में तीन पर आवागमन प्रतिबंधित

## जर्जर चार पुलों से हल्के व दुपहिया वाहनों का आवागमन जारी रहने का आदेश

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में जर्जर पुलों से आवागमन किसी खतरे से कम नहीं है। जिले में नहर पर बने सात पुल जर्जर घोषित हैं। इनमे से तीन पुलों से आवागमन बंद करने की तैयारी है। जबकि चार पुलों से हल्के वाहनों का आवागमन जारी रहेगा।

बता दें कि जनपद के दो नगर निकाय व करीब 80 से अधिक गांवों की करीब पौने तीन लाख आबादी रूट डायवर्जन के चलते आवागमन से प्रभावित है। अभी तक केवल रूरा क्षेत्र के सिठमरा में नया पुल बनकर तैयार हो सका है। जबकि पिछले दिनों शासन से जिले के जर्जर पुलों का ब्योरा मांगा गया था। जिसके बाद जनपद में नहरों पर बने सात पुल जर्जर हालत में पाए गए थे। बारिश के मौसम में इन पुलों से आवागमन में खतरे की आशंका जताई गई है। जिसके चलते तीन पुलों से आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है।

जबकि चार पुलों से हल्के व दुपहिया वाहनों को आवागमन पर छूट दी गई है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार यह जर्जर नहर पुल करीब डेढ़ सौ साल पुराने हैं। इनकी उम्र समाप्त हो चुकी है।



सिठमरा के नए पुल से आवागमन करते वाहन सवार। अमृत विचार

> सात जर्जर पुलों से विभाग की सड़क निकली है। इन पुलों के रखरखाव की जिम्मेदारी विभाग को मिली है। नए पुल निर्माण के लिए शासन से मंजूरी लेनी है। प्रस्ताव मंजूरी के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> **सुरेंद्र कौशल, नोडल एक्सईएन सिंचाई विभाग**

### जिले में जर्जर पुल

- डिलवल खानपुर झींझक रेलवे स्टेशन मार्ग पर किमी चार पर बना नहर पुल
- रूरा-बनीपारा मिंडाकुआं मार्ग पर किमी दो पर गुटैहा में खारजा नहर पुल
- झींझक नगर पालिका में नगर के बीच बना पुल
- रसूलाबाद के कठारा में सियारी नाले पर बना पुल
- दुआरी मार्ग पर घाटमपुर रजबहा पर बना पुल
- मनेथू-खनपना मार्ग पर घाटमपुर रजबहा का पुल
- अहिरनपुरवा-श्यामपुरवा में नहर पर बना जर्जर पुल शामिल है।

### एक नजर

#### भोगनीपुर चौराहे पर अधेड़ का मिला शव

**पुखरायां।** भोगनीपुर चौराहे पर एक अधेड़ का शव पड़े होने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान आधार कार्ड से कर सूचना परिजनों को दी। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर चौराहे पर रविवार को एक अधेड़ का शव पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक अवनीश वर्मा ने मौके पर जांच की। जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान औरैया जनपद के बेला बस्ती निवासी रामप्रकाश (60) के रूप में की गई। जिसके बाद पुलिस ने जानकारी मृतक के परिजनों को दी। एसआई अवनीश वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



सांसद जितेंद्र दोहरे को लड्डू खिलाते कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार।

## उपचुनाव में जीत पर कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई

**कानपुर देहात।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सात राज्यों के 13 विधानसभा उपचुनाव में दस सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत पर उत्साहित कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष नरेश कटियार की अगुवाई में अकबरपुर अंडरपास के नीचे राहगीरों को मिष्ठान वितरण कर खुशी का इज़हार किया गया। इसके बाद ब्लाक कांग्रेस कार्यालय पर सपा सांसद जितेंद्र दोहरे ने लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। सपा जिलाध्यक्ष अरुण यादव, समीम कुरैशी, रोहित कटियार, सगीर अहमद, डीपी राठौर, महावीर यादव, उपेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र कटियार, रामसिंह राजपूत, रामजी लाल राजपूत, राजेंद्र सचान, तारिक निजामी आदि रहे।

# अस्पताल में ही संचारी रोग नियंत्रण के दावे फेल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- रैन बसेरे के सामने नालियां चोक, मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोग परेशान

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण माह में ही अफसरों के दावे हवाहवाई साबित हो रहे हैं। हालत यह है कि लोगों को साफ-सफाई की नसीहत देने वाले जिला अस्पताल के रैन बसेरे के सामने ही नालियां गंदगी से चोक हैं। इससे गंदा पानी भरा हुआ है और मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है।

संक्रामक रोगों से बचाव के लिए एक जुलाई को जिलाधिकारी आलोक सिंह ने अकबरपुर सीएचसी से संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की शुरूआत की थी। इसके तहत लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई समेत अन्य जानकारी देने की कार्ययोजना बनाई गई है। वहीं बीमारियों से पीड़ितों के अस्पताल जाने पर चिकित्सक भी उन्हें जागरूक करते हैं, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते मेडिकल कालेज के अधीन जिला अस्पताल अकबरपुर में ही गंदगी व जलभराव की समस्या बनी हुई है। परिसर में नगर पंचायत के संचालित रैन बसेरे में ठीक सामने बनी नाली गंदगी से चोक होकर रह गई है। जिससे गंदा पाली काला पड़ गया है और उसमे मच्छरों की भरमार है। लोगों का कहना है कि मेडिकल कालेज भवन निर्माण के लिए मजदूरों को परिसर में ही ठहराया गया है, जो गंदगी को नालियों में फेंक देते हैं। जबकि सीएमएस डॉ. खालिद रिजवान कई बार निरीक्षण कर चुके हैं। इसके बावजूद समस्या नहीं खत्म हुई।



जिला अस्पताल के रैन बसेरे में सामने चोक नाली व गंदगी से काला हुआ पानी।

# शिक्षकों की उपस्थिति में सुधार नहीं

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- अफसरों की कोशिशों के बावजूद ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगा रहे शिक्षक

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अफसरों की लाख कोशिशों के बावजूद शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को प्रेरणा एप पर ऑनलाइन उपस्थिति देना अनिवार्य किया गया है। इसका शिक्षक विरोध कर रहे हैं। शासन के आदेश के अंतर्गत ऑनलाइन उपस्थिति लगाने के लिए शिक्षकों को मनाने के लिए अधिकारी स्कूल-स्कूल घूम रहे हैं। वे शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दिए जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके बावजूद उपस्थिति में सुधार होता नहीं दिख रहा है। शनिवार को 0.44 प्रतिशत शिक्षकों ने ही ऑनलाइन उपस्थिति दी है। यह एआरपी और एसआरजी की संख्या के बराबर है। अधिकारियों के लाख प्रयास के बावजूद ऑनलाइन उपस्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। जबकि सभी शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति लगाएं। इसके लिए उनको प्रेरित करने की जिम्मेदारी शासन ने विभागीय अधिकारियों को दी है। इसके बाद भी ऑनलाइन उपस्थिति में सुधार होता नहीं दिख रहा है। डिजिटिलाइजेशन के विरुद्ध लड़ाई जो 8 जुलाई को शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक संयुक्त मोर्चा ने शुरू की थी। उसका खुला समर्थन मिलने से सरकार पर दबाव बनना शुरू हो गया है।

15 जुलाई को शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। जब तक शिक्षकों की मांग पूर्ण कर संशोधित शासनादेश जारी नहीं किया जाएगा। तब तक शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश को स्वीकार नहीं करेंगे।

### कर्मचारी संयुक्त मोर्चा आज करेगा धरना प्रदर्शन

**कानपुर देहात।** शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का गठन सभी शिक्षक संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति किया गया। इस संयुक्त मोर्चा में जूनियर शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, अटेवा पेंशन बचाओ मंच, विशिष्ट बीटीसी संघ, महिला शिक्षक संघ, शिक्षामित्र संघ, अनुदेशक संघ, यूटा संघ, टीएससीटी संघ एवं अन्य शैक्षणिक संघों के सभी पदधिकारी एवं सदस्य शामिल हैं। संयुक्त मोर्चा का संयोजक सर्वसम्मति से अशोक सिंह राजावत को चुना गया। उनका कहना है कि वर्तमान में डिजिटल पंजिका और ऑनलाइन उपस्थिति का अव्यवहारिक आदेश जारी किया गया है। ऐसे में संयुक्त मोर्चा की मांग है कि उनकी मांगों को जल्द पूरा कर डिजिटलाइजेशन लागू किया जाए। विरोध स्वरूप सोमवार को संयुक्त मोर्चा जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देगा।

# 30 दिन गैरहाजिर रहे तो स्कूल से बाहर होंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- वार्षिक परीक्षा में भी 35 प्रतिशत से कम अंक पर आउट ऑफ स्कूल माने जाएंगे बच्चे

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा के परिषदीय स्कूलो में लगातार 30 दिन तक अनुपस्थित रहने वाले और किसी भी परीक्षा में 35 प्रतिशत से कम अंक लाने वाले छात्रों को अब आउट ऑफ स्कूल की श्रेंणी में रखा जाएगा। यह निर्देश शासन से जारी किए गए हैं।

प्रदेश शासन ने आउट ऑफ स्कूल की परिभाषा बदलते हुए स्कूलों में बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिखा के प्रमुख सचिव डॉ. एमकेएस सुंदरम के निर्देशानुसार यदि 6 से 14 साल का कोई बच्चा नामांकित नहीं है, तो वह बिना विद्यालय का माना जाएगा।

यदि वह नामांकन के एक साल में लगातार 30 दिन तक अनुपस्थित रहता है तो उसे आउट ऑफ स्कूल माना जाएगा। इसके अलावा अगर वार्षिक मूल्यांकन में उसे 35 प्रतिशत से कम नंबर मिलते हैं तो भी ऐसे बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार लाने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जाएंगी।

वहीं हर तिमाही में होने वाली पीटीएम बैठक में ऐसे बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग कराकर पठन-पाठन में सुधार लाया जाएगा। प्रमुख सचिव के भेजे गए पत्र में कहा गया है कि यदि बच्चा लगातार तीन दिनों तक बिना कारण अनुपस्थित रहता है तो शिक्षक उनके अभिभावकों से संपर्क कर कारण जानने की कोशिश करेंगे। इस बावत बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कहा कि शासन से दिए गए निर्देशों का हरहाल में पालन कराया जाएगा।

# इंटरमीडिएट के मेधावियों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इंस्पायर अवार्ड योजना से देंगे छात्रवृत्ति

**अमृत विचार।** इंटर में उत्तीर्ण विज्ञान के मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्रवृत्ति विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत मिलेगी।

केंद्र सरकार द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अनुसंधान और नवाचार में रुचि रखने वाले छात्रों को इंस्पायर स्कालरशिप योजना के तहत यह छात्रवृत्ति दी जाती है। योजना में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (यूपी बोर्ड), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) से 12वीं पास छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते है। विज्ञान वर्ग से इंटरमीडिएट पास करने वाले मेधावी ही इस योजना के लिए पात्र हैं। चयनित छात्रों को अगले पांच वर्ष तक हर साल 80 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। इंजीनियरिंग, मेडिकल के साथ स्नातक, परास्नातक की पढ़ाई के लिए यह मददगार होगी। छात्रवृत्ति में आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। इसके लिए छात्र वेबसाइट पर भी आवेदन कर सकते हैं। डीआईओएसकार्यालय से इस संबंध में सभी स्कूलों को छात्रों के आवेदन के संबंध में निर्देश दिए जा चुके हैं।




### आवेदन के लिए यह प्रपत्र होना बहुत जरूरी

- डीआईओएस बृजभूषण ने बताया कि आवेदक की आयु 17 से 22 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही पासपोर्ट साइज फोटो, केंद्रीय या राज्य बोर्ड से इंटरमीडिएट का प्रमाण पत्र, जन्मतिथि के प्रमाण पत्र के लिए हाईस्कूल का सर्टिफिकेट एवं मार्कशीट, एससीएसटी, ओबीसी आवेदकों के लिए जाति प्रमाण पत्र, एसबीआई बैंक का खाता व बारहवीं पास करने के एक वर्ष के अंदर बीएससी, एमएससी कोर्स, इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि में प्रवेश जरूरी है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी के चयन होने पर उसे पांच साल तक इंस्पायर स्कालरशिप का लाभ दिया जाता है। इस इंस्पायर स्कालरशिप के लिए प्रति वर्ष आवेदकों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

# पार्किंग न होने से नगर में लोग जाम से परेशान

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की सड़कों पर डग्गामार वाहनों के आड़ा-तिरछा खड़े होने से आए दिन जाम की समस्या रहती है। जबकि पार्किंग के लिए चिन्हित जगह पर अभी तक निर्माण पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मूसानगर कस्बा के मुख्य तिराहे पर डग्गामार वाहनों के आड़ा-तिरछा खड़े करने से यातायात बाधित हो जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुगल रोड से गजनेर को जाने वाले तिराहे पर भीड़भाड़ अधिक रहती है। वहीं कस्बे का मुख्य तिराहा होने से घाटमपुर, भोगनीपुर, गजनेर के लिए जाने वाले मार्गों में डग्गामार वाहन, ई-रिक्शा, आटो आदि सड़क पर खड़े होकर सवारियां भरते व उतारते है। इससे जाम लग जाता है। इन डग्गामार वाहनों पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है। जबकि नगर पंचायत द्वारा वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग स्थल बनाए जाने को लेकर जगह भी चिन्हित की गई थी, लेकिन अभी तक निर्माण नहीं हो सका। जिससे समस्या बनी हुई है। इस बावत अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर संजय कुमार पटेल ने बताया कि पार्किंग स्थल के लिए जगह चिंहित कर प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है।



जाम में फंसे वाहन।

# पुल के नीचे मिला महिला का शव

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** जुरिया गांव के पास नहर में एक महिला का नग्नावस्था में सड़ा हुआ शव उतराता हुआ मिला। शव झींझक की तरफ से नहर से बहता हुआ आया था। प्रथम दुष्टया अनुमान लगाया जा रहा कि महिला के साथ दुष्कर्म के बाद शव को फेंका गया। मृतका का दाहिना पैर भी टूटा हुआ था। पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के जुरिया गांव स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पीजी महाविद्यालय के सामने नहर पुल के नीचे नग्नावस्था में करीब तीस वर्षीय अज्ञात महिला का शव उतराता पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी डायल 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। जिसपर डेरापुर सीओ शिव ठाकुर, प्रभारी निरीक्षक मंगलपुर संजय कुमार गुप्ता व चौकी इंचार्ज झींझक अनुज अवस्थी मौके पर पहुंचे। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। नहर में महिला का नग्नावस्था में शव मिलने पर लोग दुष्कर्म के बाद हत्या कर फेंके जाने की आशंका जाहिर करते रहे। महिला का दाहिना पैर भी टूटा हुआ था और शव काफी सड़ चुका था। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शव को नहर से बाहर निकलवा कर पहचान के प्रयास किए गए हैं, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। शव करीब आठ दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। फिलहाल शव को मोर्च्युरी में रखवाकर शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।



महिला का नग्न शव मिलने पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

## संदिग्ध हालात में युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**पुखरायां।** परेहरापुर गांव में एक युवक ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के परेहरापुर गांव निवासी संतोष ने बताया कि वह रविवार को परिजनों के साथ खेत पर गया हुआ था। घर में पुत्र अनूप (24) अकेला था। जब वह घर वापस आया तो उसने देखा कि अनूप आंगन के जाल में रस्सी के फंदे से फंदे पर लटका हुआ है और उसकी मौत हो चुकी है। उसके घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुखरायां चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह ने जांच-पड़ताल की। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अन्ना मवेशी को बचाने में पलट गई पिकअप

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अकारु गांव में पानी की सप्लाई का काम करने वाले अनिल कुमार व अंकुश अपने गांव से रविवार की दोपहर पिकअप से पानी के डिलिवरी करने जा रहे थे। तभी रूरा-डेरापुर मार्ग पर किशुनपुर कोल्ड स्टोरेज के पास अचानक सड़क पर अन्ना मवेशी आ गया। जिसको बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरी। जिससे दोनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से उन्हें उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां डॉ अर्चना दोहरे ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



खड्ड में पलटी पिकअप। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर गोगूमऊ, विकास खण्ड सरवनखेडा कानपुर देहात**

पत्राक: मेमो / ग्रा0प0/निर्माण/निविदा/पत्रा0 2024–25 दिनांक:– 14.07.2024

ग्राम पंचायत के पन्द्रहवा वित्त आयोग / पंचम वित्त आयोग/मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान /स्वच्छ भारत मिशन/अमृत सरोवर का निर्माण एंव अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना / पूरक कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2023–24 में दर्ज एवं अन्य आवश्यक कार्य कराये जाने वाले विभिन्न प्रकार के सिविल / इलेक्ट्रिक कार्यो तथा नाली. खडन्जा, शौचालय, इन्टरलाकिंग, पंचायत भवन, अन्तेयष्टि स्थल, जनसेवा केन्द्र / सोलर विद्युत एव अन्य सभी प्रकार के कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति / कार्य का निर्माण फर्मो (जो समस्त प्रकार की औपचारित्ताओं से पूर्ण हो) द्वारा निर्माण स्थल पर आपूर्ति / कार्य के निर्माण हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 13.07.2024 से दिनांक 18.07.2024 तक एवं दिनांक 19.07.2024 अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित है सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगी निविदा ग्राम पंचायत में वर्ष 2024–25 में कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रभावी होगी निविदा दाता वार्षिक कार्ययोजना / पूरक कार्ययोजना में कराये जाने वाले कार्यो के कार्य स्थल को किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत में आकर अवलोकित कर सकते हैं। सामग्री समय से आपूर्ति / कार्य का निर्माण पूर्ण न करने पर समिति द्वारा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

सोहन कुमार
प्रधान
ग्राम पं0 रसूलपुर गोगूमऊ
वि0ख0–सरवनखेडा, जनपद–कानपुर देहात

अर्जुन सिंह
सचिव
ग्राम पं0 रसूलपुर गोगूमऊ
वि0ख0–सरवनखेडा, जनपद–कानपुर देहात

**कार्यालय ग्राम पंचायत लोदीपुर, विकास खण्ड सरवनखेडा कानपुर देहात**

पत्राक: मेमो / ग्रा0प0/निर्माण/निविदा/पत्रा0 2024–25 दिनांक:– 14.07.2024

ग्राम पंचायत के पन्द्रहवा वित्त आयोग / पंचम वित्त आयोग/मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान /स्वच्छ भारत मिशन/अमृत सरोवर का निर्माण एंव अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना / पूरक कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2023–24 में दर्ज एवं अन्य आवश्यक कार्य कराये जाने वाले विभिन्न प्रकार के सिविल / इलेक्ट्रिक कार्यो तथा नाली. खडन्जा, शौचालय, इन्टरलाकिंग, पंचायत भवन, अन्तेयष्टि स्थल, जनसेवा केन्द्र / सोलर विद्युत एव अन्य सभी प्रकार के कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति / कार्य का निर्माण फर्मो (जो समस्त प्रकार की औपचारित्ताओं से पूर्ण हो) द्वारा निर्माण स्थल पर आपूर्ति / कार्य के निर्माण हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 13.07.2024 से दिनांक 18.07. 2024 तक एवं दिनांक 19.07.2024 अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित है सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगी निविदा ग्राम पंचायत में वर्ष 2024–25 में कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रभावी होगी निविदा दाता वार्षिक कार्ययोजना / पूरक कार्ययोजना में कराये जाने वाले कार्यो के कार्य स्थल को किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत में आकर अवलोकित कर सकते हैं। सामग्री समय से आपूर्ति / कार्य का निर्माण पूर्ण न करने पर समिति द्वारा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

भागवती
प्रधान
ग्राम पं0 लोदीपुर
वि0ख0–सरवनखेडा, जनपद–कानपुर देहात

अर्जुन सिंह
सचिव
ग्राम पं0 लोदीपुर
वि0ख0–सरवनखेडा, जनपद–कानपुर देहात

**शासनादेश** प्रमुख सचिव के निर्देश पर सीएमओ ने चिकित्साधिकारियों को दिए निर्देश

# 2 घंटे से अधिक ईयर फोन का न करें प्रयोग

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** ईयर फोन के प्रयोग से लोगों के कानों में चोट पहुंच रही है। बड़ी संख्या में लोग कान की बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। प्रमुख सचिव के निर्देश पर ईयर फोन की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को जागरूकता की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमे कहा गया है कि लोग दो घंटे से अधिक ईयर फोन का प्रयोग न करें।

बता दें कि घर हो या ऑफिस इन दिनों हर जगह लोग अपने कान में ईयर फोन लगाए दिखाई देते हैं। कभी कोई फिल्म देखते हुए, तो कभी सफर के दौरान गाने सुनते समय ईयरफोन का इस्तेमाल पहले से काफी ज्यादा बढ़ चुका है।, लेकिन लोगों को पता नहीं कि घंटों ईयर फोन लगाने से कानों को नुकसान हो सकता है। ज्यादा देर तक ईयर फोन लगाए रखने से सिर दर्द, कान में दर्द और कान सुन्न होने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ईयर फोन लगाने से होने वाली परेशानियों को सहने से बेहतर है कि हम इसके नुकसानों के बारे में जान लें।

प्रदेश के प्रमुख सचिव पार्थ सरथी सेन शर्मा के निर्देश पर सीएमओ ने सभी चिकित्साधीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को ईयर फोन का कम से कम प्रयोग करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। जिला अस्पताल के ईएनटी विभाग में प्रतिदिन 20 से 30 मरीज पहुंच रहे हैं। ईएनटी सर्जन डॉ. रामकुमार चौबे का कहना है कि इनमें मोबाइल की दिक्कत के 50 प्रतिशत मरीज होते हैं। ऐसे में सावधानी बरतना बहुत जरूरी है।

### ईयरफोन के इस्तेमाल से यह नुकसान



ज्यादा तेज आवाज वाले ईयर फोन मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकते हैं और कानों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इनके ज्यादा इस्तेमाल से सुनने की क्षमता भी कम हो सकती है। लंबे समय तक हेड फोन पहनने से कान के अंदर के ब्लड फ्लो में बदलाव हो सकता है। इससे कानों को नुकसान हो सकता है। खासकर ज्यादा तेज आवाज में हेडफोन इस्तेमाल करने से कानों में इंफेक्शन का खतरा बढ़ाते हैं। अगर हेडफोन की पैडिंग या डिजाइन सही नहीं है और कान में वह सही बैठ नहीं रहे हैं। तो लंबे समय तक इन्हें इस्तेमाल करने से कान में दर्द और सूजन हो सकती है। वहीं ज्यादा आवाज आने के कारण सुनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है और समय के साथ कानों की नसों को नुकसान हो सकता है। कान में घंटों ईयर फोन लगाने और तेज गाने सुनने से सिर में दर्द जैसी परेशानी हो सकती है।



प्रोजेक्ट नई किरण में सुनवाई करती महिला पुलिस कर्मी व सदस्य। अमृत विचार

# प्रोजेक्ट नई किरण में आठ मामलों में आपसी समझौता

**कानपुर देहात।** रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 40 मामले आए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद आठ परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। जिसके बाद पति-पत्नी खुशी-खुशी फिर एक साथ रहने को तैयार हो गए। जबकि शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गई है।

इस मौके पर महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह, महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित, कांस्टेबल प्रियंका, इन्दू, रामा देवी, शालू, रागिनी, नई किरण सदस्य डॉ. पूनम गुप्ता, कंचन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# आज बीएसए कार्यालय का घेराव करेंगे शिक्षक

कायार्लय संवाददाता, फतेहपुर

- ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में होगा धरना प्रदर्शन
- प्रयासों के बाद भी शिक्षक व्यवस्था के विरोध में अड़े

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों का ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जारी है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्राथमिक शिक्षक संघ समेत अन्य संगठनों का आज यानि 15 जुलाई को बीएसए कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे, उसके बाद पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपेंगे। इसके लिए रविवार को संघ के पदाधिकारी शिक्षकों को एकजुट करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से जोश भरते रहे।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। शिक्षकों के जायज 31 उपार्जित अवकाश, 12 द्वितीय शनिवार अवकाश, पुरानी पेंशन, कैशलेस चिकित्सा, पदोन्नति आदि मांग पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। परिषदीय शिक्षक ऐसे स्थानों पर कार्य कर रहे हैं जहां आवागमन के लिए सड़क नहीं है, कोई भी सार्वजनिक वाहन की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। निजी वाहन तथा पैदल यात्रा करके इन दुर्गम मार्गों में नदी, जलभराव, पगडंडी से होते हुए अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रतिदिन 50-60 किमी तक अपने निजी साधनों से यात्रा करके विद्यालय पहुंचते हैं। समय से विद्यालय पहुंचने की प्रतिबद्धता के कारण जल्दबाजी में प्रत्येक माह कोई न कोई शिक्षक दुर्घटना के कारण काल के गाल में समा जाते हैं। वर्तमान में प्रदेश भर में मानसून के चलते अधिकांश रास्ते जलभराव से बाधित हैं, कहीं-कहीं सड़के पानी में डूब गयी हैं, शिक्षक दुर्गम मार्गो पर भी बाधाओं को पार करते हुए विद्यालय पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई को ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना दिया जाएगा। उसके बाद पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। कहा कि आनलाइन हाजिरी से शिक्षकों को कोई समस्या नहीं हैं। शिक्षकों की मांगों पर शासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई बल्कि जबरदस्ती उनके ऊपर ऑनलाइन अटेंडेंस थोपी जा रहा है।

### कई शिक्षकों ने संकुल पद से दिया इस्तीफा

ऑनलाइन व्यवस्था के विरोध में शिक्षकों की नाराजगी जारी है। एक दिन पूर्व शनिवार को करीब 50 शिक्षकों ने संकुल पद से इस्तीफा दे दिया। शिक्षकों ने बीईओ को त्यागपत्र प्रेषित कर डिजटलीकरण के विरोध में नारेबाजी की। त्यागपत्र सौंपने के बाद शिक्षकों ने कहा कि सरकार हमारी मांगों को मान लें तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। सरकार पर आरोप लगाया कि निपुण भारत मिशन के तहत उन्हें न्याय पंचायत स्तर पर संकुल का पद दिया गया।

### काली पट्टी बांधकर कर रहे शिक्षण कार्य

सभी प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध कर रहे हैं। बताया कि यह विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक शिक्षकों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता है।

# आरोग्य मेले में वायरल बुखार के मरीज रहे सर्वाधिक

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लगा। मेले में सर्वाधिक मरीज वायरल बुखार और दस्त के रहे। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले आरोग्य मेले में करीब 32 सौ मरीजों का इलाज हुआ। इसमें से करीब दर्जन भर मरीजों को सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहीं तीन सैकड़ा बच्चों को टीका लगाया गया। इसके अलावा सभी सीएचसी पर आयुष्मान भव के तहत मरीजों का इलाज किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज में कुल 25 मरीज आए। जिसमें सबसे अधिक मरीज सर्दी बुखार के रहे। जिन्हें दवा देकर घर भेज दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहुआ में 18 मरीज आए जिसमें आठ महिलाएं थीं। सबसे अधिक वायरल फीवर के मरीज रहे। इसी तरह भिटौरा में 21 मरीज आए जिसमें वायरल संक्रमित मरीज अधिक रहे। तीन मरीजों की पैथोलॉजी में जांच भी कराई गई। जांच कराने वाले मरीजों को भी दवा देकर तीन दिन बाद बुलाया गया है। डॉक्टर का कहना है कि तीन दिन बाद जांच रिपोर्ट आने जाने पर इन मरीजों को रिपोर्ट के मुताबिक नए सिरे से दवा दी जाएगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवमई में कुल 32 मरीज आए।

> आरोग्य मेले में रविवार को कुल 3200 मरीज आए। जिसमें 82 मरीजों की पैथालाजी में जांच की गई। कुछ ही हालत गंभीर होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया।
> –डॉ. इस्तियाक अहमद, एसीएमओ

# जोताई करते ट्रैक्टर पलटा दबने से चालक की मौत

## शनिवार रात गाजीपुर थाना क्षेत्र के गम्भरी गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता गाजीपुर



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ट्रैक्टर से खेत की जोताई करते समय अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पास के तालाब में जाकर पलट गया। जिसके नीचे दबकर युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों के सूचना पर पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के गम्भरी गांव के तीजातला के पास गांव के रहने वाले भोला का पुत्र सुरेंद्र पासवान सुबह खेत की जोताई करने के लिए ट्रैक्टर लेकर गया था। खेत में जोताई के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पास के तालाब में जाकर पलट गया। जिसके नीचे दबकर युवक की मौत हो गई। खेत में काम कर रहे परिवार के अन्य लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को तालाब से निकालकर युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। युवक के मौत से परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के जीजा धनराज पासवान ने बताया कि वह तीन साल से ससुराल में रहकर साला सुरेंद्र के साथ खेती किसानी करता था। सुबह खेत की जोताई के दौरान के ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में जाकर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने के बाद वह बाहर निकल गया था, लेकिन फिर तालाब में दूसरी बार पलट जाने से साले की दबकर मौके पर मौत हो गई। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया खेत की जोताई करते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में पलटने से युवक की दबकर मौके पर मौत हुई है। मृतक के जीजा धनराज के सूचना पर मौके पर जाकर शव को कब्जे में लिया है।

- परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस



पटेल नगर चौराहे पर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते कांग्रेसी। अमृत विचार

# कांग्रेसियों ने मनाया उप चुनाव में जीत का जश्न

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नेता और कार्यकर्ताओं ने सात राज्यों में हुए उप चुनाव में मिली जीत के बाद जश्न मनाया। साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। राहगीरों का भी मुंह मीठा कराया। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सभी ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने की रणनीति तैयार की।

शहर के चौराहे पटेल नगर पर जिला अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान एवं शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा की अगुवाई में एकत्रित कांग्रेसियों ने चौराहे पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राहगीरों को मिष्ठान वितरण किया ।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि धर्म के नाम पर अधर्म की राजनीति करने वालों को अब जनता खुद आइना दिखा रही है और आने वाला समय में भाजपा मुक्त भारत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गंदी राजनीति का परिणाम अच्छा कैसे हो सकता है। इन्हें तो अब खुद राम ने नकार दिया है। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि आज देश का हर नागरिक भाजपा की ओछी मानसिकता से परिचित हो चुका है। इन्होंने छल प्रपंच से चुनाव जीत के देश को गर्त मे डालकर विदेश में भारत की छवि को धूमिल किया है। जो सर्वथा अक्षम्य है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष महेश द्विवेदी, प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे आदि मौजूद थे।

# समाजसेवी अनुराग श्रीवास्तव को सम्मानित करेंगी राज्यपाल

**फतेहपुर।** जनपद में बेहतरीन समाज सेवा की मिसाल पेश करने वाले डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के द्वारा आगामी 16 जुलाई को राजभवन में सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों को जमीनी स्तर पर बेहतर ढंग से करने के लिए प्रयास किए। उसकी बदौलत फतेहपुर शाखा को देश और प्रदेश स्तर पर ख्याति एवं सम्मान मिला है उसे लेकर उन्हें चयनित किया गया है। इसकी जानकारी इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की उत्तर प्रदेश शाखा महासचिव डॉ. हिमाबिंदु नायक ने दी है। समाजसेवा के क्षेत्र में डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव गरीब को भोजन की व्यवस्था कराने, गरीब बेटी के हाथ पीले करने में मदद करते रहें हैं। इसके अलावा सर्दी के दिनों में कंबल वितरण, कोविड काल के दौरान लोगों को होम्योपैथिक दवा, खाद्यान्न सामग्री मुहैया कराना, समय-समय पर स्वाइन फ्लू आदि बीमारी के विकारों को नष्ट करने के लिए गांव-गांव, गली-गली औषधि वितरण किया है।

# युवक को बचाने गई पुलिस से मारपीट, सिपाही घायल

संवाददाता रूरा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के चलाहा गांव में एक कॉलर की सूचना पर पहुंची डायल-112 गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने पीआरवी 2685 का घेराव करते हुए कहा कि सूचना फर्जी है। पुलिस के सामने ही कालर पर हमला कर दिया। बचाव करते हुए वो अपने चाचा राजू के घर में घुस गया। बवाल बढ़ता देख पीआरवी ने थाना रूरा में सूचना दी,सूचना पर पहुंचे सिपाही रवि शंकर व अजय यादव मोनू को थाने लाने के लिए घर से बाहर निकाला। इसी दौरान ग्रामीणों ने मोनू पर पुनः हमला बोल दिया। इस दौरान मोनू को बचाने में सिपाही रवि शंकर को चोटें आईं और मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद पीआरबी और पवन को मोबाइल के सिपाही सीएचसी रूरा लेकर आए। मोनू का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मोनू ने बताया की गांव के रविन्द्र उर्फ अरविंद,महेंद्र सिंह,रिंकू,जितेंद्र,आदि लोगो ने उसके पिता को मारपीट कर घायल कर दिया है और गांव के किनारे मरणासन्न हालत में छोड़ दिया है। वही घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय मौके पर पहुंची। उन्होंने जांच के बाद कहा कि दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ है। घायल की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# सर्पदंश से बच्चे की मौत, परिजन बेहाल

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मजरे गढ़ा गांव में जहरीले सांप के काटने से बच्चे की मौत हो गई।

किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर गांव निवासी राकेश निषाद का तीन वर्षीय पुत्र दीपांशु सुबह करीब सात बजे घर के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान उसे जहरीले सांप ने काट लिया। कीड़े के काटते ही वह रोते हुए घर पहुंचा। कुछ देर बाद बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। बच्चे की बिगड़ती हालत को देख परिजन पड़ोसी गांव बरियाछ में स्थित विधाता बाबा के मंदिर ले गए। जहां बच्चे को परिजन घंटों झाड़ फूंक कराते रहे। जब बच्चे की हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे निजी साधन से फतेहपुर के एक निजी अस्पताल ले गए।

# गाय बांधने के विवाद के 3 वांछित गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



पुलिस हिरासत में वांछित।

**अमृत विचार।** जहांगीरपुर गांव में कब्रिस्तान के पास गाय बांधने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर झगडा हो गया था। एक पक्ष ने दूसरे पर रायफल की बट से हमला कर दिया था। पुलिस ने नौ नामजद सहित 12 के खिलाफ केस दर्ज किया था। फरार चल रहे तीन वांछितों को गिरफ्तार किया है।

सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव के शोएब अहमद शुक्रवार को स्कूटी से किसी कार्य से शाहजहाँपुर जा रहे थे। गांव किनारे कब्रिस्तान के समीप ग्राम प्रधान किशन सिंह की रास्ते में गाय बंधी थी। उसने रास्ते में गाय बांधने का विरोध किया। तभी ग्राम प्रधान चरण सिंह, उसके चाचा पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह व सागर सिंह ने अपने तीन अज्ञात लोगों के साथ घर में घुसकर हमला कर दिया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने गालीगलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए रायफल की बट से घायल कर दिया था। पुलिस ने संज्ञान में लेकर दोनों पक्षों से 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। ग्राम प्रधान किशन सिंह ने बताया चाचा लाखन सिंह की गाय कब्रिस्तान के समीप चर रही थी। तभी गांव के शिराज, रियाज, फराज, शोएब, हैदर अली व सैफ ने एक राय होकर गाय पर डंडे व पत्थर से हमला कर दिया।

### रायफल बरामद नहीं कर सकी पुलिस

सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर में रास्ते में गाय बांधने को लेकर दो पक्षों में गालीगलौज व मारपीट में सपा के पूर्व ब्लाक प्रमुख लाखन सिंह यादव ने रायफल की बट से गांव के युवक हमला किया था। जिसमें युवक घायल हो गया था। घटना पर अधिकारी गांव पहुंचे थे। घटना के तीन बीत जाने के बाद भी पूर्व ब्लाक प्रमुख का पुलिस पता नहीं लगा पाई है। वहीं सपा नेता के हाथों में जो रायफल थी न तो पुलिस उसका पता लगा पाई है और न ही बरामद कर सकी है।

## सार-संक्षेप

### ट्रांसफार्मर जलने से छिवलहा में पांच दिन से बिजली गुल



पांच दिन से फुंका ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

**हथगाम।** कस्बा के रज्जीपुर मुहल्ले में रखा 63 केवीए ट्रांसफार्मर जलने से पांच दिन से लोगों के घरों में अंधेरा छाया हुआ है। बूंद-बूंद पानी के लिए लोग परेशान हैं।कस्बे के रज्जीपुर मुहल्ले में रखा 63 केवीए ट्रांसफार्मर पांच दिनों से जलने के बाद बदला नहीं गया है। जिससे लोगों के घरों पानी तथा उमसभरी गर्मी व लोगों के घरों में अंधेरा छाया हुआ हैं। चार दिनों से बाधित बिजली सप्लाई होने से लोग कस्बे से मोबाइल चार्ज कर शाम जलाकर लोगों के घरों खाना पक रहा है। तब लोगों को खाना नसीब हो रहा हैं। उच्च अधिकारियों से बात करने पर लोगों को आश्वासन हाथ लग रहा है। मोहल्ले के कल्लू, राजू, हरिशंकर छेदी, चन्द्रभूषण मौर्य, संतोष, छविनाथ, विनोद, जगजीश, बावन मौर्य, शिवलाल मौर्य, उमाशंकर, रामराज, धर्मेंद्र, विरेंद्र, बब्लू, राजेंद्र चौरसिया, भोला, लखन, राजकुमार, फुल्लन आदि लोगों ने बताया कि सबसे ज्यादा पानी उमसभरी गर्मी रात बिरात बरसात होने पर जहरीले कीड़े-मकोड़े आदि का खतरा बना हुआ है। मामले में एसडीओ खागा बीरबहादुर ने बताया कि 63 केवीए ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए प्रक्रिया पूरी कर दी गई हैं, सोमवार तक ट्रांसफार्मर नया आ जाएगा। जिससे लोगों को पर्याप्त बिजली सप्लाई मिल सकेगी।

### चोरी के माल सहित दो गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**फतेहपुर।** गत दिनों मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कारखाने में चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दो आरोपियों को चोरी हुए सामान सहित गिरफ्तार कर लिया है। जहानाबाद थाना व कस्बा के मोहल्ला काजी टोला समीप एक प्लाट में किराए की जमीन लेकर मिट्टी के बर्तन बनाने का कारखाना डालकर काम कर रहे थे। कारखाने में अज्ञात चोरों ने चारी की। मुखबिर की जानकारी पर दो संदिग्धों से पूछताछ की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने कारखाने से हुई चोरी के समान में कुल्हड़ बनाने की लोहे की मशीन के 5 पार्ट, एक सबमर्सिबल मोटर, एक मिट्टी के बर्तन बनाने की चाक, मिट्टी के बर्तन बनाने के दो पार्ट (लोहे की फाइल), मिट्टी गूथने की मशीन का एक पार्ट, 12 सौ रुपये नकद बरामद कर आरोपी मोहम्मद कादिर पुत्र तारिक तथा मोहम्मद हासिम पुत्र मोहम्मद नईम मोहल्ला काजीटोला थाना जहानाबाद फतेहपुर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने बताया कि चोरी की वारदात करने वाले दो शातिर चोरी के माल सहित गिरफ्तार हुए है।



बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते समाजसेवी। अमृत विचार

### युवा विकास समिति ने बांटी पाठ्य सामग्री

**फतेहपुर।** शिक्षा के बिना यह जीवन बिल्कुल ही अधूरा है। शिक्षा वह साधन है, जो व्यक्ति को सफल और महान दोनों बनाता है। यह बात युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने अलीपुर स्थित झोपड़ियों में गरीब परिवार के बच्चों के बीच पठन पाठन का सामग्री वितरण करते हुए कही। स दौरान उन्होंने कहा कि उनके समाजसेवी संगठन के तरफ से ग्रामीण इलाकों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए पहल शुरू किया गया है। जिसमें गरीब परिवार के छोटे छोटे बच्चों को मुफ्त में पठन पाठन सामग्री मुहैया कराने के साथ साथ इन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जा रहा है, ताकि हमारा समाज विकसित हो इसके साथ साथ गांव, शहर और देश विकसित हो। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चो समिति पदाधिकारियों ने अपने हाथों से कापी, बैग और पेंसिल इत्यादि चीजों को देकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर अवधेश शुक्ला, अंकित , ऋषिकेश, अमन, ओम मिश्रा लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद महासभा के सभी पदाधिकारी। अमृत विचार


### देश में लागू हो जनसंख्या नियंत्रण कानून

**फतेहपुर।** भारत में बढ़ती आबादी सबसे बड़ी चिंता का विषय है। पूरे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू होना चाहिए। इसके अलावा सरकारी कार्यालय में काम कर रहे प्राइवेट लोगों को तत्काल प्रभाव से बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए क्योंकि सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार इन्हीं प्राइवेट लोगों की वजह से है। अखिल भारत हिंदू महासभा के नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कारशी प्रांत का प्रभार संभाल रहे मनोज त्रिवेदी ने यह बयान दिया। मनोज त्रिवेदी ने बताया कि हिंदू महासभा पहले की तरह जनसंख्या नियंत्रण कानून, समान शिक्षा के अधिकार, समान नागरिक संहिता, धर्मातरण, घुसपैठ नियंत्रण आदि विषयों को लेकर हमेशा से आवाज उठाती रही है और अब इसे लागू कराने के लिए सड़क से संसद तक आंदोलन करने का भी काम करेगी। उन्होंने दावा किया कि अखिल भारत हिंदू महासभा हिंदुओं का एकमात्र राजनीतिक संगठन है, जो सबसे पुराना है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर निर्माण के लिए सन 1950 में पक्षकार बनकर राम मंदिर निर्माण का जो मार्ग प्रशस्त किया था उसी की बदौलत आज राम मंदिर निर्माण का संकल्प पूरा हो सका है। इसके अलावा उन्होंने सरकारी कार्यालयों में व्याप्त श्रृष्टाचार को लेकर कहा कि यह भ्रृष्टाचार सबसे ज्यादा सरकारी विभागों में काम कर रहे प्राइवेट लोगों के द्वारा व्यापक स्तर पर फैलाया जाता है। इसे रोकने के लिए सरकारी कार्यालयों में प्राइवेट काम कर रहे सभी लोगों को चिह्नित कर बाहर किया जाना चाहिए। बता दें कि अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने पिछले माह की तीन जून को पूरे प्रदेश की समस्त कार्यकारिणी को बंद कर दिया था।

**मौसम की मार** | विशेषज्ञ मरीजों को मास्क लगाने की दे रहे सलाह

# बारिश में दमा मरीजों के लिए आफत बने पराग कण

संवाददाता फतेहपुर



**अमृत विचार।** मानसून ने 47 डिग्री वाली गर्मी से राहत दी तो घास जैसे छोटे पौधों से निकले परागकण कीचड़ से फैलकर सूखने के बाद हवा में उड़ रहे हैं। इससे श्वास नली में एलर्जी व संक्रमण हो रहा है। इन दिनों हृदय रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में एक तिहाई मरीज सिर्फ श्वास नली व फेफड़े में इंफेक्शन के आ रहे हैं।

जिला अस्पताल की ओपीडी में हफ्तेभर पहले तक अधिकांश मरीज बुखार व पेट दर्द के आ रहे थे, लेकिन जब से बारिश शुरू हुई तब से सांस व फेफड़े में संक्रमण के मरीज बढ़ गए हैं। रविवार को इमरजेंसी में लगी ड्यूटी के दौरान डा. राजीव तिवारी ने बताया कि शनिवार दोपहर तक उनकी ओपीडी में 72 मरीज पहुंचे थे जिसमें 23 मरीज फेफड़े व सांस की समस्या से पीड़ित थे। डॉक्टर ने बताया कि सांस व फेफड़े के जो मरीज आए उसमें से एक तिहाई मरीज एलर्जी व संक्रमण से परेशान हैं। उनके मुताबिक गर्मी के महीने में घास सहित अन्य पौधों में फूल लगने के बाद जो पराग कण इधर-उधर बिखरते हैं वे बरसात के दौरान कीचड़ में मिल जाते हैं। यही कीचड़ जब सड़क व रास्तों पर सूखकर वाहनों के टायर व हवा के झोंकों से उड़ता है तो उसकी धूल श्वास नली व फेफड़े तक पहुंच रही है। बहुत छोटे पराग कण फेफड़े में चिपक जाते हैं। इससे वे मरीज जिन्हें पहले सांस या फेफड़े में समस्या है वे बहुत जल्द प्रभावित हो रहे हैं।

### दमा रोगी यह उपाय करें

- सांस भारी होने पर भाप लें
- अतिरिक्त सफाई रखें
- जानवरों से दूर रहें
- रूम में एक्जास्ट फैन का इस्तेमाल करें

### सूखे और साफ बिस्तर पर सोएं

जिस बिस्तर पर सोते हैं उससे नमी व गंदगी दूर करने के उपाय अवश्य करें। डॉक्टर के मुताबिक कपड़ों की इसी नमी व गंदगी के जरिए श्वांस नली से फेफड़े तक प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए बिस्तर को गर्म पानी से धुलकर इस्तेमाल करें।

### फंगस का हमला भी बढ़ा

बरसात में एक तरफ धूप कम होने से शरीर विटामिन डी कम बना पाता है तो दूसरी ओर नमी अधिक और लगातार बने रहने से फंगस पैदा हो रहे हैं। इससे श्वांस नली में सूजन आ जाती है और सांस लेने में तकलीफ होने लगती है।

> बरसात में श्वांस नली से फेफड़े तक एलर्जी के मरीज बढ़ गए हैं। इसमें एक तिहाई मरीज ऐसे हैं जो बरसात में सड़क सूखने के बाद उड़ रही संक्रमित धूल की चपेट में आने के बाद सांस में समस्या की बात बता रहे हैं। इसलिए दवा के साथ एहतियात बहुत जरूरी है।
> –डॉ. राजीव तिवारी, हृदय रोग विशेषज्ञ

# 400 बुखार-उल्टी व त्वचा मरीजों का किया उपचार

**कानपुर देहात।** जिले की पीएचसी में 157वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान बदलते मौसम में बुखार, उल्टी व त्वजा रोग के चार सौ से अधिक मरीज पहुंचे। उन्हें उपचार कर परामर्श दिया गया।

रविवार को जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। बारिश के मौसम में सबसे अधिक त्वचा रोग के पीड़ित मरीजों की संख्या रही। चिकित्सकों ने उन्हें परामर्श देकर दवाएं दी। इसी दौरान पीएचसी रसधान का निरीक्षण करने पहुंचे डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आए हुए मरीजों को जानकारी देते हुए कहा कि बारिश के मौसम में कई वायरस सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में सावधानी बरतने की जरूरत होती है।



अखाड़े में करतब दिखाते लोग। अमृत विचार

# मूसानगर में निकाला गया पलंग का जुलूस

संवाददाता मूसानगर

- लोगों ने जमकर खेला अखाड़ा, दिखाए करतब

**अमृत विचार।** कस्बे में रविवार को मोहर्रम की सातवीं तारीख को वार्ड नंबर आठ आंबेडकर नगर छिपैठी मोहल्ला सितारा मस्जिद से पलंग का जुलूस बड़ी शान शौकत से निकाला गया। जिसमे ताजियेदारों ने शिरकत की।

मोहर्रम कमेटी के खजांची इरशाद खान ने बताया कि पलंग के जुलूस में हिंदू और मुसलमान सभी लोग सामिल होते हैं और पलंग मे चादर चढ़ाते हैं। इसके साथ ही मन्नत मांगते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को पलंग के नीचे से निकाल कर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की जाती है। पलंग का जुलूस मोहल्ला छिपैठी से मेन बाज़ार होते हुए सीपीकेयू इंटर कॉलेज मैदान पहुंचा। जहां लोगों ने जमकर अखाड़ा खेला। लोगों ने अखाड़े में अपने-अपने करतब दिखाए। जुलूस में लोगों ने मरसिये पढ़े। जुलूस के करबला शरीफ पहुंचने के बाद फातिहा पढ़ी गई और दुआ होने के बाद जुलूस समाप्त हुआ। इस मौके पर नय्यूम अली, सूरज चौहान, मतीन अहमद, आसिफ कुरैशी, जावेद, अफ़ज़ाल अली, शब्बीर सिद्दीकी, नफीस सौदागर, अय्यूब खान, लाला राजू सौदागर, राशिद सौदागर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। ललौली थाना पुलिस ने कोण्डार गांव निवासी विश्राम सिंह पुत्र बृजलाल सिंह के खिलाफ मारपीट समेत कई अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### 67 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 67 वाहनों का चालान करते हुए दो वाहनों से 15 सौ रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं एक व्यक्ति पर बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

किशनपुर। थाना क्षेत्र स्थित ससुरखदेरी नदी गोदौरा मोड़ के पास दो बाइकें आपस में टकरा गई। हादसे में कमासिन थाना क्षेत्र के बनकट गांव निवासी पुष्पेन्द्र व किशनपुर थाना क्षेत्र के खेमकरणपुर गांव निवासी अनिल शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदों में भर्ती कराया गया है।

### सड़क हादसों में दो लोग हुए घायल

बिन्दकी। कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर गांव के पास कार की टक्कर से बाइक सवार रंजीत पुत्र शिव प्रताप निवासी भदबा थाना मलवां गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी बिन्दकी पहुंचाया गया, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर, कल्याणपुर थाने के यादगारपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक से गिरकर अनिल उर्फ तल्ला पुत्र स्व छोटा निवासी यादगारपुर घायल हो गया। उसे भी सीएचसी से सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### करंट की चपेट में आकर महिला झुलसी

बिन्दकी। कोतवाली क्षेत्र के गुलाब पुरा गांव में रविवार को रागिनी देवी पत्नी विपिन कुमार अपने घर के अंदर पंखा चलाने के लिए प्लग लगा रही थी, तभी अचानक करंट के चपेट में आ गई। महिला ने शोर मचाया तो घर के लोगों ने करंट से दूर किया। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया, जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

# सब्जियों के साथ दाल की महंगाई ने बिगाड़ा स्वाद

- महंगाई की मार से रसोईघर का बिगड़ता जा रहा बजट
- सप्ताह भर के अंदर दामों में हो गया और इजाफा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



अमृत विचार। संइया तो बहुतए कमात हैं, महंगाई डायन खाए जात है...वाली कहावत इनदिनों चरित्रार्थ हो रही है। सब्जी की महंगाई की मार झेल रहे लोगों के रसोई घर से अब सरसों का तेल भी दूर होता जा रहा है। सप्ताह भर के अंदर तेजी से थोक बाजार में दाम बढ़ने से स्थानीय दुकानों पर अधिक दर के साथ बिक रहा है। जानकारों की मानें तो अचानक मांग बढ़ने व कुछ समय के लिए निकले वैवाहिक मुहूर्तों को देखते हुए कारोबारियों ने कीमत में कृत्रिम तेजी ला दी है। फिलहाल, पाम आयल व सोया तेल की कीमत स्थिर है। अन्य खाद्य सामग्रियों में तीन माह पूर्व तक राहत देने वाली अरहर, उर्द, मूंग, चना दाल की मांग अधिक है, जिससे भाव में तेजी देखी जा रही है। फिलहाल, सावन को देखते हुए अभी भाव में तेजी बने रहने की उम्मीद है। सब्जी और दाल महंगी होने से गरीब की थाली से गायब हो रही है।

### आटा भी हुआ महंगा

किराना दुकानदार ने बताया कि रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाला आटा भी महंगा हो गया है। इसका कारण गेहूं की उपलब्धि कम होना बताया जा रहा है। एक सप्ताह पहले तक खुले में 28 रुपये बिकने वाला आटा 35 रुपये प्रति किग्रा तथा पैकेट वाला पांच रुपये की तेजी के साथ 33 से 38 रुपये प्रति किग्रा बिक रहा है। थोक बाजार में महंगाई की रफ्तार थोड़ी धीमी है, लेकिन खुदरा में बहुत अधिक है।

### वस्तुओं के बढ़े दामों पर एक नजर

| सामान | पहले | अब |
|---|---|---|
| सरसों का तेल | 122 | 140 प्रति ली. |
| चना | 70 | 80 प्रति किग्रा |
| अरहर दाल | 120-130 | 160-190 प्रति किग्रा |
| दाल उर्द धोवा | 110 | 125 रुपये प्रति किग्रा |
| हल्दी | 150 | 200 रुपये प्रति किग्रा |
| पैकेट का आटा | 24-25 | 30 रुपये प्रति किलो |
| सोया आयल | 112 | 116 रुपये प्रति लीटर |
| दाल चना | 79 | 82 रुपये प्रति किग्रा |

# बारिश नहीं होने से बढ़ रही उमस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। आधा जुलाई माह बीतने के बाद भी बरखारानी मेहरबान नहीं हो रही हैं। किसानों समेत आमजनमानस को झमाझम बारिश का इंतजार है। जिससे जहां किसान धान की रोपाई कर सके और लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। बदली की धूप व उमस से लोग बेहाल हैं।

रविवार को भी उमसभरी गर्मी से लोग बेचैन रहे। दिन में पारा 35 डिग्री से ऊपर पहुंचने व तेज धूप ने लोगों को बेहाल रखा है। दोपहर में तेज धूप होने के कारण शहर की सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा। दोआबा में छिटपुट बारिश होने के बाद भी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। सुबह से ही आसमान में छाने वाली बदली लोगों को चकमा दे रही है। अषाढ़ का महीना खत्म होने में सिर्फ 8 दिन ही बचे हैं, लेकिन अभी तक यहां के लोगों व किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार है। जबकि आसमान में छाने वाली बदली के बीच निकलने वाली धूप उमसभरी गर्मी बढ़ा रही है। वहीं तापमान में भी उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। शनिवार रात में पारा सामान्य से सवा डिग्री ऊपर जाकर 27.4 डिग्री पर पहुंच गया। जबकि हवा की रफ्तार धीमी होने तथा बिजली गुल रहने से उमसभरी गर्मी में लोग परेशान रहे। रविवार को भी बदली के साथ दिन शुरू हुआ, लेकिन धूप निकलने के साथ उमस बढ़ने लगी। दोपहर में पारा सवा दो डिग्री ऊपर जाकर 35.6 डिग्री पर पहुंच गया। उमसभरी गर्मी व बदली की धूप से परेशान बच्चे जहां छतरी लगाकर निकले। वहीं बिजली की कटौती भी परेशान कर रही है।

### धान के किसान खासे परेशान

कम बारिश होने से किसान खासा परेशान हैं। पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसान खेतों में रजबहों और नहरों से पानी लगाकर धान की रोपाई करने में जुटे हैं। जिन गांव क्षेत्र में नहर की व्यवस्था है वहां तो धान रोपाई हो रही है लेकिन जहां नहर, राजकीय नलकूप नहीं हैं वहां के किसान बारिश के भरोसे ही धान की खेती करते हैं। वहीं बदली की धूप और उमस के बीच किसान खरीफ की फसलों की तैयारी में जुटे हुए हैं। किसानों ने बताया कि बारिश नहीं होने से बाजरा, चरी और तिली आदि फसल की बुवाई लेट हो रही थी। वहीं बारिश न होने से वह टूयबबेल से खेतों में पानी लगाकर धान रोपाई करने की मजबूरी है।

# अकीदत के बीच तीन पलंगों का हुआ मिलाप

## शिया समुदाय के लोगों ने नौहा ख्वानी के बीच पलंग के आगे पहले हाथ से मातम किया फिर जंजीर से

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। रविवार को मोहर्रम की सात तारीख पर या हुसैन-या हुसैन की सदाएं गूंज उठी। शिया समुदाय के लोगों ने नौहा ख्वानी के बीच पलंग के आगे पहले हाथ से मातम किया फिर जंजीर से मातम व कमा लगाकर अपना लहू बहाया। जिसे देखकर लोगों ने अपनी उंगलियां दातों तले दबा लीं। उधर तीन पलंगों का पहला मिलाप शाम तीन बजे पीलू तले चौराहे पर व दूसरा मिलाप सैय्यदवाड़ा कूंड तालाब पर देर रात हुआ।

सात मोहर्रम पर शहर के सैय्यदवाड़ा, अमरजई से पलंग का जुलूस उठा। पलंग की बिनाई का काम भोर चार बजे ही शुरू हो गया था। तीनों पलंग पर श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही उमड़ने लगी थी। लोगों ने पलंगों पर फूल व प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सैय्यदवाड़ा मोहल्ले से उठने वाले पलंग के जुलूस में शिया समुदाय की ओर से नौहा ख्वानी के बीच बच्चे बूढ़े व नौजवानों ने जंजीर कमा का मातम किया। जंजीर व कमा का मातम करने वाले लहूलुहान हो गये। दो पलंगों का जूलूस महाजरी मुहल्ले की गलियों से होता हुआ पीलू तले तिराहे पर पहुंचा। जहां अमरजई मुहल्ले के पलंग से मिलाप हुआ। तीनों पलंगों का जुलूस एक साथ होकर निर्धारित रास्तों से मुस्लिम इंटर कालेज के समीप पहुंचा। जहां रात लगभग नौ बजे पुनः मिलाप के साथ जुलूस समाप्त हो गया। सुबह से लेकर देर शाम तक पलंग जुलूस के साथ सुरक्षा व्यवस्था के तहत जहां पुलिस बल तैनात रहा वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी बीच-बीच में जायजा लेते रहे। उधर शिया समुदाय में मजलिसों व नौहा ख्वानी का सिलसिला जारी रहा।



एमआईसी के पास मातम मनाते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

### आज फाटक से बाहर आएगा सुप्रसिद्ध ताजिया

हिंदू-मुस्लिम की आस्था का प्रतीक एवं सुप्रसिद्ध चांदू मियां का ताजिया आज इमामबाड़े के फाटक से बाहर आएगा। शाम लगभग सात बजे आयोजक ताजिये को निकालकर बाहर तखत पर जियारत के लिए रखेंगे। जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचकर ताजिये की जियारत करके चढ़ावा चढ़ाने का काम करेंगे।

# या हुसैन की सदाओं के साथ निकला अलम का जुलूस

संवाददाता, धाता फतेहपुर

अमृत विचार। कस्बे में मोहर्रम की सातवीं के जुलूस में सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। रविवार को मोहर्रम की सात तारीख को अब्दुल कलाम नगर से पारंपरिक रूप से जुलूस निकाला गया। जुलूस में क्षेत्रीय लोगों के अलावा दूर-दराज से लोग अकीदत के साथ शामिल हुए। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंद इमाम हुसैन की याद में मातम मनाते हुए चल रहे थे। सभी अकीदतमंद करबला के शहीदों को नम आंखों से याद करते हुए अपना खिराजे अकीदत पेश कर रहे थे। ताजदार मुहर्रम अली और मो. अरबाज की अगवाई में चौथी का जुलूस बड़ी मस्जिद से प्राइमरी स्कूल होते हुए रावण मैदान, दीप नारायण तिराहा, थाना के पास से वापस पुरानी बाजार से निकल कर इमाम चौक में संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था में थाना अध्यक्ष आलोक कुमार पाण्डेय मय फोर्स के साथ मौजूद रहे। डब्ल्यू, तारिक, सलीम, साजिद, राजा, हाफिज फहीम आदि मौजूद रहे।



सातवीं जुलूस में मातम मनाते अकीदतमंद। अमृत विचार

# विवादित भूमि से नहीं हटाया गया अतिक्रमण

- न्यायालय सिविल जज जूडि में चल रहा मुकदमा, न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मंदिर की विवादित भूमि का मुकदमा न्यायालय सिविल जज जू.डि. में विचाराधीन होने व एसडीएम के आदेश के बावजूद दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को अभी तक हटवाया नहीं गया है। जिससे पीड़ित न्याय के लिए भटक रहा है। पीड़ित का कहना रहा कि यदि उसे न्याय न मिला तो वह सीएम की चौखट पर पहुंचकर गुहार लगाएगा।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्व. शारदा प्रसाद ने बताया कि गांव में स्थित भूमि गाटा संख्या पर प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर स्थापित है, यह भूमि विवादित है। जिसका मुकदमा न्यायालय सिविल जज जू.डि. में विचाराधीन है। पूर्व में कुछ लोगों ने अवैध कब्जे का प्रयास किया था। जिस पर उसने विरोध दर्ज कराते हुए एसडीएम से शिकायत की थी। जिस पर एसडीएम ने मौके पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। इसके बावजूद विरोधियों की नियत इस जमीन पर खराब है। विरोधियों ने उक्त जमीन पर टीनशेड डालकर अवैध कब्जा कर लिया था। जब उसे जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंचा और अवैध कब्जा रूकवाना चाहा।

जिस पर दबंगों ने लाठी-डंडों से उसे पीट दिया और जान-माल की धमकियां दी। मारपीट में वह घायल भी हो गया था। उसने पुलिस समेत उच्चाधिकारियों से अवैध कब्जे के रूप में डाली गई टीनशेड को हटवाए जाने की मांग की थी। एक सप्ताह का समय बीत जाने के बावजूद जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया है। उसने कहा कि यदि उसे न्याय न मिला तो वह सीएम की चौखट पहुंकर शिकायत दर्ज कराएगा।

# महिलाओं को किया जागरूक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को जनपद के सभी थानो की एन्टी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 अभियान व ऑपरेशन जागृति चलाया गया। जहां महिलाओं, बालिकाओं से बात कर ऑडियो, वीडियो, पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए खुद की सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

**नाबालिग नहीं चलाएं वाहन:** फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सड़क दुर्घटना को कम किए जाने तथा 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाए जाने पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में रविवार को यातायात प्रभारी लालजी सविता एवं यातायात पुलिस द्वारा दौरान चेकिंग नाबालिक छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। वहीं अंतिम चेतावनी देते हुए उनके परिजनों को वाहन सुपुर्द करते हुए आवश्यक कार्रवाई की गयी।

# पौधे रोपकर कीजिए, वसुधा का श्रृंगार

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले साप्ताहिक रविवासरीय 341 वीं सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन केपी सिंह कछवाह की अध्यक्षता व शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए श्री कछवाह ने वाणी वंदना में अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा सरस्वती मां, आइए, करूं तुम्हारा ध्यान। अंतस की जड़ता हरो, दूर करो अज्ञान। कार्यक्रम को गति देते हुए आगे कविता पढी, वृक्ष रोपकर कीजिये, वसुधा का श्रृंगार। इनसे ही यह सृष्टि है, इनसे ही संसार। डॉ. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से प्रस्तुत किया है जग परिवर्तनशील बहुत, स्थिरता का आभास नहीं। है उदय किसी के जीवन में, तो अस्त अन्य का निहित कहीं। काव्य गोष्ठी के आयोजक व संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा धरती की प्यास बुझाने को, बादल बरसाता यों पानी। ज्यों जगती के कल्याण हेतु, जीवन धारण करता ज्ञानी। आयोजक ने सभी का आभार व्यक्त किया।



पौधरोपण का संकल्प लेते लोग। अमृत विचार

### पौधे रोपण का लिया संकल्प

फतेहपुर। शहर के चौक चौराहे के समीप स्थित एक स्वीट हाउस के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर संचालक समेत उनके परिवारीजनों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने का संकल्प लिया। उन्होंने परिवारीजनों व मित्रों को एक-एक पौध रोपित करने की जिम्मेदारी दी। संचालक दीपक साहू ने परिवारीजनों व मित्रों के साथ अलग-अलग स्थानों पर पौधों को रोपित किया। साथ ही सभी को संरक्षण का दायित्व भी सौंपा। श्री साहू ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने व धरती को हरा-भरा बनाने की आज आवश्यकता है। यह तभी संभव हो सकता है जब सभी मिलकर एक-एक पौधा रोपित करें। उसकी जिम्मेदारी का भी दायित्व निभाएं। जिससे पौधे पूर्णतः सुरक्षित हो सकें। इस मौके पर वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्त, जिलाध्यक्ष अरूण जायसवाल, सुशील फौजी, कैलाश चंद्र पुरवार, भैरो प्रसाद, जीतू हयारण, नरायन बाबू गुप्ता, रवी साहू, दिनेश चंद्र साहू, अखिलेश चंद्र साहू, चुन्नू महाराज भी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कागज की कतरन के बीच मिला डेढ़ क्विंटल गांजा

जहानाबाद। कस्बा जहानाबाद के थाना बकेवर बॉर्डर के पास से थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार कस्बा प्रभारी उप निरीक्षक प्रशांत कटियार सुबह चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान कानपुर एसटीएफ द्वारा सूचना मिली कि बकेवर की ओर से एक डीसीएम में भारी मात्रा में गांजा गुजर रहा है। कानपुर एसटीएफ की सूचना पर पुलिस सतर्क हो गई और चेकिंग तेज कर दी। बकेवर की तरफ से डीसीएम आती दिखी तो पुलिस ने पुलिस ने एक होटल के समीप नाकेबंदी करते हुए डीसीएम को रुकवाने का प्रयास किया। लेकिन डीसीएम सवार पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस की कड़ी नाकेबंदी के चलते डीसीएम में सवार ज्ञान रंजन बाघ पुत्र गणेश बाघ, निवासी हरीकृष्णापुरम थाना ईट्टामाटी जिला नयागढ़ उड़ीसा तथा विश्वजीत बेहरा पुत्र प्रमोद बेहरा निवासी कठा गढ़ा थाना डेकानाल उड़ीसा को पुलिस ने हिरासत पर ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने के दौरान कागज डीसीएम में कागज की कतरन के बीच भारी मात्रा में गांजा बरामद कर लिया। गांजे का वजन करीब डेढ़ क्विंटल है और कीमत करीब 11 लाख रुपये है। क्षेत्राधिकार बिंदकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल करते हुए थाना पुलिस को आगे की कार्रवाई करने की बात कही।

### पूर्व प्रधान व भाई ने युवक को पीटा

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर निवासी बृज किशोर पुत्र कुंदन धोबी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के पूर्व प्रधान अरविंद सिंह व उनके तीन भाई रात में घर आ गए और कहने लगे कि बिजली के खंभे की लाइट नहीं जल रही है। उसको खंभे में चढ़ कर ठीक कर दो हम पावर हाउस से शटडाउन ले लेगे और उसे खम्भे के पास ले गए। युवक खंभे में चढ़ने के लिए मना करने लगा। तभी पूर्व प्रधान व अन्य भाईओं ने मिलकर लाठी डंडों से मारा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**पीएम पोषण योजना** | पिज्जा, मैगी और चाइनीज फूड पर भी रहेगा प्रतिबंध, बेसिक शिक्षा विभाग ने बच्चों के लिए तय किया तिथि भोजन कार्यक्रम

# तिथि भोजन में बच्चों को नहीं परोसा जा सकेगा बाहर का खाना

नीरज यादव। फतेहपुर

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को तहत कोई भी व्यक्ति दोपहर का भोजन करा सकता है। पीएम पोषण योजना के तहत तिथि भोजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। लेकिन इस भोजन में बच्चों को बाहर का खाना नहीं खिलाया जा सकेगा। बच्चों को वहीं बना भोजन दिया जाएगा।

पीएम पोषण योजना के तहत शासन ने परिषदीय स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए समुदाय की भागीदारी तय करने के लिए नई पहल की है। इसके तहत आम-जनमानस अपने बच्चे के जन्मदिवस, किसी व्यक्ति के जन्मदिवस, विवाह की वर्षगांठ और किसी भी त्योहार या अन्य किसी खुशी आदि के अवसर पर परिषदीय स्कूलों के बच्चों को भोजन करा सकेंगे। यह भोजन विद्यालय की रसोईघर या परिसर में ही तैयार होगा, लेकिन इस भोजन के लिए मध्याहन भोजन का खाद्यान्न या कन्वर्जन कॉस्ट का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। साथ ही, बाहर पकाया गया भोजन किसी भी स्थिति में बच्चों को वितरित नहीं होगा। तिथि भोजन तैयार करने के लिए यदि रसोइया की आवश्यकता होगी तो इसकी व्यवस्था व्यक्ति या संस्था को करनी होगी।



एक परिषदीय विद्यालय में मध्यान्ह भोजन करते बच्चे। अमृत विचार

### फास्ट फूड की अनुमति नहीं

तिथि भोजन के तहत बच्चों को पूड़ी, पराठा, पकौड़े, बर्गर, पिज्जा, नूडल आदि नहीं दिए जाएंगे। यदि फल या मेवा वितरित किए जाएंगे तो उस दिन का मध्यान्ह भोजन विद्यालय में अवश्य बनेगा। बच्चे मिले हुए फल व मेवा को अपने घर ले जाकर खा सकेंगे।

### खिलाने वाले का विवरण होगा दर्ज

विभाग की मानें तो भोजन सहायता कार्यक्रम का संपूर्ण विवरण विद्यालय के एक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। इसमें दानदाता का नाम, पता, दिवस, प्रकार, मात्रा, अनुमानित लागत आदि शामिल रहेगी। यदि आयोजक भोजन के लिए नगद धनराशि देना चाहेगा तो उसे मध्याह्न भोजन की निधि में जमा करा दिया जाएगा। बाद में तिथि तय करते भोजन खिलाया जाएगा।

### प्रधानाध्यापक और समिति की रहेगी निगरानी

पीएम पोषण योजना के तहत तिथि भोज के दौरान बच्चों के भोजन का मेन्यू विद्यालय के प्रधानाध्यापक और प्रबंध समिति तय करेगी। इसके अनुसार ही बच्चों के लिए भोज्य पदार्थ तैयार किए जाएंगे। इन दोनों की निगरानी में ही खाना बनेगा और बच्चों को खिलाया जा सकेगा।

"पीएम पोषण योजना के तहत तिथि भोजन कार्यक्रम शासन द्वारा लागू किया गया है। बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए जनसमुदाय की भागीदारी होना चाहिए। इसके लिए बीएसए द्वारा सभी खंड शिक्षाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

–आशीष दीक्षित, जिला समन्वयक, एमडीएम

# अर्द्धनिर्मित भवन में हो रहा विद्यालय का संचालन

फतेहपुर। विजयीपुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सोनेमऊ गांव में विद्यालय का भवन तैयार न होने के कारण नौनिहाल अर्द्धनिर्मित विद्यालय भवन में बैठकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं।

क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सोनेमऊ का भवन अत्यधिक जर्जर हो गया था जिसको दो साल पहले विभाग ने नीलामी के बाद ध्वस्त करा दिया था, लेकिन नये भवन का निर्माण नहीं कराया था। जिससे नौनिहाल खुले आसमान के नीचे बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। विद्यालय में जहां उमस भरी गर्मी में बच्चे अर्द्धनिर्मित विद्यालय के भवन के अंदर के मिट्टी में टाट पट्टी में बैठकर पढ़ रहे हैं। बीईओ रजनीश श्रीवास्तव ने बताया पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा भवन बनाया जा रहा है जल्दी बनवाने का प्रयास किया जाएगा।

# शिकायत निस्तारण में 72वीं रैंक, 1009 पीड़ित हैं असंतुष्ट

- मुख्यमंत्री डैश बोर्ड में राजस्व विभाग में सीएम कृषक दुर्घटना सहायता योजना में 71वीं रैंक
- जून में स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, सरकारी कर राजस्व समेकित में प्रगति बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**1554** फरियादियों ने दिया फीडबैक

**545** ने कार्य संतोषजनक बताया है

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री डैश बोर्ड यानि दर्पण पोर्टल पर जून की राजस्व विभाग में कई योजनाओं व पटलों की भी रैंकिंग जारी हुई है। जनसुनवाई यानि लोक शिकायत में 1554 फरियादियों ने फीडबैक दिया है। इसमें 1009 पीड़ित निस्तारण से संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने आपत्ति दर्ज कराई है जबकि 545 ने संतोषजनक बताया है। इससे साबित होता है कि आईजीआरएस में ज्यादातर निस्तारण फर्जी तरह से किया जाता है। इसमें कर्मियों के साथ ही अधिकारी भी मिले होते हैं। कहा जा रहा है कि अपनी बचाने के चक्कर में ऐसा करते हैं।

सूबे से जारी हुई राजस्व के कार्यों आदि की रिपोर्ट में कन्नौज जिले को 12वीं रैंक और 10 में से 7.44 अंक मिले हैं। बात अगर जनसुनवाई निस्तारण में फीडबैक की हो तो कन्नौज का नाम अंतिम पांच जिलों में चौथे नंबर पर आया है जिसका प्रतिशत 21.86 है। 10 में कुल एक अंक और श्रेणी ई मिली है। मई में भी असंतोषजनक फीड बैक मिला था। वर्तमान में रैंक 72 आई है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना में रैंक 71 आई है। 16 में आवेदन निस्तारण 10 यानि 62.50 फीसदी हुए हैं। इस वजह से 10 में से दो अंक ही मिले हैं। जनपद नीचे के पांच जिलों में सबसे अंत में शामिल है।

इसी तरह राजस्व का ई-खसरा (1431 खरीफ) में नीचे (बॉटम) के पांच जिले में एक नंबर है। इसका प्रतिशत 24.79 और शून्य अंक हैं। ई श्रेणी के साथ 75वीं रैंक आई है। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति 74वीं रैंक है। जनपद का नीचे से दूसरा नंबर है। 58.90 फीसदी लक्ष्य के साथ शून्य अंक और श्रेणी ई मिली है। सरकारी कर राजस्व समेकित में 54वीं रैंक, तीन अंक और डी श्रेणी आई है। सरकारी गैर-कर राजस्व समेकित में 57वीं रैंक, एक अंक और श्रेणी ई है।

### मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष में 46वीं रैंक व अंक आठ मिले

- दर्पण पोर्टल पर रैंकिंग में औषधि विक्रय लाइसेंस में 56वीं रैंक आई है। आधार फीडिंग में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में 34 रैंक आई है। नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन में अमृत-2 के तहत 37वीं रैंक आई है। वित्तीय लक्ष्य प्राप्त 71.19 फीसदी और छह अंक मिले हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 18वीं रैंक है। आवास पूरे होने का प्रतिशत 94 है। भूतत्व एवं खनिकर्म में आईएमएसएस के तहत प्रवर्तन कार्य में 29वीं रैंक है। जुर्माना वसूलने का प्रतिशत 84.69 है। राज्य कर में लक्ष्य के सापेक्ष प्रवर्तन कार्रवाई 79.14 है उसकी प्रोजेक्ट में रैंक 52 है। राजस्व के लंबित वादों के निस्तारण में रैंक 57 और अंक छह मिले हैं। एंटी भूमाफिया में 23वीं रैंक आई है और अंक 10 मिले। नामांतरण धारा 34 में छह अंक आए हैं। लंबित केस में 39वीं रैंक व अंक छह मिले हैं। निर्विवाद उत्तराधिकार में 27वीं रैंक व छह अंक, भूलेख में डिजिटल निस्तारण में 39वीं रैंक और अंक आठ मिले हैं। वसूली प्रमाण पत्र में 27वीं रैंक और अंक छह और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष में 46वीं रैंक है। अंक आठ मिले हैं।



कर्मियों को संबोधित करते जेल अधीक्षक मो. अकरम खां। अमृत विचार

# जिला कारागार में अलार्म बजते ही सुरक्षा कर्मी हो गए चौकन्ना

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

- सुरक्षा कर्मियों की टीम गठित कर कराई गई तलाशी

**अमृत विचार।** जिला करागार की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रविवार को प्रैक्टिस अलार्म कराया गया। अलार्म की आवाज सुनते ही कारागार परिसर में मौजूद ड्यूटी से विरत कर्मी तत्काल कारागार के मुख्य द्वार पर पहुंच गए।

इसके बाद जेल अधीक्षक मो. अकरम खां के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियों की टीम गठित कर सम्पूर्ण कारागार में तलाशी कराई गई। इस दौरान कोई भी अवैध/निषिद्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके अतिरिक्त कारागार की कार्यप्रणाली में गतिशीलता व निरन्तर नियत्रंण रखते हुए अनुशासन के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को मल्टीपरपज हॉल में बैठक कर वार्ता की गई। उनकी समस्याओं को सुनकर स्थलीय निराकरण भी कराया गया। कारागार की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए उनके सुझाव भी लिए गए। इस दौरान जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, उपकारापाल रामबहाल दुबे, फार्मासिस्ट रामबिहारी तथा प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार रहे।

# अदालत से रोक के बाद भी छत व दीवार तोड़ भर ले गए मलबा

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- कुछ महीने पहले दरवाजा तोड़कर की थी चोरी
- 3 नामजद तथा 4 अज्ञात पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कोर्ट में विचाराधीन होने से रोक के बाद भी मोहल्ला बस्तीराम स्थित एक दुकान की छत व दीवार तोड़ दी गई। आरोपी मलबा भी भर ले गए। कुछ महीने पहले गेट तोड़कर लाखों रुपये की मैदा व शक्कर की कई बोरियां चोरी की गईं थीं। पीड़ित ने तीन नामजद व चार अज्ञात लोगों पर दुकान तोड़ कर कब्जा करने का मामला दर्ज कराया है।

नगर के मोहल्ला कटरा निवासी अर्पित गुप्ता पुत्र शेखर चंद गुप्ता ने बताया कि उनकी एक दुकान मोहल्ला बस्तीराम में स्थित है। बैनामा के जरिये वह इसका स्वामी है। इस दुकान पर मोहल्ला बस्तीराम के ही निवासी राजेश सिंह चौहान पुत्र नरेन्द्र सिंह चौहान कब्जा करना चाहते थे। इस संबंध में न्यायालय सिविल जज जू.डि. छिबरामऊ में वाद प्रस्तुत किया था। इसमें न्यायालय से प्रतिवादियों को निषेधित किया गया कि वे वादीगढ़ के कब्जा दखल में कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे। इसके बावजूद राजेश सिंह चौहान, राधा चौहान, नरेंद्र सिंह चौहान व तीन-चार अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी दुकान की छत तोड़कर गिरा दी। राजेश ने अपने घर की तरफ से दुकान की दीवार तोड़कर गिरा दी और मलबा ट्रैक्टर में भरकर ले गए।



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना।

यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तोड़फोड़ के दौरान दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक कांटा, लकड़ी का काउंटर, एक बेंच, दो कुर्सी व दीवार घड़ी के अलावा अन्य कागज गायब कर दिए। आरोप लगाया कि इससे पूर्व दुकान का दरवाजा, ताले तोड़ कर व दीवार काटकर लगभग 100 बोरी मैदा व 15 बोरी चीनी समेत लगभग डेढ़ लाख रुपये कीमत का माल ट्रैक्टर से भरकर राजेश सिंह चौहान ने गायब कर दिया था। यह पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद है। रोकने पर आरोपी ने उनसे गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के साथ चार अज्ञात लोगों के खिलाफ दुकान पर कब्जा करने का मुकदमा दर्ज किया है।

**भूमि विवाद में महिला को दी धमकी : गुरसहायगंज।** ग्राम डिगसरा निवासी शीला ने दी तहरीर में बताया कि उसने गांव की महिला से बैनामा कराया था। 13 जुलाई को जब वह अपनी भूमि पर गई तो महिला के देवर व उसकी पत्नी ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर लड़ाई-झगड़े पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ई रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ घायल

**छिबरामऊ।** भवानीगढ़ निवासी घनश्याम पुत्र मनीराम अपने साथी गणेशपुर निवासी दिनेश पुत्र बृजपाल के साथ बाइक से सीमेंट लेने के लिए भवानीगढ़ जा रहे थे। तभी विशुनगढ़ क्षेत्र में ई रिक्शा की टक्कर लगने से घनश्याम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दिनेश व उनके परिजनों ने घनश्याम को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान हालत में सुधार न देख डॉ भीमराव राम जी अंबेडकर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

## युवती पर तलवार से हमले का वीडियो वायरल

**तिर्वा।** रंजिश के चलते सरेआम युवक ने तलवार से युवती पर हमला कर दिया। लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के उत्तिमापुर पट्टी गांव निवासी रचना देवी और पड़ोस के गांव मक्कापुरवा निवासी सोनू में किसी पुराने विवाद के चलते रंजिश चल रही है। खेत पर कब्जे को लेकर अक्सर दोनों के बीच विवाद हुआ करता था। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे रचना घर पर अकेले थी। इस दौरान सोनू तलवार लेकर घर में घुस गया। रचना शोर मचाते हुए सड़क पर आ गई। इस दौरान सोनू ने तलवार से हमला कर दिया, ग्रामीणों ने सोनू को पकड़ लिया। लोगों ने तलवार लहराते हुए उसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# पंचायतों को मिलेंगे 50 लाख से पांच करोड़ के पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ग्राम पंचायतों के अलावा क्षेत्र व जिला पंचायत भी कर सकतीं ऑनलाइन आवेदन

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार वर्ष-2024 के तहत दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार और नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 50 लाख रुपये से लेकर पांच करोड़ तक का पुरस्कार मिलेगा।

डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने इसको लेकर सभी ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारियों को पत्र भेजा है। नौ विषयों पर बनी प्रश्नावली के आधार पर पंचायतों को पुरस्कार मिलेंगे। बताया गया है कि राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 का मूल्यांकन वर्ष 2022-23 के आधार पर होगा। पंचायत विकास इंडेक्स के डाटा प्वाइंट विभिन्न विभागों के वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। दीनदयाल उपाध्याय में ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक थीम पर पहला पुरस्कार एक करोड़ रुपये, दूसरा 75 लाख व तीसरा 50 लाख रुपये का मिलेगा। नानाजी देशमुख में ग्राम पंचायत को डेढ़ करोड़ रुपये का पहला, सवा एक करोड़ में दूसरा व एक करोड़ रुपये में तीसरा पुरस्कार मिलेगा। क्षेत्र पंचायत में नानाजी देशमुख में पहला पुरस्कार दो करोड़ रुपये, दूसरा पुरस्कार पौने दो करोड़ व तीसरा पुरस्कार डेढ़ करोड़ रुपये का मिलेगा। जिला पंचायत को नानाजी देशमुख में पहला पुरस्कार पांच करोड़ रुपये, दूसरा तीन करोड़ व तीसरा दो करोड़ रुपये का मिलेगा।

# आरोप लगने के बाद एसडीएम ने कानूनगो के तीनों सर्किल छीने

फॉलोअप

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- ओपी दुबे आरके निर्वाचन कार्यालय में अटैच किए गए लेखपाल भी कर रहे थे विरोध

**अमृत विचार।** कानूनगो की कार्यप्रणाली को लेकर चल रहे लेखपालों के विरोध व पैमाइश के नाम पर धनउगाही का आरोप लगने के बाद एसडीएम ने उनसे तीनो सर्किल छीन लिए। उनके स्थान पर नए कानूनगो ज्ञान सिंह, हरी सिंह व भगवानदीन को अतिरिक्त चार्ज देकर ओपी दुबे को आरके निर्वाचन कार्यालय में अटैच कर दिया।

तहसील में कानूनगो ओमप्रकाश दुबे के पास तिर्वा, ठठिया, नादेमऊ तीन कानूनगो सर्किल का चार्ज था। कुछ लेखपाल उनकी कार्यशेली से नाराज होकर साथ काम नहीं करना चाहते थे। लेखपालों ने डीएम से लेकर एसडीएम तक को ज्ञापन देकर उनसे क्षेत्र छुड़वाने की मांग की थी। कार्य बहिष्कार की चेतावनी भी दी थी। उधर, शनिवार को जनशिकायत निस्तारण के लिए ठठिया थाने में आयोजित समाधान दिवस में एक फरियादी ने एसडीएम अशोक कुमार के सामने कानूनगो पर रिश्वत लेने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया था। फरियादी के हंगामे का वीडियो सोशल मिडिया पर खूब वायरल हो गया। इसके बाद एसडीएम ने आरोपी कानूनगो ओमप्रकाश दुबे से तीनों सर्किल के चार्ज को छीनते हुए उन्हें आर के कार्यालय में संबद्ध कर दिया। इसके साथ ही औद्योगिक गलियारा से संबंधित कार्य, सीमा स्तंभों व आरके न्यायालय नायब तहसीलदार हसेरन तथा स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य की अतिरिक्त जिम्मदारी सौंपी है।

### तीन सर्किल तीन कानूनगो के हवाले

- एसडीएम ने बताया कि ओमप्रकाश दुबे को क्षेत्र से हटाकर उन्हे आरके कार्यालय अटैच कर दिया गया है। आरके न्यायालय नायब तहसीलदार, हसेरन ज्ञान सिंह को तिर्वा तथा उमर्दा में तैनात हरीशंकर को हसेरन व नादेमऊ सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं जनखत में तैनात भगवान दीन कुशवाहा को ठठिया, खैरनगर का काम सुपुर्द किया है।

## सार-संक्षेप

### मनमुताबिक चढ़ावा न मिलने पर दरवाजे से लौटाई बारात

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दरवाजे पर आई बेटी की बारात वधू पक्ष ने मनमुताबिक चढ़ावा न मिलने पर लौटा दी। रातभर दोनों पक्षों के बीच चली पंचायत में समझौता नहीं हो पाया। इसके बाद वर पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। छिबरामऊ की चौकी सिकंदरपुर के ग्राम अलाह निवासी युवक ने बताया कि शनिवार की रात जसोदा चौकी क्षेत्र के ग्राम तरपुर्वा में वह बारात लेकर आया था। देर रात तक रस्म अदायगी होती रही। द्वारचार के समय लगभग दो बजे वर पक्ष की तरफ से वधू पक्ष को चढ़ावा दिया गया। इसमें सोने की चेन की कमी होने को लेकर वधू पक्ष ने विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद शादी करने से मना कर दिया और दरवाजे पर आई बारात लौटा दी। इसके बाद रातभर दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता की कवायद चलती रही। वर पक्ष चढ़ावा का सामान सहित अन्य खर्चे को वापस करने की जिद पर अड़ा रहा। वधू पक्ष भी अपने खर्चे को लेकर विवाद करता रहा। इसके बाद रविवार की सुबह वर पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों में सुलह समझौता कराने का प्रयास किया गया है। यदि बात नहीं बनती तो तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, हत्या का आरोप

**तिर्वा, कन्नौज।** कार की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हों गया। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के विशुनापुर गांव निवासी सुमित का आरोप है कि रविवार की सुबह भाई देवेंद्र कुमार गांव के सामने बाइक सही करवा रहा था। इसी दौरान गांव के ही कमलेश, जितेंद्र, मनोज, धीरेन्द्र, योगेश कार से आए और उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी दौरान पुलिस व परिजनों के बीच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज काराने को लेकर नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



देवेंद्र।

### पुलिस ने सात वारंटियों को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रोबिन सिंह आदि ने हमराहियों के साथ रविवार को क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए वांछितों को पकड़ लिया। इसमें पुलिस ने ग्राम बदनापुर निवासी सुरेन्द्र, नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी छोटू गुप्ता, कस्बा समधन के मोहल्ला बगिया निवासी पप्पू, ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी निहाल, तहसीन, तस्कीम, ग्राम बारामऊ बांगर निवासी बाबू को पकड़ लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा है।

### एआईएमआईएम का प्रदर्शन कल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष इशरत खान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के निर्देशन व उत्तर प्रदेश मध्य अध्यक्ष डॉ. पवन राव अम्बेडकर के आह्वान पर प्रदेश में बढ़ती मॉबलिंचिंग, बुलडोजर की दहशत, बिगड़ती कानूनी व्यवस्था को लेकर 16 जुलाई दिन मंगलवार को जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को सौंपा जाएगा।

### मारपीट कर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** ग्राम तमियामऊ निवासी अमर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमें में बताया कि 07 जुलाई की रात लगभग 08.30 बजे गांव के मुकुट सिंह व छोटू सिंह विवाद को लेकर दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर उसके भतीजे अजीत प्रताप सिंह को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बहनोई से मारपीट कर परिजनों को दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम निजामपुर निवासी लक्ष्मी देवी ने रविवार को कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि शनिवार की रात लगभग 11.30 बजे उसके पड़ोसी दरवाजे पर आए और गालीगलौज की। मना करने पर उसके बहनोई लल्लन को मारपीट कर घायल कर दिया। मना करने पर उसे व उसके परिजनों से भी गालीगलौज कर धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा की गलत नीतियों का जनता ने दिया जवाब

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- कहा, भाजपा जांच एजेंसियों का कर रही दुरुपयोग

**अमृत विचार।** ग्राम सदरपुर में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रकांत यादव के नेतृत्व में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें संगठन की मजबूती व विस्तार को लेकर चर्चा कर रणनीति तय की गई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत पर रिहाई मिलने से कार्यकर्ताओं में उर्जा का संचार हुआ है। जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की गलत नीतियों का जवाब देते हुए 400 पार से पहले ही रोक दिया। कहा कि भाजपा ईडी, सीबीआई सहित जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इसी तरह चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं है, जब जनता भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी।

कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की रिहाई पर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जश्न मनाया। इस दौरान मथुरा प्रसाद यादव, हरविलास यादव, पन्ना लाल यादव, बालकृष्ण, आदि मौजूद रहे।

# सातवीं मोहर्रम पर निकाला गया अलम का जुलूस

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** सातवीं मोहर्रम का जुलूस रविवार को अकीदत के साथ निकला। लोगों ने करबला के शहीदों को याद किया। उधर, जुलूस में शामिल लोगों को जगह-जगह शरबत बांटा गया। देर शाम तक इमामबाड़ों पर फातिहा का सिलसिला जारी रहा।

इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में नगर में सातवीं मोहर्रम को जुलूस निकाला गया। शनिवार को नगर के विभिन्न मोहल्लों से करीब 10 बजे जुलूस निकलना शुरू हुआ। मातमी धुन से माहौल गमजदा हो गया। निर्धारित रास्तों से होते हुए जुलूस करीब 12 बजे नगर के मुख्य बाजार में पहुंचे। सभी जुलूस यहां से एक साथ हो गए। यह जुलूस मोहल्ला बिरतिया, जेरकिला, कस्सावान, सराय होता हुआ बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित भोंदू शाह की मजार तक गया। इसके बाद जुलूस करबला जाकर समाप्त हो गया। जुलूस में जगह जगह लोगों ने शरबत बांटा। जुलूस में कोतवाल सहित पुलिस बल रहा।



मोहर्रम के जुलूस में मौजूद अकीदतमंद। अमृत विचार

**सौरिख प्रतिनिधि** के अनुसार, अलम का जुलूस राजापुर इमामबाड़ा से सौरिख बस्ती का भ्रमण करता हुआ पाल तिराहे से राजापुर का व सौरिख का जुलूस इमामबाड़ों पर समाप्त हुआ। इससे पहले कबीरपुर व राजापुर की मस्जिदों में मजलिस का एहतमाम किया गया। मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अली अब्बास ने मोहर्रम के बारे में विस्तार से बताया। जुलूस में मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अलीअब्बास गुलाम अब्बास, निशात हुसैन, हुसैन हैदर, अलीअख्तर, शब्बर अली तौसीफ युसूफ फरहान मुशर्रफ तहजीबुल हसन व अंजुमनों के सभी मेंबर आदि मौजूद रहे।

**व्यवस्था पर सवाल** स्थायी व्यवस्था न होने से खेतों में खड़ी फसल को पहुंचा रहे नुकसान

# गौशाला का निर्माण लटका, कुत्ते नोचते गोवंश के शव

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- जिम्मेदार बजट न होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं
- सीडीओ ने अधूरी गौशाला की जांच कराने को कहा

**अमृत विचार।** सड़कों व खेत खलिहान में घूम रहे गोवंशों को सरंक्षित करने के लिए ग्रामसभाओ में गौशाला बनाए जाने के लिए शासन ने आदेश जारी कर रखे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार बजट न होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। जिम्मेदारों की अनदेखी से गोवंश सड़कों व खेत में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

उमर्दा ग्रामसभा में अधूरी पड़ी स्थायी गौशाला किसानों के लिए जी का जंजाल बन रही है। ऐसे में बड़ी संख्या में गोवंश खेतों में खड़ी फसलों को अपना निवाला बना रहे हैं। वहीं घायल गोवंश अन्य जानवरों का निवाला बनते हुए देखे जा रहे हैं। रविवार की सुबह एक ऐसा ही नज़ारा दिखाई दिया जब खेत में मृत पड़े गोवंश को आसपास के कुत्ते अपना निवाला बना रहे थे। लोगों का कहना था कि गोवंशो की देखरेख के लिए कोई भी स्थायी व्यवस्था न होने से आए दिन गोवंश घायल होकर मर रहे हैं। शासन के आदेश के बाद भी पिछले कई महीने से गौशाला का काम रुका पड़ा है। प्रधान तारादेवी ने बताया कि करीब दस लाख रुपये की लागत से निर्माण कराया जा रहा है। बजट के अभाव से काम रुका पड़ा है। वंही सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने बताया कि मृतक गोवंश को दफ़नाया जाएगा और अधूरी पड़ी गौशाला के मामले की जांच कराई जाएगी।



उमर्दा ग्राम सभा में अधूरी पड़ी गौशाला। अमृत विचार

## ऑटो की टक्कर से तीन लोग घायल

**कन्नौज।** गोर्वधनी तिराहे पर अनियंत्रित ऑटो ने दो बाइकों में टक्कर मार दी। दुर्घटना में दंपति समेत तीन लोग घायल हो गये। उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार को सदर कोतवाली के जीटी रोड गोर्वधनी तिराहे के निकट यात्रियों को लेकर जा रहे ऑटो ने तेज रफ्तार चलाते हुए पहले शिव कुमार (55) पुत्र ओम प्रकाश निवासी गुनहा कोतवाली कन्नौज व बाद में आसीन (30)पुत्र मोहम्मद व उसकी पत्नी रिंकी(25) को टक्कर मार दी। इससे तीनों घायल हो गये। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दंपति को घर भेजा गया जबकि शिव को भर्ती कर लिया गया।

# धन की तंगी बालक को लील गई

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** गरीबी के दंश से जूझ रहे परिवार के लिए सरकार की तमाम योजनाएं भी काम नहीं आ सकीं। तभी तो तंगी के कारण इलाज नहीं हो पाने से बालक असमय ही काल के गाल में समा गया।

सकरावा थाना क्षेत्र के गांव कुल्लूखेडा निवासी एक परिवार काफी समय से नगर के गंगेश्वरनाथ नई बस्ती में रह रहा है। परिवार के मुखिया बृजेश की लगभग सात वर्ष पूर्व मृत्यु हो जाने से इकलौता पुत्र विष्णु (9) घर का जिम्मेदारी उठा रहा था। वह लोगो की बकरियां चराने लगा। 15 दिन पूर्व बकरियां चराते समय गिरकर वह घायल हो गया था। उसे सौ शैया अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कॉलेज तथा वहां से कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां बाहर की दवाएं खरीदने के लिए पैसे न होने के कारण परिजन उसे घर ले आए। यहां मोहल्ले के लोगों ने चंदा करके निजी चिकित्सक से इलाज कराया, लेकिन हालत ज्यादा बिगड़ने पर फिर हैलट रेफर कर दिया गया। रविवार की सुबह वहां उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही मां ममता, बहन प्रियंका, सीता व पिंकी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी होते ही मृतक के घर पहुंचे सपा नेता योगेंद्र यादव व एहसन खान ने कान्यकुब्ज सेवा समिति की तरफ से अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक मदद की।



अंतिम संस्कार के लिए सहायता करते समिति के लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कन्नौज। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कन्नौज जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली कन्नौज पुलिस ने थाना क्षेत्र में स्थित दुकान का ताला तोड़ कर व गोलक से रुपये चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दिनांक 13 जुलाई को समय 03 .30 बजे से 04 :00 बजे की मध्य मकरन्द नगर में स्थित दुकान का ताला तोड़कर गोलक से चोरी कर लेने के सम्बन्ध में दुकानदार ने शिकायती पत्र दिया था। कोतवाली पुलिस ने अंकुर पुत्र हरिओम निवासी गदनपुर बड्डू थाना कोतवाली कन्नौज, भागा हुआ आरोपी राना पुत्र रामविलाश निवासी गदनपुर वड्डू थाना कोतवाली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मकरंदनगर चौकी प्रभारी सुभाषचंद्र ने अंकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### मांगे गए आवेदन

कन्नौज। एडीएम आशीष सिंह ने बताया कि भारत सरकार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तियों और संस्थानों के अच्छे कार्यों को प्रोत्साहित करेगा। इसके लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए आवेदन मांगे हैं। पहली जुलाई से 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन वेवसाइट http :// awards .gov .in पर होंगे।

### स्थाई लोक अदालत में होगी सदस्य की नियुक्ति

कन्नौज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि स्थाई लोक अदालत कन्नौज में यातायात सेवा, डाक तार व टेलीफोन सेवा, विद्युत प्रकाश व जलसेवा, लोक सफाई एवं स्वच्छता प्रणाली सेवा, अस्पताल-औषधालय सेवा, बीमा सेवा, शैक्षणिक संस्थान सेवा व आवास और भू-सम्पदा सेवाओं के तहत सदस्य नियुक्त किया जाना है। अनुभवी लोग निर्धारित प्रारूप पर अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज को आवेदन 14 अगस्त तक कर सकते हैं।

### पुत्र की हत्या का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम पालमपुर निवासी सर्वेश चन्द्र पाल ने बताया कि उसके पुत्र नीलू पाल (22) को गांव का युवक 22 जून की शाम लगभग 06 .30 बजे अपने साथ बुला ले गया। जहां उसने अपने अन्य साथियों के साथ शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर उसके पुत्र को पिला दिया। इससे उसके पुत्र की हालत बिगड़ गई। उसे सराय प्रयाग स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया। 30 जून को पुत्र की मौत हो गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पानी भरे गड्ढे में गिरने से युवक की हुई मौत

छिबरामऊ, कन्नौज। हसेरन क्षेत्र के ग्राम डेकापुरवा निवासी 32 वर्षीय रंजीत पुत्र बच्चन लाल को दौरे की बीमारी थी। रविवार को वह अपने परिवार के साथ खेत में धान लग रहा था। तभी उसे दौरा पड़ गया और पास में पानी भरे गड्ढे में गिर गया। परिजनों से कुछ दूरी होने के कारण किसी को कुछ पता नहीं चला। कुछ समय बाद रंजीत के दिखाई न देने पर तलाश किया गया तो वह पानी के गड्ढे में पड़ा था। परिजन उसे निजी चिकित्सक और फिर सौ शैय्या अस्पताल ले गये। यहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### टिन शेड पर पन्नी डाल रहा युवक गिरकर घायल


छिबरामऊ, कन्नौज। सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी अमन चौहान पुत्र अमरपाल अपने घर की टिन शेड से पानी टपकता देख उसके ऊपर पन्नी डाल रहा था। तभी शेड सहित नीचे आ गिरा, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आ गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।

---

बहादुरपुर से दी जा रही आपूर्ति, सपा सरकार में उपकेंद्र निर्माण का हुआ था प्रस्ताव

# जिला अस्पताल के उपकेंद्र पर लाखों खर्च, नहीं मिली बिजली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जिला अस्पताल में बना विद्युत उपकेंद्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल का स्वतंत्र बिजली घर लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी यह चालू नहीं हो सका है। इससे बिजली समस्या बरकरार है। बिजली बार-बार आने-जाने मशीनें खराब हो रही हैं। लो वोल्टेज से उपकरण खराब हो रहे हैं।

जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज की तरह 24 घंटे बिजली देने के लिये सपा सरकार में उपकेंद्र स्थापित करने के लिये प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। उपकेंद्र निर्माण की स्वीकृति के बाद कार्यदायी संस्था के ठेकेदार में दो वर्ष बाद निर्माण का काम शुरू किया। कुछ काम करने के बाद धन की कमी बता कर कार्य बंद कर दिया गया। पांच वर्ष तक काम बंद रहा। इसके बाद सरकार को फिर से सुध आई तो उपकेंद्र का निर्माण दोबारा शुरू कर दिया गया। अब

**● उपकेंद्र चालू न होने से मिल रही काट-काट कर बिजली**

निर्माण पूरा हो चुका है पर उसे चालू नहीं किया गया है। आज भी जिला अस्पताल को बहादुरपुर विद्युत उपकेंद्र से स्वतंत्र फीडर के माध्यम से बिजली दी जा रही है। आलम यह है कि बारिश से पहले लो वोल्टेज की समस्या से जिला अस्पताल

**● बिजली की ट्रिपिंग होने से खराब हो रहे हैं उपकरण**

जूझता रहा। इससे सीटी स्कैन मशीन से लेकर डिजिटल एक्सरे समेत अन्य मशीने बंद होती रहीं। अब बारिश आई तो बार-बार ट्रिपिंग से मशीनें खराब होने लगीं। इसी का नतीजा है कि जिला अस्पताल में लगी सीटी स्कैन मशीन दो बार साफ्टवेयर क्रैश होने से खराब हो चुकी है। इसे ठीक कराने के लिय सरकार का पांच से सात लाख रुपये खर्च होता रहा पर यहां बने विद्युत उप केंद्र को चालू नहीं किया गया है। जिला अस्पताल को बाहरी उपकेंद्र से बिजली लेकर चलाया जा रहा है।

**क्षमता बढ़े तो चालू हो विद्युत उपकेंद्र**

- कन्नौज। सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि जिला अस्पताल में बनाया गया विद्युत उपकेंद्र 250 किलोवॉट क्षमता का है जबकि लोड 600 किलोवॉट का है। इस दशा में यदि उपकेंद्र को चालू किया जाता है तो यह फुंक जायेगा। जब उपकेंद्र को स्वीकृति मिली थी उस समय महिला अस्पताल की शुरुआत नहीं हुई थी। उस समय लोड 250 किलोवाट ही था। उपकेंद्र की क्षमता बढ़ाने के लिये लिखा पढ़ी की गई है। शासन से अधिशाषी अभियंता कन्नौज को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है पर अभी तक कोई जांच करने नहीं पहुंचा है। इससे उपकेंद्र से जिला अस्पताल को बिजली नहीं मिल रही है। सीएमएस की ओर से लगातार शासन को लिखापढ़ी की जा रही है।

## मारपीट के दौरान तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल

**तिर्वा, कन्नौज।** पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक युवक का तमंचा लहराने लगा जिसका किसी ने वीडियो बना कर वायरल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

- कोतवाली क्षेत्र के सेंगरन पुर्वा गांव का मामला

कोतवाली क्षेत्र के सेंगरन पुर्वा गांव निवासी अर्पणा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार कि सुबह गांव के निवासी एक परिवार के लोग पुराने विवाद को लेकर गाली दे रहे थे। विरोध करने पर आरोपी मारपीट करने लगे। इसी दौरान एक युवक तमंचा लेकर दौड़ पड़ा और जान से मारने की धमकी देने लगा। किसी ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो में तमंचा नहीं दिखाई दे रहा है। मारपीट में दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कानपुर मंडल के पांच जिलों से शिक्षकों ने नहीं किए आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख आज
- कानपुर देहात को छोड़ इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर व औरैया शून्य

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से हर साल दिए जाने वाले राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए कानपुर मंडल के छह जिलों में से महज कानपुर देहात से ही ऑनलाइन आवेदन हुआ है। इसके अलावा अन्य पांच जनपदों कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर नगर व औरैया से एक भी आवेदन नहीं पहुंचा है। यही हाल प्रदेश के कुल 48 जनपदों का है। इस वजह से आवेदन की तारीख 10 जुलाई से बढ़ाकर 15 यानि आज तक कर दी गई है।

निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने नौ जुलाई को पत्र भेजकर कहा है कि प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, भदोही, बिजनौर, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, कानपुर नगर, कासगंज, कौशांबी, खीरी, ललितपुर, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, सहारनपुर, संभल, संतकबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, उन्नाव, फिरोजाबाद, गौतम बुद्धनगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, हमीरपुर, हापुड़, झांसी से एक भी आवेदन राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए नहीं हुआ है।

पत्र के मुताबिक 27 जिलों से 39 आवेदन पहुंचे हैं। दूसरी ओर कुछ शिक्षकों का आरोप है कि पुरस्कार के लिए सिफारिश होती है। मेहनत व कई बार आवेदन करने के बाद भी पुरस्कार नहीं मिलता है। इस वजह से वह आवेदन नहीं करेंगे। परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल में कार्यरत अध्यापक व अध्यापिकाएं पुरस्कार चयन को लेकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## अभियान: पुलिस ने 33 वारंटी गिरफ्तार कर न्यायालय भेजे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले की थाना कोतवाली पुलिस ने अभियान चला कर 33 वारंटी को गिरफ्तार किया है। सदर कोतवाली पुलिस ने बारंटी विपिन पुत्र राजेश कुशवाहा, अजय पुत्र गोकरन नाथ निवासीगण ग्राम दंदौरा खुर्द थाना व जिला कन्नौज, अरविन्द यादव पुत्र शम्भू यादव निवासी मो. कानून गोयान, संगम बाबू पुत्र सूरज प्रसाद दुबे निवासी देविन टोला सरायमीरा, सुनील पुत्र मिढईलाल, राजवीर सिह पुत्र जगराम निवासीगण सैंदहा, चन्दन बाल्मीकि पुत्र राजेश बाल्मीकि निवासी चौराचांदपुर, मोहित पुत्र चन्द्रिका गिहार निवासी मो. कुतुलूपुर कोतवाली कन्नौज, गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने निहाल पुत्र नसीम, तहसीन पुत्र वाकर, तस्कीम पुत्र वाकर निवासी ग्राम डुण्डवा बुजुर्ग, बाबू पुत्र जदुवीर सिंह निवासी ग्राम बारामऊ बांगर, सुरेन्द्र पुत्र गन्धर्व सिंह ग्राम बदनापुर, छोटू गुप्ता पुत्र महेन्द्र कुमार गुप्ता मो. रामकृष्णनगर, पप्पू पुत्र जलील मो. बगिया समधन, कोतवाली गुरसहायगंज। तालग्राम पुलिस ने जुगुल किशोर पुत्र लालबहादुर सक्सेना निवासी ग्राम सिलुआपुर, प्रमोद कुमार उर्फ सोनू पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम कुशलपुर्वा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को गिरफ्तार किया है।

इसी तरह तिर्वा पुलिस ने अनिल कुमार पुत्र रामरूप, बीरभान पुत्र अमरसिंह निवासी निवासी गण ग्राम झुलनापुर, सुभाषचन्द्र पुत्र शेरपाल सिंह निवासी ग्राम मझरेटा थाना इन्दरगढ को गिरफ्तार किया। इसी तरह इंदरगढ़ पुलिस ने अनिल कुमार पुत्र रामरूप निवासी ग्राम झुलनापुर थाना इन्दरगढ, बीरभान पुत्र अमरसिंह निवासी ग्राम कन्हईपुर्वा थाना इन्दरगढ जनपद कन्नौज आदि वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

## रिश्वत का आरोप लगाने पर पुलिस ने पीड़ित खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कसावा के दंपति ने संपूर्ण समाधान दिवस में जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की थी
- एसआई अमित पोरवाल ने बीएनएस 2023 में धारा 226 के तहत दर्ज कराया प्रकरण

**अमृत विचार।** थाना ठठिया में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व कर्मियों पर रिश्वत लेने का आरोप लगाने वाले पीड़ित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद भी अधिकारियों व कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही आत्महत्या की धमकी भी दी गई है।

उप निरीक्षक अमित पोरवाल ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत धारा 226 में एफआईआर कराई है। ठठिया थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया गया है कि 13 जुलाई को थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में समाधान दिवस चल रहा था। यहां राजस्व निरीक्षक ओपी दुबे, लेखपाल शिवम गुप्ता व अन्य लेखपाल मौजूद थे। दोपहर साढ़े 12 बजे जय नारायन व विजय नारायण पुत्रगण छुन्नूलाल निवासी ग्राम सांडा थाना ठठिया और विश्वप्रकाश दुबे पुत्र स्वामी नंद दुबे निवासी कसावा थाना छिबरामऊ आए। उप निरीक्षक ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच सांडा में गाटा संख्या 418 में भूमि कब्जा को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा है। इसमें सिविल जज जूनियर डिवीजन के यहां वाद संख्या 663-23 विचाराधीन है और इसके वादी विजयनारायण हैं। आदेश में संयुक्त कब्जा व दखल में किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने से मना किया है। वादी को बेदखल करने और कृषि कार्य से रोकने पर भी मना किया है। रिपोर्ट में जिक्र है कि विश्व प्रकाश दुबे ने राजस्व निरीक्षक व थानाध्यक्ष अरुण कुमार से कहा कि सांडा चलो और जमीन पर कब्जा दिलाओ। इसमें यह भी बताया कि जिला जज के यहां वाद संख्या 38-24 अुतल कुमार बनाम राज्य भी विचाराधीन है। ऐसी स्थिति में पैमाइश व कब्जा दिलाना संभव नहीं है। बार-बार पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही आत्महत्या करने की धमकी दी जा रही है। मामले में जांच अधिकारी अवर निरीक्षक आनंद पांडेय को बनाया गया है।

**रिपोर्ट में भी झोल**

- एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस चल रहा था, लेकिन रिपोर्ट में थानाध्यक्ष का जिक्र है।
- कसावा के दंपति ने रिश्वत का आरोप लगाया लेकिन रिपोर्ट में इसका भी हवाला नहीं दिया गया

## सार-संक्षेप



सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा सत्यप्रकाश। अमृत विचार

### निस्वार्थ भाव से की गई भक्ति होती सर्वश्रेष्ठ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें गुगरापुर के महात्मा सत्यप्रकाश ने कहा कि निस्वार्थ भाव से भक्ति करने वाला भक्त श्रेष्ठ होता है। जब प्रार्थना में मांग जुड़ जाती है। तो वह निस्वार्थ नहीं रह जाती है। तब हम भक्त नहीं बल्कि याचक बन जाते है। इसलिए निस्वार्थ भाव से भक्ति करके ही सदगुरू की शरण में जाया जा सकता है। प्रवचन के दौरान उन्होने बताया कि भक्त समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत होता है। लोग उनको देखकर अनुशरण करते है। जो गुरसिख सदगुरु की बात मानता है। जो भेद करता है, वो भक्ति की कसौटी पर खरा नहीं उतर पाता है। इस दौरान मुखी महात्मा विपिन, विश्राम सागर, देवेन्द्र, अशोक, शिवा, ईश्वर दयाल, सुरेंद्र, आकाश, आरती, रश्मि, सुनीता, सेजल, पूनम, सुनीता आदि सत्संगी मौजूद रहे।



नगर में अलम का जुलूस निकालते लोग। अमृत विचार

### मातमी धुनों के साथ निकाला अलम का जुलूस

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मोहर्रम की सातवीं तारीख पर रविवार की दोपहर लगभग 02 बजे अलम का जुलूस मातमी धुनों के साथ गमगीन माहौल में निकाला गया। जुलूस की शुरुआत नगर के मुहल्ला किदबई नगर, गांधी नगर जीटी रोड स्थित इमाम चौक से की गई। जुलूस नगर के जीटी रोड, मो. अफसरी, चकोर गली, तिर्वा रोड होता हुआ मुरादगंज पहुंचा। यहां से इमाम चौक पर जुलूस का समापन कर दिया गया। अकीदतमंद करबला में शहीद हुए लोगों को याद कर जुलूस में शामिल हुए। नगर के विभिन्न स्थानों पर जुलूस में शरबत बांटा गया। जुलूस में शहर काजी हाफिज जुम्मन, अध्यक्ष लालमियां, मुन्ना, सूफी कमर, शकील फारूखी, राशिद, फैजान, मुनीर कुरैशी आदि मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, एसएसआई शैलेन्द्र कुमार, कस्बा चौकी प्रभारी रोबिन सिंह, एसआई रवीन्द्र सिंह, नीरज शर्मा, आशीष कुमार आदि पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे।

## होर्डिंग लगाने वाले का पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




लगाई गई होर्डिंग अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक तरफा प्यार में शहर के अंदर कन्नौज-मकरंदनगर मुख्य मार्ग पर पहले प्यार और शादी करने के प्रस्ताव की होर्डिंग लगाने वाले का अब तक पता नहीं लग सका है। लोगों का कहना है कि यदि मामले में कार्रवाई नही हुई तो आगे भी लोग इस तरह की हरकत कर सकते हैं। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के प्रयास ही बंद कर दिये हैं। होर्डिंग हटवाने भर का काम करके पल्ला झाड़ लिया है लेकिन लोगों में मामला अब भी चर्चा का विषय बना है।

बता दें कि हाल ही के दिनों में जिला मुख्यालय पर एक प्रेमी ने विशालकाय होर्डिंग टांग कर प्रेमिका से न सिर्फ प्यार का इजहार कर दिया बल्कि शादी का प्रस्ताव भी कर दिया। और तो और इस पर अपने साथ प्रेमिका का नाम भी लिखवा दिया। पहली बार इस तरह का प्रेम का इजहार जिले भर में चर्चा का विषय बन गया और वीडियो भी वायरल हो गया। बताया जाता है कि तीन जुलाई को होर्डिंग लगाई गई थी पर इस पर गौर लोगों ने देर से किया। जब मामला मीडिया के सामने पहुंचा तो पुलिस ने बिजली घर के निकट लगी इस होर्डिंग जो लोहे के गाटर से मजबूत बांधी गई थी को उतरवा दिया पर यह हरकत करने वाले की खोज नहीं की। लोग चर्चा कर रहे हैं कि यदि इस व्यक्ति पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो और भी लोग युवतियों की छवि इसी तरह से खराब करने का दुस्साहस कर सकते हैं। पुलिस को चाहिये कि सीसीटीवी फुटेज देख कर पता लगाए कि होर्डिंग कब और किस साधन से लाई गई। कौन-कौन साथ में था और इससे भी ज्याद जरूरी बात यह कि इसे कहां बनवाया गया। इन सवालों के जवाब मिलते ही आरोपी पकड़ में आ जाएगा। लोगों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को पकड़ा जाए ताकि और कोई इस तरह की कारस्तानी का साहस न जुटा सके।

## पुलिस ने 12 शातिरों की हिस्ट्रीशीट खोली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**● यह सभी अपराधकर धन अर्जित करते**

**अमृत विचार।** एसपी के निर्देश पर पुलिस ने 12 हिस्ट्रीशीटरों की कुंडली खोली है। इंदरगढ़ पुलिस ने शाजिद निवासी कचाटीपुर थाना इन्दरगढ़ जनपद कन्नौज, रामजी तिवारी निवासी ग्राम जगतापुर थाना इन्दरगढ, आनंद निवासी ग्राम जगतापुर थाना इन्दरगढ, गुरसहायगंज पुलिस ने रामकुमार शर्मा निवासी मोहल्ला रामगंज थाना गुरसहायगंज, अर्पित शाक्य निवासी बबरापुर सरायप्रयाग थाना गुरसहायगंज, तिर्वा कोतवाली पुलिस ने करिया निवासी ग्राम बलनपुर थाना तिर्वा, सौरिख थाना पुलिस ने सुमित निवासी ग्राम कांकरकुई थाना सौरिख, सदर कोतवाली पुलिस ने मौअज्जम हुसैन निवासी मो. हाजीगंज थाना कन्नौज जनपद कन्नौज, वसीम कुरैशी पुत्र समीस निवासी मो. बीबी चिमनी थाना कन्नौज, सददीक पहलवान पुत्र इशहाक निवासी मो. बीबी चिमनी थाना कन्नौज, फहीम पुत्र कमरबक्स निवासी मो0 बीबी चिमनी, अजीत उर्फ अमित कुशवाहा पुत्र रघुवीर कुशवाहा निवासी युशुफपुर भगवान थाना कन्नौज की हिस्ट्रीशीट खोली है।

---

मौसम | बादलों की आस में आसमान ताकते रहे लोग, नहीं हुई बारिश

# दिन भर खिली रही धूप और उमस ने किया हाल बेहाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



महादेवी गंगा घाट पर बढ़ते जलस्तर का नजारा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मई से लेकर जून तक भीषण गर्मी झेल चुके लोग अब बारिश का रोज ही इंतजार कर रहे हैं। सुबह से ही आसमान ताकते रहे न तो कहीं बादल नजर आए और न ही एक भी पानी की बूंद गिरी। दिन भर खिली धूप और पूर्वी हवा के चलते भीषण उमस लोगों को बेहाल करती रही। दोपहर के समय इस कदर गरमी रही कि सड़कों पर सन्नाटे की स्थिति दिखाई दी। हालांकि मौसम विभाग लगभग रोज ही हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जता रहा है।

रविवार को सुबह से ही तेज धूप का प्रकोप रहा जिससे उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन रहे। रह-रहकर आसमान तो कहीं नेट खोलकर ताकते रहे कि बारिश की कितनी संभावना है? इंटरनेट पर बारिश की भविष्यवाणी देख आश्वस्त होते कि थोड़ी देर में बारिश होगी लेकिन बादल का एक टुकड़ा तक नजर नहीं आया। मौसम विज्ञानियों की मानें तो पर्यावरण के साथ मानव द्वारा किए गए खिलवाड़ के चलते ही कभी बादल बनते हैं तो ठहरते नहीं और ठहरे भी तो ज्यादा देर बरसते नहीं। इस कारण रोज की जा रही भविष्यवाणी भी ज्यादा सटीक नहीं बैठ रही है। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 38.1 तो न्यूनतम 27.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान कहीं-कहीं पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं 15 से 17 जुलाई के मध्य पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। अगले 48 घंटे में जनपद कन्नौज और आसपास की क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

**अब नहीं दिख रही काली व गंगा नदी अलग-अलग**

- कन्नौज। चौधरी चरण सिंह गंगा बैराज नरौरा से लगातार पानी छोड़े जाने व अन्य जनपदों और प्रदेशों में हो रही बारिश के चलते गंगा का जलस्तर और बढ़ गया है। चेतावनी बिंदु से जलस्तर 17 सेमी ही दूर रह गया है। गंगा व काली नदी मिलकर एक हो गईं हैं। माना जा रहा है कि एक से दो दिन में गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार हो जाएगा। रविवार को जलस्तर में 17 सेमी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। सिंचाई विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक नरौरा बांध से 30,986 क्यूसेक पानी गंगा के लिए छोड़ा गया। बढ़ते जलस्तर से किसानों की धड़कने तेज हो गईं हैं। फसलें भी काफी डूब गईं हैं। हालांकि कासिमपुर व बख्शीपुर्वा गांव में रहने वाले ग्रामीणों में बेफिक्री साफ तौर पर देखी जा सकती है।

## इंडिया गठबंधन को मिलीं 10 सीटें तो बांटी मिठाई, की आतिशबाजी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



इंडिया गठबंधन की जीत पर मिठाई खिलाते कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल।

**अमृत विचार।** देश के सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में इंडी गठबंधन की भारी विजय पर कांग्रेस कमेटी ने खुशी का इजहार किया। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय मकरंदनगर से लेकर चौराहे तक सभी कार्यकर्ताओं ने नारों और ढोल नगाड़े पर नाचते हुए एक दूसरे को और जनता को मिठाई खिलाई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान मोदी सरकार के फर्जी अमृत काल में देश युवा, महिला, किसान, आम जनमानस महंगाई से त्रस्त है जिस कारण विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन को जबरदस्त विजय मिली। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशासन अविनाश चंद दुबे, जिला उपाध्यक्ष तारिक वशीर, जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे, पूर्व शहर अध्यक्ष एहसान उल हक खान, आकाश कटियार, जिला अध्यक्ष निशक्तजन प्रकोष्ठ, सत्य प्रकाश शर्मा, शमशाद सिद्दीकी जिला सचिव, अशोक कनौजिया ब्लॉक अध्यक्ष उमर्दा ( तिर्वा), रमाशंकर राठौर जिला महासचिव, अमीन खान, शमशाद सिद्दीकी जिला सचिव, आशुतोष त्रिपाठी, कुन्ना गिहार, बलराम गिहार मौजूद रहे।

अकार्यकरणाद् भीत : कार्याणान्च विवर्जनात्।
अकाले मन्त्रभेदाच्च येन माद्देन्न तत् पिबेत्॥

व्यक्ति को नशीला पेय नहीं पीना चाहिए ,आयोग्य कार्य नहीं करना चाहिए। योग्य कार्य करने में आलस्य नहीं करना चाहिए तथा कार्य सिद्ध होने से पहले उद्घाटित करने से बचना चाहिए।

## संपादकीय

# लोकतंत्र के लिए खतरा

अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को पेंसिल्वेनिया के बटलर फार्म शो की रैली में कई गोलियां दागी गईं। एक गोली पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के दाहिने कान को भेदती निकल गई। पूर्व राष्ट्रपति पर हमले की इस घटना से पूरा विश्व हैरान है। हमले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो चुका है। दुनिया भर के नेताओं ने डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की निंदा की है। अमेरिकन सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा कि रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप पर हमला करने वाला मारा गया। दूसरे व्यक्ति की फायरिंग में मौत हो गई, दो अन्य दर्शक घायल हो गए। हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रुक्स पेंसिल्वेनिया का ही था, जिसकी उम्र 20 साल थी। एफबीआई उसका विवरण और हमले का मकसद पता कर रही है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि हमें सभ्य तरीके से व्यवहार बनाए रखना चाहिए। हिंसा का कोई स्थान नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

वास्तव में ऐसी हिंसक घटनाएं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। राजनीतिक हिंसा कभी भी स्वीकार्य नहीं है। जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने कहा कि यह अमेरिकी लोकतंत्र के लिए काला दिन है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हिंसा और बढ़ने का डर जताया है। किसी भी तरह की राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। ज्यादातर नेताओं ने कहा-चुनावी रंजिश में नफरत इतनी ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले से पहले अमेरिका में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। हमले के बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस पर भी सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञ इसे सुरक्षा में बड़ी चूक मान रहे हैं। सुरक्षा अधिकारियों की मौजूदगी में एक कड़ी सुरक्षा वाले क्षेत्र में यह हमलावर एक ऐसी बंदूक लेकर गया जिसे छिपाया नहीं जा सकता और फिर भी सीक्रेट सर्विस हमले को न रोक पाई। नवंबर में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इन चुनावों में बाइडेन की फिटनेस पर लगातार उठते सवालों के बीच ट्रंप को बढ़त मिलने की उम्मीद है। क्या ट्रंप पर हुआ यह हमला उन्हें और भी ज्यादा मजबूत स्थिति में पहुंचा देता है। आने वाले दिनों में इस घटना का अमेरिका के चुनाव में क्या प्रभाव पड़ेगा देखने वाली बात होगी।

# जाति व्यवस्था का औपचारिक-अनौपचारिक विमर्श


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> औद्योगिक क्रांति के बाद दास से भूदास बने गांवों के किसान भरभरा कर शहरों की ओर भागे और वहां कारखानों में मजदूरी करने लगे। मार्क्सवाद में उन्हें सर्वहारा कहा गया, क्योंकि उनके पास शरीर के सिवा कुछ भी नहीं था और जीवित रहने की न्यूनतम सुविधाओं के मूल्य (वेतन) पर उसे पूंजीपतियों को बेचने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था।

> दास प्रथा यूरोप के मध्ययुग से होते हुए आधुनिक युग की प्रारंभिक शताब्दियों तक निर्बाध चलती रही। दास प्रथा के खात्मे के बाद यही दास भूदासों में अंतरित हो गए, जो सामंतों की जायदाद में बंधुआ मजदूर की तरह काम करते थे और एक सामंत की जायदाद छोड़कर दूसरे के यहां नहीं जा सकते थे। आए दिन कोड़े खाना उनकी सामान्य नियति थी। अफ्रीका के स्वतंत्र लोगों को हठात घेरकर उन्हें पकड़ने और जबरन दास बनाकर, जहाजों में ठूंसकर, अन्य महाद्वीपों में ले जाकर उन्हें पशुवत बेच देने की प्रथा अमेरिकी गृहयुद्ध (1861–1865) तक चलती रही जब उत्तर के उद्योग प्रधान राज्यों के संयुक्त मोर्चे ने कृषि प्रधान दक्षिणी राज्यों के संघ को पराजित कर दास प्रथा के उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया।

जाति व्यवस्था को लेकर औपचारिक-अनौपचारिक विमर्श निरंतर जारी है। इस समय जातीय जनगणना हवा में कुलांचें भर रही है। चुनावों के समय, खासकर उत्तर भारत में, सामान्यजन में अस्मिता बोध और पीड़ित मानसिकता जगाने का यह एक बना-बनाया और बार-बार आजमाया गया औजार है। इस बोध और मानसिकता का येन केन प्रकारेण दोहन करने की प्रवृत्ति आम है, जो हिंदू समाज के विद्वेषपूर्ण विखंडन को बल देती है।

लिहाजा, मौजूदा परिदृश्य में हिंदू समाज के इस कलंक को समाप्त करने में खांटी रुचि किसी की नहीं दिखती। इसके विपरीत इसे समाप्त करने के विरुद्ध निहित स्वार्थ अधिक सक्रिय नजर आते हैं। जाति व्यवस्था के राजनीतिक विमर्श में कोई पक्ष लेने के बजाय, इसकी उत्पत्ति, स्वरूप और परिणति का यथासंभव तटस्थ ऐतिहासिक और अकादमिक लेखा-जोखा प्रस्तुत करने की प्रासंगिकता अभी निःशेष नहीं हुई है। यह एक चौंकाने वाला किंतु कटु सत्य है कि प्रायः सभी उन्नत सभ्यताएं समाज के एक बड़े वर्ग के शोषण पर फल-फूलकर ही उन्नत हुई थीं। सभ्यता और संस्कृति की ऊंचाइयां छूने के लिए उस वर्ग को इतिहास में अनाम और अदृश्य रहकर चुपचाप अपने को होम कर देना पड़ा था। वर्तमान औद्योगिक सभ्यता में भी इस तत्व के अवशेष देखे जा सकते हैं। उपनिवेशवाद के बिना औद्योगिक क्रांति की संभावना बहुत न्यून थी और उपनिवेशवाद उपनिवेशों के शोषण का एक सुदृढ़ संस्थागत स्वरूप था। उपनिवेशों और उपनिवेशक देशों के भीतर चले आ रहे पारंपरिक शोषण के समांतर।

यूनानी सभ्यता में दासों की स्थिति पर कोई चिंतन नहीं मिलता, क्योंकि वे नगर राज्यों के नागरिकों में शामिल ही नहीं थे, जिन्हें प्लेटो ने शासक, सैनिक और उत्पादक की तीन श्रेणियों में बांटा है। मुख्यतः दासों के श्रम की बदौलत ही बौद्धिक वर्ग को जीविकोपार्जन की चिंताओं से मुक्त, चिंतन-मनन के लिए वह बहुमूल्य चीज मिलती थी, जिसे प्राचीन यूनान में 'अवकाश' कहा जाता था और जिसे एक चिंतनशील, सार्थक नागरिक जीवन जीने के लिए अनिवार्य बताया गया था। प्लेटो ने तो दासों पर कोई विचार ही नहीं किया और अरस्तू ने उन्हें जीवित औजार कहकर टाल दिया। रोमन साम्राज्य के युग में दासों की संख्या में विपुल विस्तार हुआ। रोमन भी यूनानियों की तरह विदेशियों को (भारतीयों के 'म्लेच्छ' की तर्ज पर) बर्बर समझते थे। साम्राज्य निर्माण और विस्तार की प्रक्रिया में युद्ध में विजित सेना के बंदी सैनिकों को दास बनाने की प्रथा आम थी। कभी-कभी तो विजित प्रदेश के सारे निवासियों को दास बना लिया जाता था। यही दास मनोरंजन के लिए स्टेडियम में ग्लेटियेटर के रूप में, दो में से एक की मौत तक, आपस में लड़ाए जाते थे, जिसकी क्रूरता का आख्यान हॉवर्ड फास्ट के प्रसिद्ध उपन्यास स्पार्टकस में वर्णित है। एक विडंबना के तौर पर, साम्राज्य विस्तार के साथ रोमन सेना में 'बर्बर' सैनिकों की वृद्धि ही रोमन साम्राज्य के पतन का प्रमुख कारण बनी, इन सैनिकों में रोमन सम्राट के प्रति स्वामिभक्ति के अभाव के चलते जर्मन, गोथ, बंडल एवं हूण कबीलों के भीषण आक्रमण के सामने रोमन साम्राज्य ताश के पत्ते की तरह ढह गया। दास प्रथा यूरोप के मध्ययुग से होते हुए आधुनिक युग की प्रारंभिक शताब्दियों तक निर्बाध चलती रही। दास प्रथा के खात्मे के बाद यही दास भूदासों में अंतरित हो गए, जो सामंतों की जायदाद में बंधुआ मजदूर की तरह काम करते थे और एक सामंत की जायदाद छोड़कर दूसरे के यहां नहीं जा सकते थे। आए दिन कोड़े खाना उनकी सामान्य नियति थी। अफ्रीका के स्वतंत्र लोगों को हठात घेरकर उन्हें पकड़ने और जबरन दास बनाकर, जहाजों में ठूंसकर, अन्य महाद्वीपों में ले जाकर उन्हें पशुवत बेच देने की प्रथा अमेरिकी गृहयुद्ध (1861-1865) तक चलती रही जब उत्तर के उद्योग प्रधान राज्यों के संयुक्त मोर्चे ने कृषि प्रधान दक्षिणी राज्यों के संघ को पराजित कर दास प्रथा के उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया। इसका मूल्य इस अभियान के नायक राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को अपने जीवन का बलिदान देकर चुकाना पड़ा।

औद्योगिक क्रांति के बाद दास से भूदास बने गांवों के किसान भरभरा कर शहरों की ओर भागे और वहां कारखानों में मजदूरी करने लगे। मार्क्सवाद में उन्हें सर्वहारा कहा गया, क्योंकि उनके पास शरीर के सिवा कुछ भी नहीं था और जीवित रहने की न्यूनतम सुविधाओं के मूल्य (वेतन) पर उसे पूंजीपतियों को बेचने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था। पूंजीपति उन्हें उतना ही देता था, जितने से वे काम करने लायक बने रहें और अपने परिवार को बनाए रखें ताकि अगली पीढ़ी को भी मजदूर मिलते रहें। लंदन में ये टेम्स के किनारे झुग्गियों में रहते थे, जहां दुर्गंध भरे कचरे की भरमार होती थी। फिर भी ये सर्वहारा भूदासों से बेहतर स्थिति में थे, क्योंकि ये अपने वेतन को जैसे चाहें खर्च करने के लिए स्वतंत्र थे और एक पूंजीपति को छोड़कर दूसरे के कारखाने में काम करने जा सकते थे। यही कारण है कि इस दौर में गांवों से शहरों की ओर पलायन इतनी तेजी से हुआ कि औद्योगिक क्रांति में अग्रणी इंग्लैंड जैसे देशों के कई निर्वाचन क्षेत्रों में बहुत थोड़े मतदाता रह गए, जिनका मत खरीदकर कोई भी साधन संपन्न व्यक्ति संसद सदस्य बन सकता था, इसीलिए इन क्षेत्रों को पॉकेटबरो या रॉटेनबरो कहा गया। यह इस बात का प्रमाण है कि सर्वहारा की स्थिति कितनी भी दयनीय रही हो, वह भूदासों से बेहतर थी। उसी तरह भूदासों की स्थिति दासों से बेहतर थी। इससे यूरोप में दासों की क्या स्थिति थी, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। श्रम-कल्याण के कानूनों से धीरे-धीरे मजदूरों की दशा में सुधार हुआ, किंतु सामंतयुग के अवशेष सामान्यजन और भद्रपुरुष के बीच की ठोस दीवार बहुत बाद तक कायम रही। उपनिवेशों सहित सभी जगह प्रशासनिक अधिकारी और सेना के कमीशन प्राप्त अधिकारी भद्रवर्ग के (पूर्व सामंती खानदान के कुलीन) लोग ही होते रहे। भारत का औद्योगीकरण मजदूरों की हालत में काफी सुधार हो चुकने के बाद शुरू हुआ। इसलिए यहां न ही कभी 'औद्योगिक क्रांति' हुई, न सर्वहारा का उदय। भारत में पश्चिम की तरह की दास प्रथा भी नहीं रही, न भूदासों पर निर्भर वहां की तरह का लॉर्ड और वासल के पिरामिड वाला सामंतवाद। खेती के साथ उन्नत हस्तशिल्प के सहारे (जिसके उच्च कोटि के उत्पाद की विश्वबाजार में जबरदस्त मांग थी) लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी होती रहीं। जैसा कि फाहियान (327-422 ई.) और ह्वेनसांग (602-664 ई.) के निष्पक्ष वर्णनों से पता चलता है, प्राचीन भारत में सामान्य जनता अमूमन खुशहाल रही। डॉ. आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'हू वर द शुद्र' (1946) में वर्ण व्यवस्था की उत्पत्ति की विवेचना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त की इस ऋचा से शुरू की है-ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायत।। (10.90.12) अर्थात् ब्राह्मण उसका मुख था, बांहों से क्षत्रिय की रचना की गई, वैश्य उसकी जंघा थी, शूद्र उसके पैरों से उत्पन्न हुआ।

पुरुष सूक्त की सोलह ऋचाएं सृष्टि का काव्यात्मक रूपक खड़ा करती है, जिसमें यज्ञ पुरुष (या विराट पुरुष) के भिन्न-भिन्न अंगों से सृष्टि के भिन्न-भिन्न उपादानों की रचना का आख्यान है, किंतु ऋग्वेद की ही क ऋचाएं हैं, जो मनुष्य मात्र की उत्पत्ति मनु से प्रतिपादित करती हैं। मनु के आदिपुरुष होने की यह धारणा इतनी मूलभूत है कि पुराण, स्मृति तथा धर्मसूत्र बार-बार इसका उल्लेख करते हैं। अंतर्विरोध स्पष्ट है। या तो मानव मात्र के पूर्वज एक ही (मनु) थे या वे यज्ञ पुरुष के चार भिन्न अंगों से उद्भूत चार भिन्न पुरुष थे। ऋग्वेद की एक ऋचा (9.112.3) का ऋषि घोषित करता है कि मैं बढ़ई हूं, मेरे पिता वैद्य हैं और मेरी मां उपले बनाती हैं (कारुरहं ततो भिषक् उपलपृक्षिणी नना)। पुरुष सूक्त को छोड़कर ऋग्वेद में अन्यत्र कहीं चार वर्णों का उल्लेख नहीं मिलता।

## प्रसंगवश

# जल अपराध

जल जीवन है। जीवन के लिए अपरिहार्य है। अब यह भारत के लोकमानस की पद्धति है कि उसने जल को देवता के रूप में स्वीकार कर लिया और पवित्रता के भाव से जोड़ लिया। उसे तीर्थ माना गया। जलाशय के पास जूते पहनकर नहीं जाना, वहां कोई जूठी चीज नहीं छोड़नी, वहां थूकना मत, वहां कुल्ला मत करना आदि आदि पाप की श्रेणी में मान लिए गए। कितने ही लोग थे, जो पवित्र भाव से घाटों की सफाई करते थे, लेकिन समय बदला। वर्जनाएं टूटी।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सामाजिक दृष्टि धीरे-धीरे व्यक्ति लाभ में परिवर्तित होने लगी। तर्क निकला पाप क्या होता है? लोकदृष्टि की अवमानना हुई, लोग बेवकूफ हैं, अपढ़ हैं, अंधविश्वासी हैं। हम पढ़े लिखे हैं, तर्कशील हैं। तर्क की ओट में व्यक्ति स्वार्थ को छिपने की जगह मिल गई थी। गंगा-यमुना के घाट कुंआ-तालाब, कुंड-सरोवर, पोखर, जो अब तक सार्वजनिक पवित्रता के केन्द्र थे। निजी संपत्ति में तब्दील हुए। (निजीकरण के समर्थक इस तथ्य को ध्यान से समझें) उद्योगों का जाल बिछा, जरूरी था, किंतु लाभ की तात्कालिक दृष्टि ने समष्टिभाव को आहत किया। छिन्न-विच्छिन्न किया। उद्योगों का प्रदूषण धरती पर बिखरा और बिखरता गया, हवा में गया और बिना परवाह के जाता ही रहा, उद्योगों का प्रदूषण जल स्रोतों में गया और बेखटके जाता रहा। जनता के बीच आवाजें उठीं, किन्तु व्यक्ति स्वार्थ ने, जो भ्रष्टाचार के साथ एकाकार हो चुका था, उस आवाज को कुचल दिया। प्रत्येक शहर के साथ यह हुआ और आज भी हो रहा है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पानीपत के तीन उद्योगों पर छापा मारा, देखा कि उनका कैमिकल वाला पानी भूजल को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषित कर रहा है। अब जो भी कुछ होगा, वह सामने आएगा, किंतु यह कोई नई बात तो है नहीं, अनेक उद्योग इस प्रकार के पानी को बोरिंग करके भूगर्भ में डालते रहे हैं। कई साल पहले जब पानीपत में पीलिया फैल गया था, ऐसी केंद्रीय टीम आई थी। कुछ दिनों धर-पकड़ हुई फिर ढाक के तीन पात। मूल बात है भ्रष्टाचार। व्यक्ति स्वार्थ।

# समस्याओं पर ध्यान लगा व्यापक सुधार लाएं


बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

> इसमें कोई शक नहीं कि आपातकाल में बहुत अधिक अवैध गिरफ्तारियां हुईं और उसी का दंड जनता ने 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी को हराकर दे दिया।

25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा कर विरोधी दल के नेताओं, कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों को गिरफ्तार करा दिया था तथा खबरों पर सेंसरशिप लगा दी थी। उस दिन को याद करने हेतु 12 जुलाई को केंद्रीय सरकार ने घोषित किया है कि अब प्रत्येक 25 जून को "संविधान हत्या दिवस" मनाया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि तत्कालीन सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया, लोगों पर ज्यादती और अत्याचार किए गए। गृह मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इस दिन इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोट दिया था। लाखों लोगों को जेल में डाल दिया गया एवं मीडिया की आवाज दबा दी गई।

इसमें कोई शक नहीं कि आपातकाल में बहुत अधिक अवैध गिरफ्तारियां हुईं और उसी का दंड जनता ने 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी को हराकर दे दिया। कांग्रेस उत्तर भारत में, खासकर हिंदी बेल्ट में हारीं थी, दक्षिण भारत में उसे पर्याप्त सीटें मिली थीं। तात्पर्य यह कि दक्षिण भारत ने आपातकाल को संविधान की हत्या नहीं मानी और रायबरेली की हार का बदला चिकमगलूर से इंदिरा गांधी को संसद भेजकर दिया। उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय ने आपातकाल की घोषणा को संविधान का हनन माना था, ऐसी कोई जानकारी मुझे नहीं है। आपातकाल का प्रावधान संविधान में है इसलिए आपातकाल की घोषणा संविधान की हत्या नहीं माना जा सकता। विरोधियों की गिरफ्तारी, मौलिक अधिकारों का निलंबन प्रजातंत्र की हत्या कहीं जा सकती है। आपातकाल लागू होने के 50 वर्ष बाद 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने का औचित्य समझ में नहीं आया। वर्ष 1977 से 1980 तक के तीन वर्ष की जनता सरकार ने यह घोषणा नहीं की जबकि सर्वाधिक महत्वपूर्ण बंदी उस संसद में थे। बाद में भाजपा के सहयोग से कई प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी वाजपेई पांच वर्ष तथा मोदी जी भी लगातार 10 वर्ष से प्रधानमंत्री व अमित शाह मंत्री हैं। आज यकायक संविधान हत्या की याद कहां से आ गई? पिछले माह ही 25 जून था, तब आपात काल की भर्त्सना तो की गई, लेकिन इस दिवस की घोषणा नहीं की गई।

गुजरात तथा बिहार के छात्र आंदोलनों का हो रहा विस्तार, जार्ज फर्नांडिस की रेलवे तथा अन्य हड़तालों से देश में अनुशासन समाप्त हो रहा था, विद्यालय बंद थे, जेपी सेनाओं को भी विद्रोह हेतु उकसा रहे थे, चुनी हुई सरकार को भंगकर पुनः चुनाव की मांग की जा रही थी। ऐसी स्थिति में देश में आपातकाल लागू किया गया था, जिसका प्रावधान संविधान में है। आपातकाल लागू होने के बाद अधिकारियों का समय से कार्यालय आकर कार्य करना, ट्रेनों का समय से चलना, विद्यालयों में पढ़ाई होना, आंदोलनों के समाप्त होने जैसे बहुत से अच्छे कार्य भी हुए। प्रधानमंत्री के 10 सूत्री कार्यक्रम तथा संजय गांधी के चार सूत्री कार्यक्रम (बलात नसबंदी को छोड़कर) का लाभ देश को मिला। विनोबा भावे ने इसे अनुशासन पर्व कहा था। यदि जनता इसे संविधान की हत्या मानती तो इंदिरा गांधी तथा कांग्रेस पुनः सत्ता में न आती।

अगर संविधान की हत्या को देखें तो संविधान की हत्या का आरोप तो भाजपा पर भी लग रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में बाबरी मस्जिद की रक्षा का मुख्यमंत्री द्वारा शपथपत्र दाखिल करने के बाद भी मस्जिद तोड़ी गई और वहां नियुक्त पुलिस बल मूकदर्शक बना रहा। बाबरी मस्जिद तोड़ने में प्रयासरत कारसेवकों पर फायरिंग कराने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की भर्त्सना करने के बाद पद्मविभूषण प्रदान किया गया। गुजरात में गोधरा कांड के बाद जो दंगे हुए उस समय वहां भाजपा का शासन था, मणिपुर में जो भयानक हिंसा हो रही है, वहां भाजपा है, पश्चिम बंगाल में जो हिंसा हो रही है, केंद्र में भाजपा है। इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया तो अमेरिका की धमकियों की परवाह न कर पाकिस्तान के दो टुकड़े भी किए। चीन के विरोध के बाद भी सिक्किम को भारतीय गणतंत्र में शामिल भी किया। हम शोशेबाजी को छोड़कर आज की गंभीर समस्याओं बढ़ती आबादी, गरीबी, बेरोजगारी, धार्मिक कट्टरता, नारियों का सम्मान, अच्छी शिक्षा तथा स्वास्थ्य, वैज्ञानिक उपलब्धियां आदि पर ध्यान केंद्रित कर इसमें व्यापक सुधार लाएं तो बेहतर होगा।

## सोशल फोरम

# विदेश नीति के उपकरण

> निरंतर कूटनीतिक संवाद और हस्तक्षेप, ये दो विदेश नीति के महत्वपूर्ण उपकरण रहे हैं। अफसोस की बात है अब यह सब खत्म कर दिया गया है। विदेश नीति के नाम पर इवेंट होते हैं।

भारत अब एक बंद गली में रहता है। एक जमाना था विभिन्न देशों की गरीब और जुल्म से पीड़ित जनता की मदद करना हमारी विदेश नीति की अंग था। फिलिस्तीन, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, क्यूबा, वियतनाम आदि को भारत ने जो मदद दी वह सारी दुनिया में सराही गई। यहां तक कि जाफना में तमिलों पर होने वाले जुल्मों का हमने विरोध ही नहीं किया, उनकी रक्षा के लिए सैन्य कार्रवाई की।


प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

सिंहली राष्ट्रवादी और लिट्टे के आतंक से जाफना को मुक्त किया और स्वायत्त शासन की स्थापना में अहम भूमिका अदा की। जाफना के पुनर्निर्माण में करोड़ों रुपए की सालाना मदद की। लाखों तमिल शरणार्थियों को तमिलनाडु में लंबे समय तक हर तरह की मदद की। बांग्लादेश (पहले पूर्वी पाकिस्तान) में जब पाक सेना जुल्म कर रही थी तो अवामी लीग और बांग्लादेश की जनता की सभी नियम तोड़कर मदद की, बांग्लादेश को आजाद कराया। भारत ने यह नहीं सोचा कि दुनिया क्या कहेगी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस परंपरा से उलटे काम किए हैं। एक-एक करके सब पड़ोसी देशों से संबंध बिगाड़ लिए हैं। कल्पना कीजिए सन बासठ के चीन के साथ युद्ध के बाद लगातार कूटनीतिक संवाद को महत्व देकर निरंतर वार्ताएं चलाकर चीन को व्यस्त रखा गया। चीन इसके कारण भारत की जमीन का कोई टुकड़ा अपने कब्जे में नहीं ले पाया। निरंतर कूटनीतिक संवाद और हस्तक्षेप, ये दो विदेश नीति के महत्वपूर्ण उपकरण रहे हैं। अफसोस की बात है अब यह सब खत्म कर दिया गया है। विदेश नीति के नाम पर इवेंट होते हैं। इवेंट, विदेशी नेताओं से मिलना और भाषण देना विदेश नीति नहीं है। हमने विदेश नीति का अंत करके अमेरिका की सबसे बड़ी सेवा की है।

-फेसबुक वॉल से

# संकट में उत्तराखंड की जड़ी-बूटियां


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> जंगल में वन औषधीय पौधे अपने आप उगते हैं, पर तस्कर बड़ी बेरहमी से जड़ों सहित इन पौधों को उखाड़ कर ले जाते हैं। तस्कर कई बार सीधे-साधे गांव वालों से कम दामों में जड़ी-बूटियां खरीद लेते हैं। गांव वाले जड़ी-बूटियों के वास्तविक मूल्य से अनभिज्ञ रहते हैं।

उत्तराखंड का पर्वतीय क्षेत्र अपनी अकूत वन संपदा और वनस्पतियों की विविधता के लिए जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ सालों में शिवालिक पर्वत शिखरों मे पाई जाने वाली जड़ी बूटियां अवैध दोहन और तस्करी के चलते तेजी से विलुप्त हो रही हैं। उत्तराखंड के हिमालय को हिमवंत औषधं भूमिनाम कहा गया है अर्थात् जहां औषधीय पौधों की भरमार है। महर्षि चरक, सुश्रुत, वाग्भट से लेकर धनवंतरि शर्मा के शोध ग्रंथ 'द्रव्य गुण विज्ञान' में पांच सौ से अधिक जड़ी बूटियों के इस क्षेत्र में पाए जाने का वर्णन मिलता है।

हिमालय क्षेत्र में पाई जाने वाली जड़ी बूटियां ही आयुर्वेद चिकित्सा के ज्ञान का आधार रही है, जिनका आयुर्वेदाचार्यों ने दिल खोलकर गुणगान किया है, परंतु प्रकृति प्रदत्त यह बेशकीमती संपदा अब छीज रही है। पहले स्थानीय लोग यहां की जड़ी बूटियों से परंपरागत रूप से लाभान्वित होते थे, लेकिन अब मोटी रकम कमाने की चाह में तस्करों ने गांव वालों के साथ मिलकर इनका बेजा दोहनकर पहाड़ को कई महत्वपूर्ण बूटियों से विहीन कर दिया है। ये दुर्लभ जड़ी बूटियां तस्करी के जरिए विदेश पहुंच रही हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार पहाड़ की दो सौ से अधिक जड़ी बूटियों की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। कई तो विलुप्त हो चुकी हैं। शोधकर्ता भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण विभाग ने इनके अस्तित्व पर संकट का कारण मनमाफिक दोहन, वनों का कटाव, वनों में हर साल लगने वाली आग तथा प्राकृतिक वन संपदा का क्षरण होना बताया है। अवैध दोहन का एक मुख्य कारण यह भी है कि यूरोपीय व अन्य देशों में आयुर्वेदिक दवाओं के प्रति आकर्षण के चलते कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण में उतर आई है। इस कारण तस्करी बढ़ी है और हमारी बहुमूल्य बूटियां चोरी-छिपे विदेशों में पहुंच रही हैं। पिछले कुछ सालों मे हमारी तीन दर्जन से अधिक वनौषधियों को विदेशों में पेटेंट भी करा लिया गया है। पहाड़ की संकटग्रस्त औषधीय पौधों की प्रजातियों में टैक्सस बकाटा, कूठ, पुनर्नवा, सर्पगंधा, हरड़, जटामांसी, कीड़ाजड़ी, शतावर, गूलर, चिरायता, सालमपंजा, कासनी, कालाबाशा, पिपली, जिंबू, आक, कौंच, वज्रदंती आदि शामिल हैं। इन जड़ी बूटियों में टैक्सस बकाटा अर्थात् टैक्साल को कैंसर की औषधी के रूप में प्रयोग किया जाता है। टैक्साल का मूल स्रोत 'टैक्सस ब्रेविफोलिया' नामक वृक्ष की छाल है। कुमाऊं में इसे थनेर नाम से जाना जाता है। एक से दो ग्राम टैक्साल की कीमत 3 लाख से अधिक होती है। कई जगह तस्कर चोरी-छिपे इस पेड़ की छाल निकालकर या पेड़ को ही काटकर ले जाते हैं। नतीजतन यह अमूल्य वनस्पति आज अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रही है। संकटग्रस्त प्रजातियों में खैर व भोज वृक्ष का बड़े स्तर पर अवैध कटान हो रहा है। खैर का उपयोग कत्था व गुटखा बनाने में होता है। इधर बाजार में नित नए गुटखे आने से खैर की मांग बहुत बढ़ गई है। मांग बढ़ने का अर्थ है तस्करी का भी बढ़ना। इसी तरह भोज वृक्षों की संख्या भी बहुत कम रह गई है। कभी हमारे ऋषि-मुनियों ने इसकी छाल पर कई ग्रंथ लिखे थे।

हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में एक नायाब जड़ी मिलती है, जिसे हमारे यहां 'कीड़ाजड़ी' तो तिब्बत व चीन में 'यारशागुंबा' कहा जाता है। चीन में इसका इस्तेमाल एथलीटों की क्षमता बढ़ाने के लिए प्राकृतिक स्टेरॉयड के रूप में प्रयोग किया जाता है। यही कारण है कि पिथौरागढ़ जनपद के धारचुला, मुनस्यारी के ऊंचे इलाकों में स्थानीय लोग बड़े पैमाने पर इसका दोहन व तस्करी कर रहे हैं, क्योंकि चीन में इसकी मुंहमांगी कीमत मिल रही है। इसके संग्रह और व्यापार से जुड़े लोगों में अक्सर खूनी संघर्ष तक देखने को मिलता है। यह जड़ी 3500 मीटर की ऊंचाई पर हिम आच्छादित क्षेत्र में पाई जाती है, जहां ट्री लाइन खत्म हो जाती हैं। सामान्य तौर पर यह एक जंगली मशरुम है, जो एक खास तरह के कीड़े के कैटरपिलर्स को मारकर उस पर पनपता है। स्थानीय लोग इसे कीड़ाजड़ी इसलिए कहते हैं, क्योंकि ये आधी कीड़ा है और आधी जड़ी। इसकी बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है। दुनियाभर में लोग आयुर्वेद की ओर मुड़ रहे हैं। विदेशों में जड़ी-बूटियां दुर्लभ हैं, पर भारत में इनकी प्रचुरता है। इसलिए दुनियाभर की दवा कंपनियों और तस्करों की नजरें भारत की इस संपदा पर टिकी है। वनौषधियों की विलुप्तता का एक कारण यह भी है कि महत्वपूर्ण जड़ी-बूटियों की पहचान करने वाले परंपरागत पीढ़ी के वनस्पति विशेषज्ञ अब नहीं रहे और जिन्हें इनका ज्ञान है वे जानकारियों को अपने तक ही सीमित रख नई पीढ़ी को इस ज्ञान से वंचित कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि जंगल से जड़ी बूटियों को खोज निकालना जितना मेहनत का काम है उतना ही श्रम साध्य है इन जड़ी-बूटियों को तोड़ना। जिस पौधे की जड़ दवा बनाने में काम आती है, उसे उखाड़ देने से पूरा पौधा ही मर जाता है।

जंगल में वन औषधीय पौधे अपने आप उगते हैं, पर तस्कर बड़ी बेरहमी से जड़ों सहित इन पौधों को उखाड़ कर ले जाते हैं। तस्कर कई बार सीधे-साधे गांव वालों से कम दामों में जड़ी-बूटियां खरीद लेते हैं। गांव वाले जड़ी- बूटियों के वास्तविक मूल्य से अनभिज्ञ रहते हैं और चंद रुपयों के बदले वनौषधियों को तस्करों के हाथों बेचकर खुश हो जाते हैं। बड़ी क्रूरता से किए जा रहे अवैध व अनियंत्रित दोहन से अनेक दुर्लभ वनौषधियों की प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और जो बची हैं वे भी विलुप्ति की कगार पर हैं।

# यौमे वफात

हमने तो जिक्र हर जगह तेरा सुना है आज
अब्बास तेरे गम में जो नोहा बयां है आज
हर लब पर हाय हाय की गूंजी सदा है आज
जुल्मों सितम को सहने की बस इंतेहा है आज
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

लफ्जे वफा को तू ने अमल से वफा किया
किरदार इश्के हैदर का तू ने अदा किया
परचम बुलंद हुसैन का तू ने सदा किया
शब्बीर के हर हुक्म को तू ने अदा किया
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।
बच्चों की प्यास देखकर रंजूर हो गए
अब्बास पानी लाने को मजबूर हो गए
जख्मों से बाजू आपके फिर चूर हो गए
नहरे फुरात पर गए महसूर हो गए
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

बाजू कटा के लड़ता रहा था वफा शनास
गमगीन थी ज़मीन फलक भी हुआ उदास
मशकीजा भर के खेमे में पहुंचाने की थी आस
सदम रहबा हुसैनी अलसदर ऐ अब्बास
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।
शब्बीर के फिदाई अलमदार जिंदाबाद
तू ने किया वफा का वो इंतजार जिंदाबाद
तुझ से मिली है मौत को भी हार जिंदाबाद
साजिद उस ही से हमको भी प्यार जिंदाबाद
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

-साजिद अब्बासी ,बरेली।

## एक नजर

### बागी विधायकों की वापसी कराने के मूड में नहीं अखिलेश

**अमृत विचार,लखनऊ :** राज्यसभा सदस्यों के चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष भाजपा के साथ खड़े होने वाले सपा के सात बागी विधायकों के भविष्य को लेकर असमंजस खत्म नहीं हो रहा है। पार्टी सूत्र का कहना है कि इन बागी विधायकों को लेकर अखिलेश यादव कोई सिफारिश नहीं सुन रहे हैं। इसलिए घर वापसी के कोई आसार नहीं प्रतीत हो रहे हैं। मालूम हो कि सपा के बागी विधायकों में मनोज पाण्डेय, अभय सिंह, पूजा पाल, राकेश पाण्डेय, राकेश प्रताप सिंह, विनोद चतुर्वेदी व आशुतोष मौर्य ने चुनाव के वक्त, सपा के खिलाफ बगावत कर दी थी।

### सम्मानित विभूतियों ने लगाए तुलसी के पौधे

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ बंगीय नागरिक समाज द्वारा रविवार को रालोद के प्रदेश अध्यक्ष व्यापार रोहित अग्रवाल और शराब बंदी के लिए संघर्ष करने वाले समाजसेवी रोबिन्द्र नाथ ठाकुर को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके निवास महानगर में जाकर प्रदान किया गया। इस मौके पर दोनों ने अपने अपने बगीचे में माँ तुलसी का पौधा भी लगाया गया। इस मौके पर डीके पाल, आरएस निगम, एंथोनी पी सिंह और कृष्णा नंद रॉय उपस्थित थे।

### सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा देने में उप्र नंबर वन

**अमृत विचार,लखनऊ :** सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा देने के मामले में प्रदेश ने देश में पहला स्थान बनाया है। प्रदेश को नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य के इंडिया इंडेक्स में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 100 प्रतिशत घरों में बिजली पहुंचाने समेत ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस इंडेक्स के माध्यम से नीति आयोग राष्ट्रीय व राज्यों के स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं की सफलता का आकलन करते हुए राज्यों की रैंकिंग करता है।



कार्यसमिति बैठक के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, व केशव मौर्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार।

# एक हाथ में संविधान तो दूसरे हाथ में समता का निशान रखेंगे कार्यकर्ता

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में रखा प्रस्ताव, जनता का पुनः विश्वास प्राप्त करने को जमीनी राजनीति करेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय आशियाना के अंबेडकर सभागार में रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों, आगामी उपचुनाव और विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गई। पारित प्रस्ताव में पार्टी ने तय किया कि हम जनता में पुनः विश्वास प्राप्त करने के लिए जमीनी राजनीति करेंगे। एक हाथ में संविधान तो दूसरे हाथ में समता का निशान लेकर उतरेंगे। शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेंगे और महात्मा फूले हमारे पथ प्रदर्शक होंगे।

इस दौरान भाजपा की ओर से एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पेश किया गया। कार्यसमिति की बैठक में इस प्रस्ताव को प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने पेश किया तो वहीं महामंत्री और राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, प्रियंका सिंह रावत, सुभाष यदुवंशी और संजय राय ने इसका समर्थन किया।

पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत ने बैठक में जहां महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की मांग की वहीं, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने पार्टी नेताओं से कहा है कि अगर दूसरे दल में आपकी जाति का नेता है तो उनके चक्कर में नहीं पड़ना है, क्योंकि वह ना तो आपका भला कर सकते हैं और ना ही आपको आगे बढ़ाएंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लाए गए प्रस्ताव में कांग्रेस और सपा दोनों को निशाने पर लिया गया है। भाजपा ने यादव वोट बैंक को अपना बनाने के लिए मथुरा-वृन्दावन तो वहीं अनुसूचित वोटों को अपनी ओर जोड़ने के लिए बुद्ध परिनिर्वाण स्थल, कुशीनगर को एजेंडे में शामिल किया है।

- पार्टी नेताओं ने विपक्ष के भ्रमजाल से जनता को उबारने का किया संकल्प
- अनुसूचित जाति को जोड़ने के लिए बुद्ध परिनिर्वाण को एजेंडे में किया शामिल

### प्रस्ताव की खास बातें

- आरक्षण और संविधान को लेकर विपक्ष ने झूठा प्रचार किया।
- महिलाओं को रुपये देने के नाम पर भी जनता को ठगा गया।
- विपक्ष के इसी झूठे प्रचार के कारण चुनाव में सफलता नहीं मिली।
- भाजपा ओबीसी और एससी आरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।
- सपा ने हमेशा आरक्षण, आंबेडकर का विरोध किया है।
- भाजपा कार्यकर्ताओं को अधिक सामर्थ्य के साथ एकजुट होना होगा।
- सांस्कृतिक समृद्धता के कार्यों के लिए मोदी और योगी का आभार।
- सरकारी भर्तियों या परीक्षाओं में रुकावट नहीं आनी चाहिए।
- पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध।

### लोकसभा चुनाव का परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहाः भूपेन्द्र

अमृत विचार : भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा लेकिन हमारे कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा दिखाते हुए अपना पूरा सहयोग दिया। जिसके कारण हमारा सौभाग्य है कि, लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी है। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा, यह समय चिन्ता करने का नहीं बल्कि चिन्तन करने का। चिन्तन को कार्यशैली में बदलने और दलित वंचित शोषित समाज के बीच जाकर उसका भ्रम दूर करने का समय है। हमें इस प्रकार कार्य करना है कि आज का विरोधी कल हमारा मतदाता बने। कल का मतदाता परसों हमारा सदस्य और परसों का सदस्य हमारा सक्रिय कार्यकर्ता बनें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, यहां तो मेरे जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को संगठन में कार्य करते-करते पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। मै प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष और शीर्ष नेतृत्व का आभारी हूं जिन्होंने भरोसा जताते हुये अध्यक्ष के रूप में मुझे आप लोगों के साथ काम करने का अवसर दिया। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि अध्यक्ष के रूप में आपको आश्वस्त करता हूं कि कार्यकर्ता का सम्मान हमारी प्राथमिकता है जिसके साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। पार्टी अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। आइये हम सब मिलकर संकल्प ले कि आगामी 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में शतप्रतिशत विजय हासिल करेंगे।

### कार्यकर्ता ही विचारधारा का मूल आधारः धर्मपाल

**अमृत विचार :** कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल ने आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही विचारधारा का मूल आधार है। उससे निरंतर संपर्क, संवाद होता रहे। सप्ताह में एक बार ज़िलाध्यक्ष अनौपचारिक रूप से मंडल अध्यक्षों से जरूर मिलें। उनकी बात सुनें और समस्याओं का निदान करायें। इसी तरह मण्डल अध्यक्ष भी शक्तिकेंद्रों के पदाधिकारियों से संपर्क करें।

### झूठ और फ़रेब की उम्र लंबी नहीं होतीः ब्रजेश पाठक

**अमृत विचार :** प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि वर्ष 2024 लोस. चुनाव में भाजपा जहां पारदर्शिता के साथ काम कर रही थी, वहीं विपक्ष ने भ्रम फैलाया। झूठे वादे किए और हमें आशा के अनुरूप परिणाम नहीं मिले। उन्होंने कहा कि झूठ और फ़रेब की उम्र लंबी नहीं होती। फरेबी विपक्ष के कारनामों के बारे में हमें घर- घर जाकर जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि 2027 में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए जीतोड़ मेहनत करनी पड़ेगी।

### सपा, कांग्रेस सांपनाथ और नागनाथः केशव मौर्य

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा सपा और कांग्रेस रूपी सांपनाथ और नागनाथ ने झूठ और फरेब कर थोड़े समय के लिए हमें पीछे किया है, लेकिन 2027 में फिर से 300 पार लक्ष्य के साथ प्रदेश में भाजपा सरकार बनायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता का भाव हनुमान जैसा है। वह थोड़े समय के लिए सपा-कांग्रेस के झूठ और फ़रेब के कारण अपनी शक्ति को भूला है। 2027 में वह दोबारा वह अपने सामर्थ्य से विपक्षी गठजोड़ को पराजित करेगा

## निलंबित आईएएस अनिल टुटेजा आज न्यायालय में होंगे पेश

**अमृत विचार,लखनऊः** छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अनिल टुटेजा को उप्र. एसटीएफ रविवार को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रायपुर से मेरठ के लिए रवाना हो गई है। टुटेजा को एसटीएफ ने नकली होलोग्राम केस में गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ मेरठ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। वहीं इस मामले में दूसरे आरोपी नोएडा निवासी अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी को भी पेश किया जाएगा। इससे पहले एसटीएफ ने ढेबर और त्रिपाठी को 03 दिन की रिमांड पूरी होने के बाद 01 जुलाई क मेरठ न्यायालय में पेश किया था। सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोनों को 15 जुलाई तक जेल भेजा था।

नकली होलोग्राम मामले में सोमवार यानी 15 जुलाई को यानी अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर और अरुण पति त्रिपाठी को एक साथ कोर्ट में पेश करने की तैयारी है। न्यायालय में सुनवाई के बाद निलंबित आईएएस टुटेजा को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा सकता है। वहीं एपी और अनवर की भी न्यायिक रिमांड बढ़ सकती है। बतादें कि एसटीएफ ने अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी से पूछताछ की थी। जिसमें त्रिपाठी ने कई महत्वपूर्ण खुलासे किए थे। अब एसटीएफ की टीम तीनों आरोपियों को पुलिस रिमांड में लेने का प्रयास कर रही है। तीनों आरोपियों को एक साथ बैठकर पूछताछ की जाएगी। एसटीएफ ने कारोबारी अनवर ढेबर को 12 दिन पहले 18 जून की शाम को गिरफ्तार किया था। उसी दिन ढेबर को शराब घोटाले में जमानत मिली थी।

# 2027 के चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को सबक सिखाया है, 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। जनता भाजपा के कुशासन, भेदभाव और नफरत की राजनीति से ऊब गयी है। भाजपा जनता के बीच बेनकाब हो चुकी हैं।

सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा, भाजपा ने संविधान विरोधी कार्य किया है। लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती थी, पिछड़ों, दलितों का आरक्षण छीना, नौकरियों में घोटाला किया।

उन्होंने कहा, भाजपा में शीर्ष नेतृत्व से लेकर नीचे तक के लोगों में भ्रमजाल टूट चुका है। भाजपा की कथनी और करनी एक दूसरे से विपरीत है। लोकसभा चुनाव में पराजय से भाजपा में घबराहट है। इनके अपने सहयोगी और समर्थक किनारा करने लगे हैं। जनता में भाजपा की साख पूरी तरह खत्म हो चुकी है।

- भाजपा की कथनी और करनी एक दूसरे के विपरीत

# वर्चुअल मूल्यांकन से मिलेगा एनक्वास प्रमाणपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। वर्चुअल मूल्यांकन से, एनक्वास की टीम को नहीं जाना पड़ेगा और कम समय में अधिक से अधिक आरोग्य मंदिरों का प्रमाणीकरण हो सकेगा। इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियों, अपर निदेशक व सीएमओ को पत्र जारी किया है।

- वर्चुअल मूल्यांकन से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में तेजी से हो सकेगा सुधार
- एनक्वास पाने वाली सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर मिलेगा अंतरराष्ट्रीय मानकयुक्त इलाज

एनएचएम की मिशन निदेशक ने रविवार को निर्देश की जानकारी देते हुए बताया कि हर जिले में हर महीने 10 से 20 चिकित्सा इकाइयों का वर्चुअल मूल्यांकन कराया जाए।

प्रदेश की 50 फीसदी स्वास्थ्य इकाईयों को साल 2025 तक और साल 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास प्रमाणित कराने का लक्ष्य पूरा करना है। वर्चुअल विजिट से दूर दराज स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भी मूल्यांकन हो सकेगा।

### 275 एनक्वास प्रमाण पत्र मिल चुके हैं

एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि केंद्र सरकार केवल उन्हीं स्वास्थ्य इकाइयों को यह प्रमाण-पत्र प्रदान करती है जो मानक के अनुसार मरीजों को इलाज व देखभाल करती हैं। अभी तक राज्य की 275 चिकित्सा इकाइयां एनक्वास सर्टिफिकेशन प्राप्त कर चुकी हैं, जिसमें 56 जिला स्तरीय, 42 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सम्मिलित हैं एवं अगले तीन माह में इतनी ही और इकाइयों का प्रमाणीकरण कराने का लक्ष्य है।

### संविधान संशोधन कर देश को मजबूत किया

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान संशोधन कर देश को मजबूत किया था। उन्होंने कहा कि आरएसएस व भाजपा शुरू से ही संविधान विरोधी रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में भी संविधान को बदलने की कोशिश की गई थी। वह रविवार को प्रदेश मुख्यालय में साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में संविधान के मूल्यों की हत्या हो रही है, इसलिए भाजपा के मुंह से संविधान की बातें हास्यास्पद लगती हैं।

# हड़ताल में निलंबित अवर अभियंता शीघ्र बहाल हों

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में हड़ताल के दौरान निलंबित अवर अभियंताओं को शीघ्र बहाल किया जाय। इसके साथ ही, निगमों में संवाद के जरिए बेहतर वातावरण बनाने की जरूरत है। रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह मांग उठी।

संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष जीवी पटेल ने भीषण गर्मी के दौरान प्रदेश में रिकॉर्ड 30 हजार मेगावाट से अधिक की बिजली आपूर्ति किये जाने व नई उत्पादन परियोजनाओं के क्षमता विस्तार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि इस कीर्तिमान में जूनियर इंजीनियर व प्रोन्नत अभियंताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि मार्च 2023 में हुए ध्यानाकर्षण आंदोलन के कारण की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को ऊर्जा मंत्री के आश्वासन के अनुरूप अविलंब समाप्त कराया जाए। बैठक में केंद्रीय प्रचार सचिव कैलाश सिंह, एससी दीक्षित, संरक्षक राम जनम, अजय, सतवीर, एके सिंह, आशीष, रामाशीष आदि शामिल हुए।



केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- जूनियर इंजीनियर संगठन की बैठक में उठी मांग

उपलब्ध कराई जाए न्यूनतम सामग्री

संगठन के संरक्षक सतनाम सिंह ने कहा कि अवर अभियंताओं को न्यूनतम आवश्यक सामग्री, मैनपावर और शट डाउन का समय उपलब्ध कराया जाय। हर स्तर पर कार्मिकों से नियमित बैठकें अवश्य हों, जिससे कार्य में आने वाली समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके।

## सितंबर से लगने शुरू हो जाएंगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर

**अमृत विचार,लखनऊः** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के आवासो पर सितंबर तक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। वितरण निगम उपभोक्ताओं के सर्वे के कार्य पूरा करने में जुटे हैं। फिलहाल अभी उपकेंद्रों के फीडरों पर मीटर लगाये जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार तय कार्यक्रम के तहत तीन करोड़ 40 लाख उपभोक्ताओं के आवासों पर मीटर लगाने की योजना है। सरकारी आवासों समेत प्रदेश के बाकी उपभोक्ताओं के नाम-पते जुटाने के को निर्देश दिये गये हैं।

## वर्ग पहेली-131

**बाएं से दाएं**

3. शुभ अवसरों पर ख़ासकर औरतों द्वारा पैर में लगाया जाने वाला महावर जैसा लाल रंग।
5. 1. जिसका अपमान हुआ हो, निरादृत 2. तिरस्कृत, ज़लील, (इनसल्टेड)।
7. 1. निकट, पास, समीप, नज़दीक 2. लगभग, प्रायः।
9. 1. दो चीज़ों के योग या मिश्रण से बनने वाली नई चीज़ 2. दो जातियों का मिश्रण, (हाइब्रिड) 3. दोगला।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ढीलने की क्रिया या भाव, बंधन को ढीला करने की स्थिति 2. शिथिलता, ढिलाई 3. उत्साहहीनता, सुस्ती 4. व्यवहार संबंधी छूट या स्वतंत्रता 5. व्यर्थ का विलंब या देरी 6. माफ़ीदार
2. अरबी-फ़ारसी लिखावट 'इ'
3. न्यायालय द्वारा प्रस्तुत किया गया वह पत्र जिसमें किसी पर लगाए हुए आरोपों का विवरण होता है।
4. 1. एक प्रकार की दाल, खेसारी 2. दुबिया मटर 3. कोमल पतला पौधा।
6. 1. झुंड, समूह 2. ढेर, राशि 3. कोश,निधि।
8. 1. चमकदार चटक पीला रंग 2. पीला कपड़ा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 | ■ | ■ | 2 |
| ■ | 3 | | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 4 | ■ |
| 5 | | | 6 | | ■ |
| ■ | | ■ | 7 | | 8 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 9 | | | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -130 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 था | ह | रा | ■ | ■ | 2 के |
| ■ | ■ | 3 म | झो | ■ | ला |
| ■ | 4 खां | डि | क | ■ | स |
| 5 ही | ■ | ■ | तू | ■ | ■ |
| ही | ■ | 6 पा | ल | तू | ■ |
| ■ | ■ | ख़ा | ■ | ■ | ■ |
| 7 सू | ख | ना | ■ | 8 टा | प |

## सुडोकू -44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | 9 | 1 | | |
| 2 | | 5 | | | | | 4 | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | | 7 |
| | | | | 1 | | 9 | | 3 |
| | 8 | | 4 | | 5 | | 7 | |
| 5 | | 1 | | 2 | | | | |
| 4 | | | 8 | | | 7 | | 5 |
| | 1 | | | | | 8 | | 6 |
| | | 3 | 7 | 6 | | | 1 | |

### सुडोकू -43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 4 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 8 | 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 |
| 1 | 4 | 9 | 8 | 2 | 5 | 6 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 19 .19 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग

शु. बु. 4 | 5 | गु. मं. 2 | 1 | सू. 3 | के. 6 | रा. 12 | 9 | चं. 7 | 8 | 10 | 11 श.

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-स्वाती 16 जुलाई 00 .30 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष:** आज सगे संबंधियों के द्वारा सहयोग प्राप्त होगा। समाज में नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। राजनीतिक क्षेत्र में लोगों को कोई महत्वपूर्ण पद मिल सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा।

**वृष:** आज व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने से लाभ के योग बनेंगे। संयम पूर्वक विपरीत परिस्थितियों का सामना करें। दूसरे लोगों का अपने जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप न होने दें।

**मिथुन:** आज नौकरी में पदोन्नति के साथ मनचाहे स्थान पर तैनाती मिल सकती है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों को कोई बेहद शुभ समाचार मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन में अभिरुचि रहेगी। सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे।

**कर्क:** आज व्यापार में नए अनुबंध होंगे। भवन निर्माण के कार्य में लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। किसी सरकारी योजना में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में किसी अधूरे कार्य के संपन्न होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज कोई अधूरा कार्य पूरा हो सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी। कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। भवन निर्माण के कार्य में लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

**कन्या:** आज घर में कोई मांगलिक कार्य जैसे शादी या संतान के योग बन रहे हैं। मित्रों से सहयोग तथा बिगड़े हुए कार्य बनने के योग हैं। मन की एकाग्रता बनी रहेगी। सामाजिक कार्यों में आपकी सक्रिय भूमिका रहेगी।

**तुला:** आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी। नवीन उद्योग धंधे को लेकर अधिक व्यस्तता रहेगी। शासन सत्ता में बैठे व्यक्ति से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में आई बाधा दूर होगी। विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन में अभिरुचि रहेगी।

**वृश्चिक:** आज आपकी कोई पुरानी इच्छा पूर्ण होगी। विरोधियों से सावधान रहें। विद्यार्थी वर्ग को शुभ समाचार मिलेगा। निर्माण संबंधी कार्य की बाधा किसी वरिष्ठ परिजन की सहयोग से दूर होगी। घर के सभी लोगों में सामंजस्य बनाकर रखें।

**धनु:** आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में भागदौड़ करने की आवश्यकता रहेगी। मित्रों के साथ मिलकर कार्य करना लाभदायक होगा। अपने बुद्धि विवेक से निर्णय लें। किसी के बहकावे में न आए। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा।

**कुंभ:** आज मित्रों के साथ व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। कोई भी काम जल्दबाजी में न करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए संघर्ष युक्त रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य में विभिन्न बाधाएं आएगी। समस्याओं को अधिक समय तक न बढ़ने दें। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ मतभेद आदि बढ़ सकते है। सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- मेला — सुबह : 11.11
- कल किसने देखा — शाम : 04.37

**&pictures**
- मि. एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11.09
- द ताशकंद फाइल्स — रात : 08.00

**Sony Pix**
- वंडर वुमेन 1984 — सुबह : 11.04
- क्लैश ऑफ द टाइटंस — शाम : 04.51

**Zee Cinema**
- गदर — दोपहर : 12.54
- भोला — रात : 08.30

**Colors Cineplex**
- ब्रदर्स — सुबह : 09.49
- गॉडफादर — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर दोपहर : 12.54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था,चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

# जरा सी बारिश में जर्जर हुईं सड़कें, वाहन पलटने का डर

**वाहन दौड़ाना तो दूर गुजरना भी मुश्किल**

कानपुर। शहर के विकास का आईना दिखाने वाली तमाम सड़कें जरा सी बारिश में बदहाल हो चुकी हैं। जगह-जगह पर गड्ढे, गड्ढों से निकल कर सड़क पर फैले गिट्टी रोड़े बदहाली का दास्तां बयां कर रहे हैं। बजरी, गड्ढों से होकर गुजरने वाले राहगीर चोट खा रहे हैं। पॉश इलाकों में शुमार वीआईपी रोड, सिविल लाइंस के इलाके भी इनसे अछूते नहीं है।



रिजर्व बैंक के सामने जर्जर सड़क। अमृत विचार

### माल रोड की राह में जगह-जगह पर रोड़े

- माडल रोड में शुमार माल रोड से प्रतिदिन बड़े बड़े अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन बड़े-बड़े गड्ढों में समाई इस सड़क पर किसी का ध्यान नहीं जाता। माल रोड का आलम यह है कि हर 100 मीटर की दूरी पर गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। बड़े बड़े रोड़े की चपेट में आकर दोपहिया वाहन सवार चुटहिल होते रहते हैं। आसपास के लोगों के मुताबिक रात के समय इस मार्ग पर अक्सर वाहन पलटने से हादसे होते हैं।



परेड चौराहे पर उधड़ी सड़क पर जमा मिट्टी के ढेर। अमृत विचार

### काम पूरा पर मिट्टी के टीले छोड़े, उड़ती है धूल

- परेड चौराहे से बड़ा चौराहा वाली सड़क पर मेट्रो निर्माण कार्य के कारण पूरी सड़क उधड़ी पड़ी हुई है। मेट्रो का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन मिट्टी के ढेर जमा हैं। यह इलाका व्यस्ततम इलाकों में से एक होने के साथ व्यापार की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। परेड बाजार जाने वाली सड़क पर इन मिट्टी के टीलों से लोग गुजरते हैं। दिन भर उड़ती धूल से दुकानदारों का व्यापार प्रभावित है। कई बार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट भी चुके हैं।




पनचक्की चौराहे की जर्जर पड़ी सड़क। अमृत विचार

### बड़ी कठिन डगर है पनचक्की सड़क की

- पनचक्की चौराहे से झाड़ी बाबा पड़ाव जाने वाली रोड पर जगह-जगह पर गड्ढे हैं। पनचक्की चौराहे से एलआईसी बिल्डिंग जाने वाला मार्ग भी क्षतिग्रस्त है। सड़क पर कटिंग से गिट्टियां सड़क पर बिखरी पड़ी हैं। जरा सी बारिश में गड्ढों में पानी भर जाता है। भारी ट्रैफिक लोड वाली इस सड़क से गुजरने पर लोगों को जाम का अक्सर दंश झेलना पड़ता है।

# भिखारी के भेष में कर रहा था असलहों की तस्करी

**शिकंजे में आया**

- हरबंश मोहाल पुलिस ने दबोचा असलहा तस्कर
- दो कट्टे, एक पिस्टल और कारतूस बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 65 वर्षीय शातिर अपराधी को भिखारी के भेष में असलहों की तस्करी करने के मामले में हरबंश मोहाल पुलिस ने क्राइम ब्रांच की टीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उसके विरुद्ध कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा, पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं।

हरबंश मोहाल इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि शनिवार को क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम के साथ बदमाश हरी शंकर शर्मा निवासी नयागंज को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि उसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में हत्या, मादक पदार्थ तस्करी व अवैध हथियार तस्करी से संबधित मुकदमे दर्ज हैं। वह भिखारी के भेष में अवैध शस्त्रों की तस्करी कर रहा था। थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने उसे गणेश मंदिर के सामने पार्क के पास एक गली से रविवार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के कब्जे से 2 तमंचे 32 बोर व एक पिस्टल 32 बोर और 2 कारतूस बरामद हुए। इंस्पेक्टर ने बताया कि शातिर पर शहर के कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनि. आदित्य बाजपेयी, सुरदीप सिंह, जगप्रताप सिंह के अलावा क्राइम ब्रांच से राहुल कुमार, मंजीत कुमार, हेड कां. शैलेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार आदि रहे।

# आईआईटी और एसबीआई मिलकर इंटर कॉलेजों की सूरत बदलेंगे

## 27 संस्थानों ने की सीएसआर फंड से सुविधाएं और शिक्षा का स्तर बढ़ाने की पहल

**गुड न्यूज**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में सीएसआर फंड के जरिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए 27 संस्थानों में हामी भरी है। विभाग की ओर से 19 और संस्थानों से इस संबंध में बातचीत चल रही है। ऐसे संस्थान जिन्होंने इंटर कॉलेजों में सुविधाएं और शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के काम में मदद देना सुनिश्चित किया है, उनमें आईआईटी कानपुर, बॉब और एसबीआई जैसे संस्थान शामिल है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने नए सत्र से सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के जरिए स्कूलों को बेहतर बनाने की कवायद शुरू की है। इसके लिए आईआईटी कानपुर, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ शहर की कई औद्योगिक इकाइयों ने हाथ बढ़ाया है।

यह संस्थाएं इंटर कॉलेजों में प्रोजेक्टर, वाई-फाई सुविधा, आधुनिक टेबल-कुर्सियां, शुद्ध पेयजल व्यवस्था के साथ भवन या कक्षों की मरम्मत के अलावा सुरक्षा के मद में सहयोग प्रदान करेंगी। सीएसआर फंड देने वाली संस्थाओं की संख्या के मुताबिक विभाग इंटर कॉलेजों का चयन कर रहा है। इसमें राजकीय इंटर कॉलेजों को प्राथमिकता पर रखा गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि विभाग का लक्ष्य सीएसआर फंड के जरिए शहर के 35 स्कूलों को बेहतर बनाने का है। लगातार प्रयास चल रहे हैं, उम्मीद है कि जल्द ही कुछ और संस्थानों के साथ विभाग का समझौता होगा।

### अलंकार योजना में चयनित 5 स्कूलों के प्रबंधकों का धन देने से इंकार

- माध्यमिक शिक्षा विभाग में स्कूलों के कायाकल्प के लिए लाई गई अलंकार योजना स्कूल प्रबंधकों की ओर से सहायोग नहीं किए जाने से फंस गई है। योजना में पांच स्कूलों का चयन हुआ था। लेकिन इनके प्रबंधकों ने नियम के तहत अपना 25 फीसदी धन नहीं दिया है। विभाग ने स्कूलों के प्रबंधकों को जल्द मरम्मत की कुल लागत का 25 फीसदी धन संयुक्त खाते में जमा करने का निर्देश जारी किया है।




### सिंहपुर जीआईसी में शुरू हुआ स्मार्ट कक्षाएं बनाने का काम

- शिक्षाधिकारियों के अनुसार सबसे पहले सिंहपुर जीआईसी में आईआईटी के सीएसआर फंड से स्मार्ट कक्षाएं बनाने की शुरुआत हुई है। इस स्कूल में बच्चों की पढ़ाई की अन्य सुविधाएं भी दिए जाने की बात कही गई है। अगले माह से शहर के अन्य स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाने का काम शुरू होगा।

- प्रोजेक्टर, वाई-फाई सुविधा, आधुनिक मेज-कुर्सियां, शुद्ध पेयजल व्यवस्था के साथ कक्ष मरम्मत को देंगे धन

# खंभे से झुलसकर नीचे गिरे केस्को लाइनमैन की मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में शटडाउन लेकर फाल्ट ठीक कर रहा लाइनमैन करंट से झुलसकर 20 फीट नीचे सड़क पर गिर गया था। 8 दिन बाद उपचार के बाद उसने हैलट में दम तोड़ दिया।

नवीन नगर ब्लॉक रावतपुर निवासी 36 वर्षीय उमेश कुमार सिंह केस्को में एक वर्ष से संविदा लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। बड़े भाई अवधेश और महेश ने बताया कि वह 5 जुलाई को एक्सिस हांडा साकेत नगर में खंभे पर चढ़कर शटडाउन में फाल्ट मरम्मत कर रहा था, इसी दौरान सबस्टेशन से लाइन चालू कर दी गई। जिससे वह 11 हजार की हाईटेंशन लाइन में चिपककर बुरी तरह से झुलस गया और खंभे से नीचे सड़क पर गिर गया। परिजन उसका इलाज हैलट अस्पताल में करा रहे थे, जहां उसने रविवार को दम तोड़ दिया। मौत के बाद पत्नी कोमल अचेत हो गई। वहीं दो बच्चे लकी और लाडो गुमसुम हो गए। परिजनों ने केस्को कर्मचारियों और अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर मुआवजे की मांग की है।

# तीसरी बार राज्य कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष बने राजा भरत अवस्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के द्विवार्षिक अधिवेशन में हुआ ऐलान
- वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह यादव व मंत्री कोमल सिंह के नामों की घोषणा

**अमृत विचार।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन व निर्वाचन समारोह रविवार को विकास भवन सभागार में हुआ। इस दौरान राजा भरत अवस्थी को निर्विरोध तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह यादव व मंत्री कोमल सिंह के नामों की घोषणा हुई।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एडीएम वित्त राजेश कुमार मौजूद रहे। अति विशिष्ट अतिथि एसीएम 6 ऋतु प्रिया थीं। एडीएम वित्त राजेश कुमार ने कहा कि जिला स्तर पर कर्मचारियों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण कराया जाएगा। विभिन्न केंद्रीय व राज्य कर्मचारी नेताओं ने आठवें वेतन आयोग के गठन व पुरानी पेन्शन बहाली की मांग सरकार से दोहराई। समारोह के दौरान राज्य के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को परिषद रत्न सम्मान से भी नवाजा गया। अधिवेशन के दूसरे सत्र में जिलाधिकारी की ओर से नामित चुनाव अधिकारी एसीएम 6 ऋतु प्रिया की ओर से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश कानपुर नगर का द्विवार्षिक चुनाव कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में अध्यक्ष पद पर राजा भरत अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह यादव, मंत्री इं,कोमल सिंह व सम्प्रेक्षक मंजूरानी कुशवाहा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गईं। समारोह की अध्यक्षता राजा भरत अवस्थी ने की। संचालन मन्त्री इं.कोमल सिंह ने किया।



एडीएम वित्त राजेश कुमार को स्मृति चिह्न देते राजा भरत अवस्थी और ऋतु प्रिया।

### इन्हें मिला परिषद रत्न सम्मान

समारोह के दौरान राजकीय वाहन चालक संघ के अब्दुल लईक खान, जय प्रकाश शुक्ल, प्राथमिक शिक्षा संघ के अमरदीप अवस्थी, आलोक यादव व डॉ.उमा शंकर यादव, आरएफसी से निशा, ग्राम पंचायत के सुशील, सुभाष व आदित्य शुक्ला सहित अन्य को परिषद रत्न सम्मान से नवाजा गया।

## दरकते मकान-जोखिम में जान...



जाजमऊ टीले पर बने मकानों में रहने वालों की जिंदगी खतरे में है। गंगा पुल के किनारे दोनों छोर पर टीले पर अवैध आवासीय बस्ती है। टीले की मिट्टी में कटान हो रहा है जिससे टीले के किनारे अधिकांश मकान जर्जर लटके हुए नजर आ रहे हैं। जिसमें लोग अपनी जान जोखिम में डाल कर रह रहे हैं। अमृत विचार

# जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर ने सात राज्यों के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रचंड जीत पर मिष्ठान वितरण किया। इसके साथ ही विगत लोकसभा चुनाव में सीसामऊ विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी को मिली सफलता के लिए कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों का आभार जताया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, पूर्व विधायक सोहेल अख्तर अंसारी, लोकसभा प्रत्याशी रहे आलोक मिश्रा एवं नगर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने मिष्ठान वितरण करके इंडिया गठबंधन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर तय हुआ कि सीसामऊ विधानसभा उप चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताया जाएगा। संचालन रामशंकर राय ने किया। मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, पार्षद अमीम खां, शिब्बू अंसारी, लल्लन अवस्थी,पदम मोहन मिश्रा, पी एस बाजपेई, गुफरान अहमद चांद, मो. आमिर, राकेश साहू, फरहान लारी, रमेश कुरील, दिलीप बाजपेई, अनूप श्रीवास्तव आदि थे।



उप चुनाव में जीत पर मिठाई बांटते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

# निवेश के नाम पर 15 हजार रुपये ठगे

**कानपुर।** जूही के युवक से वाइन कंपनी में निवेश करने के नाम पर साइबर ठगों ने 15 हजार ठग लिए।

जूही डिपो निवासी आलोक ने बताया कि सोशल मीडिया पर द वाइन ग्रुप की ओर से मैसेज आया था। कंपनी की क्लस्टर रेवेन्यू मैनेजर रूपा चेट्टीआर ने 15 हजार निवेश करने पर 25 हजार देने का वादा किया। उन्होंने रुपये जमा कर दिए तो शातिरों ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद उन्हें ठगी का पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम ZUBER AHMAD से बदलकर MOHD ZUBER रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: ASHHAD ALI, R/O: H-N-98, VILL-ACHRAMAU, POST- ASTI, LUCKNOW

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, **साबिरा, पत्नी अनीस अहमद एवं पुत्री स्व0 सैय्यद शौकत अली शाह, निवासिनी– भवन संख्या 179–सी, शक्ति नगर, निकट पीरबाग मस्जिद, इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016**, व्यवहारिक जीवन में अपना नाम साबिरा के स्थान पर साबिरा अनीस सामान्यतः प्रयुक्त करती रही हूँ। भविष्य में भी मेरा नाम "साबिरा अनीस" ही रहेगा। अतः मुझे साबिरा के स्थान पर "साबिरा अनीस" के नाम से ही जाना जाये।

**NOTICE**

We Saurabh katiyar S/o Ramkesh katiyar and Shashi gangwar W/o Saurabh katiyar address - Sector 19 A / 310 , Vrindavan yojna , Raibareli road lucknow, 226029 , wants to inform that by mistake my sons name in school records is written as PAARTHISH KATIYAR , where as the correct spelling of his name is PARTHISH KATIYAR

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मनोज प्रताप व उसकी पत्नी सोनी सिंह के गलत आचरणों से दुखी होकर उन दोनों से सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल संपत्तियां से भी बेदखल कर दिया है अब वह दोनों अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे उन दोनों से अब हमारा कोई सरोकार नहीं होगा। **–सुरेंद्र सिंह पुत्र मुकुट सिंह, आशा देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह, हाल निवासी– नसिरापुर थाना व जिला कन्नौज**

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है। मेरा **नाम वेद प्रकाश दीक्षित** (VED PRAKASH DIXIT) **माता श्रीमती संगीता दीक्षित निवासी भीतर गांव खेरा कुर्सी कानपुर देहात** है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में माता का संगीता दीक्षित (SANGEETA DIXIT) अंकित है लेकिन माता के आधार कार्ड पर केवल संगीता दर्ज है। अतः संगीता (SANGEETA) और संगीता दीक्षित (SANGEETA DIXIT) एक ही व्यक्ति हैं।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या P 9451328 में मेरा नाम सादमा फातमा पत्नी इरशाद अंकित है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार संख्या 6911 0852 2453 में मेरे पति का नाम मोहम्मद इरशाद दर्ज है जो सही है। मेरे पति को इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। – **सादमा फातमा पत्नी मोहम्मद इरशाद, निवासी– मोहल्ला काजम खां कायमगंज, जनपद– फर्रुखाबाद पिन कोड 209502**

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है। मेरा नाम **वेद प्रकाश दीक्षित** (VED PRAKASH DIXIT) **पिता श्री नारायन कुमार दीक्षित निवासी भीतर गांव खेरा कुर्सी कानपुर देहात** है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम नारायन कुमार दीक्षित अंकित है (Narayan kumar dixit) लेकिन पिता के आधार कार्ड पर केवल नारायन कुमार दर्ज है। अतः नारायन कुमार (NARAYAN KUMAR ) और नारायन कुमार दीक्षित (NARAYAN KUMAR DIXIT) एक ही व्यक्ति हैं।

**विकास की राह** | उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण ने नामित किया कंसल्टेंट, सांसद ने आगे बढ़वाई फाइल

# सिकंदरा–घाटमपुर–बिंदकी मार्ग चौड़ीकरण को सर्वे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छह माह में कंपनी तैयार करेगी फिजिबिलिटी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** भोगनीपुर-चौडगरा के बजाय अब सिकंदरा से भोगनीपुर होते हुए चौडगरा तक जाने वाले स्टेट हाईवे को फोरलेन बनाया जाएगा। पहले भोगनीपुर- घाटमपुर से चौडगरा तक इस मार्ग को फोरलेन किया जाना था। जिसमें उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण ने 1136.44 करोड़ बजट तैयार किया था। कार्यदायी संस्था का चयन होने के बाद कंपनी ने अपने हाथ पीछे खींच लिए, जिसके बाद प्रक्रिया रद हो गई थी। अकबरपुर सांसद की पहल के बाद प्रक्रिया फिर शुरू हुई है। प्राधिकरण प्रोजेक्ट की दोबारा डीपीआर तैयार करा रहा है, जिसके लिए कंसल्टेंट का चयन कर सर्वे शुरू करा दिया गया है।

झांसी और इटावा की ओर से प्रयागराज, चौडगरा की ओर से जाने वाले वाहनों को अभी फतेहपुर के रास्ते जाना होता है, जिस कारण उन्हें कई किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। सिकंदरा से भोगनीपुर होते हुए चौडगरा जाने के लिए टू लेन मार्ग है, जिस पर भारी ट्रैफिक लोड रहता है और मार्ग भी जर्जर है।

इस समस्या के समाधान के लिए 3 साल पहले भोगनीपुर से घाटमपुर होते हुए चौडगरा तक स्टेट हाईवे को फोरलेन निर्माण की योजना तैयार की गई थी। मार्ग के चौड़ीकरण से झांसी की ओर से आने वाले भारी वाहन को फतेहपुर आवागमन का रास्ता आसान हो जाता। फोरलेन निर्माण के लिए पिछले साल टेंडर प्रक्रिया भी की गई, जिसमें 7 कंपनियों ने हिस्सेदारी की थी। कार्यदायी संस्था के चयन के बाद कंपनी ने घाटे का सौदा बताते हुए कार्य करने से मना किया तो उस पर जुर्माना लगा कर करीब पांच माह पहले प्रोजेक्ट को रोक दिया गया था। अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले की पहल पर अब तय किया गया है कि इसका विस्तार सिकंदरा तक किया जाएगा। इसके साथ ही उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण ने सिंकदरा से चौडगरा तक चौड़ीकरण के लिए एक बार फिर से फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कंसल्टेंट टीम का चयन किया है, जिसने सर्वे शुरू कर दिया है। करीब छह माह में डीपीआर तैयार होने के बाद शासन से अनुमति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### 27 किमी लंबाई और बढ़ेगी, होगा भूमि अधिग्रहण

- भोगनीपुर, घाटमपुर और चौडगरा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनेगा। घाटमपुर में 4 .6 किलोमीटर लंबा एक बाईपास बनाया जाएगा। भोगनीपुर से चौडगरा तक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। अब भोगनीपुर से सिकंदरा के बीच भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। पहले 82 .53 किलोमीटर लंबे इस हाईवे का चौड़ीकरण होना था अब लंबाई 27 किलोमीटर और बढ़ जाएगी। भूमि अधिग्रहण पर तीन सौ करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जा चुका है।

> सिकंदरा तक मार्ग को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में नए सिरे से फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर तैयार होनी है, जिसके लिए कंसल्टेंट कंपनी का चयन कर लिया गया है। जल्द ही कंसल्टेंट डीपीआर तैयार करने का कार्य शुरू करेंगे। छह माह के भीतर कंपनी डीपीआर सौंपेगी।
>
> – **शिव लाल यादव, जीएम (तकनीकी)**

### पीपीपी मॉडल पर होगा निर्माण

- प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप मॉडल पर स्टेट हाईवे का चौड़ीकरण का कार्य होना है। डिजाइन बिल्ड फाइनेंस आपरेट एंड ट्रांसफर मोड के तहत निर्माण एजेंसी ही पूरी धनराशि खर्च करेगी और टोल टैक्स की वसूली कर लागत और मुनाफा निकालेगी।

# जंगली जानवर की आशंका में लगाया कैमरा

**कानपुर।** आईआईटी में जंगली जानवर आने की आशंका पर कैमरा लगाया गया है। जंगली जानवर अभी तक कैमरे में नजर नहीं आया है। आईआईटी प्रशासन और वन विभाग अलर्ट हो गया है।

शनिवार में आईआईटी में तेंदुआ घुस आने की चर्चा रही, जिसको लेकर वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। वन विभाग के रेंजर कानपुर रेंज महेंद्र जैन ने बताया कि जंगली जानवर की सूचना पर आईआईटी में टीम ने मुआयना किया। वहां जो भी साक्ष्य मिले हैं वह किसी जानवर के ही हैं। निगरानी के लिए वहां कैमरा लगाया गया है लेकिन अभी तक कैमरे में कोई जंगली जानवर नजर नहीं आया है।

# नर्सिंग होम में नवजात की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा, तोड़फोड़

## मौके पर पहुंची पुलिस, जांच के बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन, मसेनी रोड का मामला



अस्पताल के बाहर मौजूद परिजन। अमृत विचार



जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मसेनी रोड स्थित एक नर्सिंग होम में प्रसूता के ऑपरेशन के दौरान बच्चे की मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और नर्सिंग होम में तोड़फोड़ कर दी। इससे नर्सिंग कर्मचारी को भी चोटें आई हैं।

जिला एटा के गांव राजा का रामपुर के सत्येंद्र जाटव ने पत्नी प्रियंका को प्रसव पीड़ा होने पर एक अस्पताल में रविवार सुबह भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें मसेनी स्थित एबीएस अस्पताल लाया गया। जहां पर लोहिया अस्पताल के चिकित्सक अमरनाथ ने उसका ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान नवजात की मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने हंगामा कर दिया और अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी। अस्पताल में तोड़फोड़ के दौरान महिला कर्मचारी को चोटें आई हैं। घटनास्थल पर 112 पुलिस पहुंच गई और लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी ली। उसके बाद थाना कादरीगेट से दरोगा सुधा पाल, आवास विकास चौकी इंचार्ज अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच के बाद कार्रवाई का आश्वसन दिया। बताते चलें कि मसेनी रोड पर दर्जनों अवैध नर्सिंग होम चल रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी इन्हें अनदेखा कर देते हैं।

# सीएचसी में प्रसूताओं से हो रही वसूली

संवाददाता फर्रुखाबाद

- एसीएमओ बोले, जांच कर होगी कठोर कार्रवाई

**बोले अधिकारी...**

एसीएमओ डॉ. रंजन गौतम ने बताया कि मामला अभी जानकारी में आया है। जांच करवा कर दोषी के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**अमृत विचार।** नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य पर तैनात स्टाफ नर्सों पर प्रसव के नाम पर जमकर धन उगाही का आरोप है। पीड़ितों का कहना है कि यहां 1000 से लेकर 5000 तक प्रसूताओं के परिजनों से वसूले जाते हैं और नहीं देने पर अभद्रता की जाती है।

ककिउली गांव निवासी संजीव श्रीवास्तव की पत्नी ललिता श्रीवास्तव को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां संजीव से स्टाफ नर्स द्वारा 5000 रुपये मांगे गए। रुपये नहीं देने पर इलाज में लापरवाही बरतने के बाद उसे रेफर कर दिया गया। जब परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल गए तो पता चला उसकी मौत हो चुकी है। उसके पेट में दो जुड़वा बच्चे थे। ग्राम प्रधान श्रीपाल ने बताया कि महिला का पति काफी गरीब है। वह अस्पताल में इलाज के लिए गया था। वहां पैसे की मांग की गई। इलाज के अभाव में महिला की मौत हो गई।

बीते दिन नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हुई भोपाल सिंह की पत्नी यशोदा देवी निवासी नगला धोबियान को रविवार को पुत्री का जन्म हुआ। स्टाफ नर्स ने भोपाल सिंह से खुशी के नाम पर 1100 रुपये मांगे। भोपाल सिंह की जेब में मात्र 800 रुपये ही निकले। जो उसने नर्स को थमा दिए। पूरे पैसे न होने पर नर्स ने फेंक दिए और मरीज को ले जाने के लिए कहने लगी। भोपाल सिंह मरीज को न ले जाने की बात कह कर अड़ गया और दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी।

इसी तरह रविवार सुबह संध्या पत्नी संजीव यादव निवासी नगला दुली प्रसव के लिए नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हुईं। जहां स्टाफ नर्स ने मरीज को रेफर कर दिया। मरीज डॉक्टर राममनोहर लोहिया महिला अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने सामान्य डिलीवरी कर दी। संजीव ने स्टाफ नर्स द्वारा मरीज को देखने के बाद सही से बात न करने और मरीज को तत्काल रेफर कर दिया।

# तालाब पर कब्जा जल निकासी में हो रही समस्या

**कंपिल फर्रुखाबाद।** कंपिल क्षेत्र के गांव बिराहीमपुर जागीर मे बने तालाब पर गांव के ही कुछ दंबगों ने कब्जा कर लिया। जिससे कारण पानी के निकास में समस्या हो रही है। आलम यह है कि निकासी न होने के सड़को पर भरा पानी घरो में घुस रहा है।

एक तरफ सरकार जहाँ स्वछता के लिए हर प्रयास मे लगी है। वही यहां उठ रही दुर्गन्ध से लोग परेशान है। ग्रामीणों का कहना है जल निकासी न होने से हर बार थोड़ी सी ही बरसात मे तालाब भर जाता है। और पानी सड़क पर भरकर घरो मे घुसने लगा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया की पूर्व मे तालाब का दायरा ज्यादा था। लेकिन अब इस पर गांव के ही कुछ दबंग लोगो ने कब्जा कर रखा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

## एक नजर

### 2 लोगों को लगा करंट

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव बारबिकू चरन नगला निवासी वृद्धा माया देवी, मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव प्रकाश नगर निवासी गंगा श्री घर में काम कर रही। अचनाक काम करते समय उसे करंट लग गया। दोनों के परिजन सीएचसी लेकर दौड़े। जहां गंगा श्री को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के रेफर कर दिया।

### बच्ची को नेवले ने काटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल निवासी नीलेश की 8 वर्षीय पुत्री अक्षता को नेवले ने काट लिया। परिजन सीएचसी लेकर दौड़े। जहां उसका इलाज किया।

### 2 लोगों को सांप ने डसा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव ढमढेरा निवासी मुकेश, कंपिल क्षेत्र के गांव कुरुद्दीननगर क्षमा को जहरीले सांप ने काट लिया। दोनों के परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां दोनों का इलाज किया गया।

### 2 ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल क्षेत्र के गांव कादरदादपुर सराय निवासी पंकज, जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के गांव गढिया जगन्नाथ निवासी अरुण कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों मे कीट नाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई। दोनों के परिजन सीएचसी लेकर पहुचें।

### मार्ग दुर्घटना में 8 घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग-अलग स्थानों पर 8 लोग मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। क्षेत्र के गांव शंकर नगला निवासी वृद्ध दयाराम सिंह यादव, अहमदगंज निवासी नारायन दास, गंडुआ निवासी मानपाल, कंपिल क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी वन्दना, सिरसा निवासी सुनील, धीमरनगला निवासी रिंकू, बबलू, व कुंआखेडा निवासी तसलीम मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया।

### छत से गिरा युवक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** पितौरा गांव में ग्रामीण छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। क्षेत्र के गांव पितौरा निवासी मोनिश छत पर सो रहा था। तभी अचानक अनियंत्रित होकर आंगन में जा गिरा और गंभीर घायल हो गया।

# मातमी धुनों के बीच उठे छठी के अलम

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बिसाती समाज की तरफ से मोहर्रम की छठी तारीख पर शनिवार की देर शाम को जामा मस्जिद से मातमी धुनों के बीच अलम निकाले गए। पुरानी रवायत के अनुसार अलम जामा मस्जिद के पास से निकलना शुरू हुए और काजम खान, बजरिया, लोहाई बाजार, मैन चौराहा, गल्ला मण्डी चौराहा होते हुए जटवारा स्थित इमामवाड़ा पहुंचे। इस दौरान हुसैन के दीवाने या अली, सा हुसैन की सदाएं बुलंद करते हुए नजर आए। कमेटी के अध्यक्ष जावेद, राहिल, अफराद, सैफ, तनवीर, इलमान, इरफान, तारिक, शारिक, अवरार, अमान, ईरशाद, शहनूर, सलमान, अनस, राशिम, हाशिम, अफसान व अम्मान आदि मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा को लेकर कस्बा चौकी प्रभारी विघा सागर तिवारी भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे।



उठे छठी के अलम। अमृत विचार

# अनुदानित स्कूलों में लिपिक और चपरासी की आउटसोर्सिंग के जरिए होंगी नियुक्तियां

संवाददाता फर्रुखाबाद

**शिक्षक कर्मचारियों को निशुल्क उपलब्ध कराएंगे फॉर्म-16**

अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेंद्र तिवारी ने डीआईओएस एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी को निर्देशित किया है वह अपने अधीनस्थ माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों एवं शिक्षकों को फार्म-16 निशुल्क उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 24 समाप्ति हो चुकी है। इसके लिए राजकीय अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों का आयकर रिटर्न दाखिल करने हेतु फार्म-16 उपलब्ध कराए।

**अमृत विचार।** अनुदानित जूनियर हाई स्कूलों में अब प्रबंधतंत्र चपरासी और लिपिक की नियुक्तियां नहीं कर सकेंगे। यह नियुक्तियां अब आउटसोर्सिंग के जरिए ही की जाएंगी। शासन के इस निर्णय से बेरोजगार युवकों में जहां नौकरी मिलने की उम्मीद जगी है। वहीं प्रबंधकों में खलबली मची है।

शासन ने जनपद में सुरक्षित पदों का व्यूरा तलब किया है। जिससे उन पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्तियां की जा सके। जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद में लगभग डेढ़ दर्जन चतुर्थ कर्मचारी के तथा एक दर्जन लिपि के पद खाली चल रहे हैं ।विदित है कि अनुदानित जूनियर हाई स्कूलों में निजी प्रबंध तंत्र होता है जो सुविधा शुल्क लेकर नियुक्तियां करता था ।आयोग का गठन हो जाने से अब इन विद्यालयों में प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों की नियुक्तियां आयोग से होगी तथा लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्तियां शासन से आउटसोर्सिंग के माध्यम से किए जाने का निर्णय किया है। सरकार का मानना है कि आउटसोर्सिंग से होने वाली भर्तियों से कर्मचारियों की कमी पूरी हो जाएगी और वेतन भी कम देना पड़ेगा। योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए प्रयोग कर रही है। स्कूल महानिदेशक कंचन वर्मा ने इस कड़ी में अनुदानित विद्यालयों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती में प्रबंध तंत्र का अधिकार खत्म करके आउटसोर्सिंग से नियुक्तियां किए जाने का आदेश दिया है।

# त्यौरखास गांव में पानी की किल्लत

**समस्या**

संवाददाता, कंपिल फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** त्यौरखास गांव में दर्जनों ग्रामीण पीने के पानी के लिए दूर दराज या पड़ोसी के घर से पानी लाने के लिए मजबूर है। जल जीवन मिशन की ओर से ग्रामीण क्षेत्रो मे हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित किया गया। लेकिन जिम्मेदारो के सुस्त रवैया की वजह से ग्रामीणों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। पीने के पानी के लिए ग्रामीण भटकने को मजबूर है। ग्राम पंचायत त्यौरखास मे स्थिति जल जीवन मिशन की ओर से पानी की टंकी का निर्माण किंदर नगला में किया गया है। इस टंकी से त्यौरखास समेत किन्दर नगला, लुखड़ापुर, अहियापुर मे पानी की आपूर्ति होनी है। लेकिन जिम्मेदारों ने किन्दर नगला मे जल की आपूर्ति शुरू कर दी। लेकिन त्यौरखास सहित बाकी के दो गांवों मे पानी की आपूर्ति शुरू नहीं की। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए पड़ोसी के घर जाना पड़ रहा है। पीने के पानी के लिए भटक रहे लोग मजदूर तबके के है। गांव त्यौरखास मे दर्जनों ऐसे घर भी है। जिनमे पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। और वह दूर दराज के हेंडपम्प या पड़ोसी के घर पर निर्भर है।



हैंडपंप से पानी भरती महिला। अमृत विचार

गांव की जमीला वेगम का कहना है कि उसके पति की वर्षों पहले मौत हो चुकी है। घर मे लगे नल मे पानी नहीं आ रहा है। घर से दूर लगे हेडपम्प से पानी भरकर काम चलाया जा रही है। शहनाज के घर मे नल लगा है मगर पानी नहीं आ रहा। पति अहमद हसन की करीब दो वर्ष पहले मौत हो चुकी है। दूर हेडपम्प से पानी भरकर काम चलाया जा रहा है। गांव की ही पूनम, रेखा राजू लाला, जाबिर खान समेत दर्जनों ऐसे घर है। जिनके यहां पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। सभी पड़ोसी या दूरदराज से पानी लाने के मजबूर है। सभी ग्रामीणों का कहना है की अगर जल जीवन मिशन के तहत पानी की आपूर्ति चालू हो जाये तो पीने का पानी मिलने लगेगा।

# दो नाबालिगों का किया अपहरण, रिपोर्ट दर्ज

- टीपी चौराहे पर ई-रिक्शा का इंतजार रही थीं दो नाबालिग की गई छेड़छाड़

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** टीपी चौराहे पर विद्यालय जाने के लिए ई-रिक्शा का इंतजार रही दो नाबालिगों को चार बाइक सवारों ने अपहरण कर एक मकान में छोड़ दिया। मकान मालिक के पुत्र ने दोनों नाबालिगों के साथ अशलील हरकत व मारपीट की। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि उसकी नाबालिग पुत्री व गांव की एक अन्य नाबालिग बच्ची नगर के एक निजी विद्यालय में पढाई करती है। शुक्रवार की सुबह आठ बजे रोजाना की तरह उसकी पुत्री, गांव की अपनी सहेली के साथ विद्यायल जाने के लिए टीपी चौराहे पर ई रिक्शा इंतजार कर रही थी। तभी उसकी सहेली की जान पहचान के चार लड़के दो बाइक पर आए और स्कूल छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठा लिया। कुछ देर इधर उधर घुमाते रहे और विद्यायल न छोड़कर उसकी पुत्री व उसकी सहेली को ओमसिंह के मकान में छोड़कर चले गए। जिसका दोनों ने विरोध किया। कुछ देर बाद ओमसिंह का पुत्र सतेन्द्र यादव आ गया और उसकी पुत्री व उसकी सहेली को जबरन कमरे के अन्दर ले गया और अश्लील हरकते करने लगा। विरोध करने पर सतेन्द्र ने दोनों के साथ मारपीट कर दी। किसी तरह उसकी पुत्री व उसकी सहेली ने सतेन्द्र के चंगुल छूट कर बाहर आईं। गांव के एक व्यक्ति ने उसकी पुत्री व उसकी सहेली देखा। जिस पर वह मौके पर पहुंचा पुत्री व उसकी सहेली को छुड़ाया। पुलिस ने सतेन्द्र व चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

**अव्यवस्था**

**बाढ़ चौकियां पड़ीं बंद, राहगीरों को दी गई फूटी नाव, प्रशासन की व्यवस्था पर उठ रहे सवाल**

# खतरे के निशान से 5 सेमी दूर रामगंगा, मचा हाहाकार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अमृतपुर तहसील क्षेत्र में रामगंगा नदी का विकराल स्वरूप देखने को मिल रहा है। रामगंगा का जलस्तर खतरे के निशान से पांच सेमी दूर रह गया है। इससे गांवों का संपर्क भी मुख्यालय से टूट गया है। मार्गों पर कई फीट पानी चल रहा है। बाढ़ चौकी बंद पड़ी है। प्रशासन ने जो नाव लगवाई है, उनपर मल्लाह नहीं है। एक जगह तो टूटी वोट लगा दी गई।

रामगंगा में खो, हरेली, रामनगर बैराज से 5205 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे रामगंगा का जलस्तर 137.5 मीटर हो गया है। जोकि खतरे के निशान 137.10 मीटर से मात्र 5 सेमी कम है। लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण रामगंगा नदी ने अपना प्रकोप दिखा दिया है। जिसकी चपेट में दो दर्जन से अधिक गांव आ गए। इन गांवों की फसलें बाढ़ के पानी में भर गईं। जिससे भारी नुकसान भी हुआ। अमैयापुर पुलिया के ऊपर 3 फीट से अधिक पानी तीव्र गति से बह रहा है।जिससे ग्रामीणों को रास्ता पार करने के लिए दिक्कत हो रही है। तहसील प्रशासन ने नाव की व्यवस्था कराई गई, लेकिन लेखपाल की लापरवाही के चलते बाढ़ पीड़ितों को फूटी नाव दे दी गई।जिसमें पानी भर रहा है तथा मल्लाह का कोई पता नहीं है। कभी भी हादसा हो सकता है। उप जिला अधिकारी अतुल कुमार ने बताया था जिस क्षेत्र में बाढ़ का पानी आएगा, उस क्षेत्र में बाढ़ शरणालय तथा बाढ़ चौकियां अलर्ट कर दी जाएंगी। लेकिन ऐसा जमीनी हकीकत पर नहीं हुआ। बाढ़ चौकी जूनियर हाई स्कूल अमैयापुर, प्राथमिक विद्यालय रतनपुर पमारान, प्राथमिक पाठशाला कोलासोता, प्राथमिक पाठशाला पिथनापुर बाढ़ चौकी पर जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। वह ड्यूटी से गायब रहते हैं।



नाव में भरा पानी। अमृत विचार



बाढ़ पीड़ितों को दवा बांटती टीम। अमृत विचार

**बाढ़ चौकियों पर ताला**

कई चौकियों पर ताला लटकता हुआ नजर आया। गुलरिया भावन गांव में बाढ़ का पानी भर गया। पीएचसी प्रभारी डॉ सुधीर परमार ने गांव में कैंप लगाकर 147 मरीजों को दवा वितरण की ।पीएचसी अमृतपुर प्रभारी डॉक्टर गौरव राजपूत ने गंगा नदी से घिरे फखरपुर गांव में पहुंचकर 79 मरीज को दवा वितरण की। वहीं अपर जिला अधिकारी के निर्देश पर ग्राम प्रधान अनिल राजपूत के द्वारा गांव में मिट्टी की बोरियां भर कर लगवाई गई जिससे गांव में पानी न घुस सके। ग्रामीणों ने बताया कि किसी जानवर का टीकाकरण नहीं हुआ। अपर जिला अधिकारी के निर्देश पर अमैयापुर पुलिया के ऊपर बाढ़ राहत दल के जवान तैनात कर दिए गए जो बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रहे हैं।

# शासन पहले शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करे

**फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ की जिला कार्य समिति की बैठक जिला अध्यक्ष के आवास पर संपन्न हुई । बैठक में जिला अध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि शिक्षकों की मूलभूत और व्यवहारिक समस्याओं का निदान किया जाए। इसके बाद शिक्षकों को डिजिटल उपस्थिति के लिए कहा जाए। उन्होंने कहा कि लगभग आधा सैकड़ा कार्य जो शिक्षण कार्य में अतिरिक्त हैं शिक्षक कर रहे हैं।

फिर भी वर्षों से प्रमोशन जिले के अंदर ट्रांसफर पुरानी पेंशन कैशलेस चिकित्सा हाफ डे लीव विद्यालय में सफाई कर्मचारी चौकीदार सहित अनेको समस्याएं लंबित हैं ।बैठक में जिला महामंत्री सुनील दीक्षित ने कहा कि शिक्षकों को डिजिटल उपस्थिति देने में एतराज नहीं है। लेकिन पहले समस्याएं हल की जाएं । बैठक में जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र पाल, कुशल दीक्षित,संतोष कुमार, विजेंद्र पाल सिंह, रेनू और जिला कार्य समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कानपुर जिले के थाना गोविंद नगर के रहने वाले राजा (45) पुत्र सरदार मोनी बाइक से अपने साथियों के साथ बैकू धाम जा रहे थे। राजा जैसे ही फतेहगढ़ कोतवाली के महरुपुर सहजू के पास पहुंचा। उस समय उसकी बाइक नेकपुर चौरासी के रहने वाले सुभाष चंद्र सक्सेना की बाइक से टकरा गई। इससे सुभाष चंद्र सक्सेना की बाइक के पीछे बैठे संदेश कटियार पुत्र सुरेश कटियार निवासी नेतपुर चौरासी की घटना स्थल पर मौत हो गई। सुभाष चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल राजा, सुभाष व संदेश को लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव ने संदेश को मृत घोषित कर दिया और राजा तथा सुभाष चंद्र को भर्ती करके इलाज शुरू कर दिया।

### किसान के घर में लगी आग, जलने से भैंस की मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव अददू पुर निवासी किसान राजपाल उर्फ भूरे के गांव में दो मकान है। एक में परिवार सहित रहते हैं और एक में दूध डेयरी का संचालन होता है। दूध डेयरी वाले मकान में अज्ञात कारणों से रविवार दोपहर के समय आग लग गई। इसमें एक बुलेट मोटरसाइकिल जल गई। वहीं बंधी एक भैंस जिसकी कीमत लगभग 80 हजार थी जल गई, जिससे उसकी मौत हो गई। साथ ही एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई। दूध डेयरी का किसानों के लिए रखा 10 बोरा दाना और एक पंपसेट डेयरी के उपकरण सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया । ग्राम प्रधान पंकज यादव ने तहसील पर और पशु डॉक्टर को सूचना दी। नायब तहसीलदार सिरजन कुमार, लेखपाल कप्तान सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर फूल बाबू मौके पर पहुंचे। पीड़ित ने बताया आग से लगभग चार लाख रुपये नुकसान हो गया।

### ट्रेन में यात्री को सुंघाया नशीला पदार्थ

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बरखेडा गांव के यात्री को ट्रेन में जहरखुरानी गिरोह ने नशीला पादर्थ सुंघाया दिया। घर पहुंचते ही वह अचेत हो गया। परिजनों में सीएचसी में भर्ती कराया। कंपिल क्षेत्र के गांव बरखेड़ा निवासी अजय कुमार का 17 वर्षीय पुत्र अखिल काम से फर्रुखाबाद गया था। शनिवार की देर रात वह ट्रैन से घर वापस लौट रहा था तभी जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों ने उसे नशीला पदार्थ सुंधा दिया। जब वह घऱ पहुंचा तो वह अचेत हो गया।

### नाबालिग को बहला-फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** दो आरोपित नाबालिग को बहला फुसला कर ले गए। भाई का तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमें में कहा कि 2 जुलाई को कंपिल क्षेत्र के वसीम पुत्र फुन्दन व राजू पुत्र सलीम उसकी नाबालिग बहन को बहला फुसला कर ले गए। पुलिस जांच में जुट गई है।

### अभिभावक संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए मनोज

**फर्रुखाबाद।** महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक हुई। कॉलेज में शिक्षकों व परिचारकों की कमी को देखते इनकी भर्ती करने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक के दौरान नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। अभिभावक-अध्यापक संघ का निर्विरोध मनोज प्रकाश को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत, कोषाध्यक्ष नीतू सिंह, मंत्री सर्वेश शाक्य व उप मंत्री पद पर ऋचा तिवारी का चयन हुआ। कॉलेज में शिक्षकों व परिचारकों की नवीन नियुक्ति का प्रस्ताव रखा गया। वक्ताओं ने कहा कि अभिभावक बालिकाओं को समय से स्कूल अवश्य भेजें। अभिभावकों ने भी अपनी बात रखी, जिस पर अमल करने पर सहमति बनी। विवरण प्रभारी सर्वेश शाक्य ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। ईको क्लब, यूथ क्लब, आकस्मिक उपचार कक्ष, खेल समिति व एसएमडीसी का भी गठन किया गया।

### दंपति और पुत्र को दबंगों ने पीटा

**फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के बघौना गांव के दबंगों ने दंपती और उसके पुत्र को पीट दिया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल करवाया है। थाना क्षेत्र के बघौना गांव निवासी विशाल ने पुलिस को तहरीर में बताया वह बीते शाम अपने खेतों की तरफ जा रहा था तभी उसने अपने गांव के एक पारिवारिक भाई से उसके हाल-चाल पूछे। इसी बात से नाराज युवक ने उससे गाली-गलौज की। खेत पर मौजूद लोगों ने मामले को शांत कर दिया। घर पहुंच कर विशाल युवक की शिकायत करने उसके घर गया तो वहां युवक ने अपने भाइयों के साथ मिलकर विशाल को पीटा। मारपीट की आवाज सुनकर विशाल की मां संगीता देवी और उसके पिता ओमवीर घटना स्थल पर पहुंचे तो दबंगों ने उनके साथ भी मारपीट की। विशाल ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

### जमीनी विवाद में चार लोगों के साथ मारपीट

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली मोहम्दाबाद क्षेत्र में खेत को लेकर विवाद में परिवार के लोगों में ही जमकर विवाद हो गया। खेत में फसल में पानी लगाने गए वृद्ध समेत चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। दबंगों पर फावड़े से हमला करने का आरोप लगाया गया है। कोतवाली मोहम्दाबाद क्षेत्र के कन्हऊ पट्टिया निवासी फूल सिंह राजपूत रविवार को खेत में चारा की फसल में पानी लगाने गए थे। तभी चचेरे भाइयों ने फावड़े से हमला कर दिया। चीख पुकार सुन पत्नी उर्मिला देवी बचाने आई, उनको भी जमकर पीटा। मौके पर आए फूल सिंह के पुत्र सुमित और विपिन पर भी लाठी डंडों से हमला किया। किसी तरह बचकर पीड़ित सीधे कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण और उपचार के लिए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। कोतवाल मोहम्दाबाद ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है।

### पुलिस ने तमंचा सहित आरोपित को दबोचा

**फर्रुखाबाद।** थाना जहानगंज क्षेत्र में पुलिस ने अनुराग सिंह पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम चुरसाई को एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर लिया है। उप निरीक्षक स्वदेश कुमार ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। आरोपियों को जेल भेजा जायेगा।

### शत्रु संपत्ति पर कार्रवाई न होने पर जताया विरोध

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** तहसीलदार के आश्वासन के बाद कार्रवाई न होने पर हिजाम नेताओं ने कार्यालय पर हवन कर तहसील प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज किया। हिन्दू जागरण मंच के विभाग अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना ने हिजाम कार्यालय पर हवन कर तहसील प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रकट किया। विभाग अध्यक्ष का कहना है कि 11 अप्रैल को शिवाला भवन पर हिन्दू जागरण मंच की ओर से कायमगंज फर्रुखाबाद बाइपास मार्ग स्थित एक पेट्रोल पम्प के सामने गाटा 866, नई बस्ती रोड़ स्थित गाटा संख्या 431 व गांव यहियापुर स्थित शत्रु संपत्ति को भू माफियों से मुक्त कराने के लिए आमरण अनशन किया था। अनशन के दौरान तहसीलदार मौके पर पहुंचे और आश्वासन दिया और कहा कि भू माफियों पर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। हवन के दौरान अनूप चौबे, शानू सक्सेना, शिवमगंल कौशल, मनू सक्सेना, अमित गुप्ता, श्याम कौशल व अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे संकुल शिक्षकों का इस्तीफा

## एक्स पर हैशटेग बायकाट, आज धरना प्रदर्शन कर सौंपेंगे ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, इटावा



एक्स पर विरोध अभियान में हिस्सा लेते विनोद यादव एवं अन्य शिक्षक नेता।

**अमृत विचार।** ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुए विभिन्न शिक्षक संगठनों के आह्वान पर परिषदीय शिक्षकों ने रविवार को एक्स पर हैशटेग बायकाट अभियान चलाया। संकुल शिक्षकों ने इसके विरोध में अपने पद से इस्तीफे दिए। अलग अलग शिक्षक संगठनों ने सोमवार को स्कूल समय के बाद कचहरी में धरना और ज्ञापन का आह्वान किया है।

उधर शिक्षकों की मांगे पूरी नहीं करने से पूर्व डिजिटाइजेशन के विरोध में विकास खंड ताखा के सभी संकुल शिक्षकों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका कहना है कि वह अब विद्यालय में सिर्फ शिक्षण कार्य करेंगे। वह किसी गैर शैक्षणिक कार्य का विरोध करेंगे। वहीं दर्जनों शिक्षकों ने विभागीय व्हाट्सएप ग्रुपों से अपने निजी मोबाइल नंबरों को अलग कर लिया है। ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में विकास खंड ताखा के शिक्षकों ने भी बिगुल फूंक दिया है। संकुल शिक्षक विकास यादव ने बताया कि संकुल शिक्षक दो साल के लिए बनाए गए थे पूर्व में भी सभी संकुल शिक्षकों ने इस्तीफा दे दिया था परंतु तब भी मंजूर नहीं किया गया था।

इस्तीफा देने वालों में सचिन प्रताप, अमित यादव, अवधेश राठौर, मो. अली, आदर्श कुमार, देवेश त्रिवेदी, अजय कश्यप, राजकुमार, विजय कुमार, सुनील यादव, सौरभ यादव, सतीश कुमार शामिल रहे। खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में रिपोर्ट बीएसए को भेजी जा रही है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में ट्विटर, एक्स पर हैशटैग बायकॉट डिजिटल अटेंडेंस ट्वीट कर नंबर एक पर ट्रेंड कराया। इटावा में प्रांतीय मंत्री व जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने इस ट्विटर महाभियान में हिस्सा लिया। अभियान में जिला मंत्री अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, देवेंद्र सिंह, संयुक्त मंत्री मुकेश यादव, अध्यक्ष बसरेहर रामविलास, अध्यक्ष ताखा राकेश यादव आदि शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

### शिक्षक संघ ने बनाई आंदोलन की रणनीति

**इटावा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इटावा की जिला कार्यसमिति, सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, संघर्ष समिति के अध्यक्ष, मंत्री तथा सभी तहसील प्रभारियों की संयुक्त बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के प्रदेशीय मंत्री, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने की। बैठक में शिक्षकों की ओर से ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा डिजिटल अटेंडेंस से असहमति के प्रस्ताव को रखा गया, जिसे सदन ने ध्वनि मत से पारित कर डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में संघर्ष का बिगुल फूंक दिया। जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने कहा कि 15 जुलाई को बीएसए को ज्ञापन दिया जाएगा और उसमें मांग की जाएगी की 22 जुलाई तक डिजिटल अटेंडेंस के आदेश को निरस्त करते हुए शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेश चिकित्सा, 30 ईएल, हाफ डे, सीएल सहित 22 सूत्रीय मांगों का निस्तारण किया जाए। अन्यथा की स्थिति में 23 जुलाई को बीएसए कार्यालय पर धरना दिया जााएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आफताब हुसैन, उपेंद्र कुमार, मुकेश यादव, जौली शाक्य, राधा यादव, आरती सिंह, राजदा खातून, देवेंद्र सोलंकी, अमित त्रिपाठी, रामविलास यादव मौजूद रहे।

## महंत के साथ अभ्रदता करने वाला गिरफ्तार

**महेवा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरावली में यमुना की तलहटी में स्थित हटिया गोपाल दास आश्रम के महंत के साथ गैर समुदाय के युवकों ने अभद्रता की। महंत की शिकायत का संज्ञान लेते हुए थाना पुलिस ने कार्यवाही कर एक युवक को र गिरफ्तार कर जेल भेजा। सैकड़ों वर्ष पुराने हटिया आश्रम के महंत भोला दास ने पुलिस चौकी बराउख पहुंचकर गैर समुदाय के गांव निवासी कुछ युवकों के खिलाफ धक्का मुक्की करने तथा गाली गलौज करने आदि का प्रार्थना पत्र दिया था।पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए रविवार की सुबह युवक जुबैर अली उर्फ अंशू पुत्र शराफत अली को गिरफ्तार कर उपजिलाधिकारी चकरनगर के समक्ष पेश किया। अभद्रता देने वाले अन्य युवकों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**इटावा।** बकेवर थाना के गांव अहेरीपुर के संजय कुमार (26) बाइक से परसूपुरा आया था। वह वापस घर जा रहा था। सुनवर्षा गांव के पास किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई भेज दिया गया।

# भाजपा के धर्म का ढोल अब फट गया : प्रो. रामगोपाल यादव

संवाददाता सैफई, इटावा

- बोले-श्रीराम के नाम का इस्तेमाल करने वाली भाजपा को जनता ने नकारा



**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा पर तंज कसते हुए कहा है कि सात राज्यों में हुए 13 सीटों के विधानसभा उपचुनाव के परिणामों ने साबित कर दिया है कि भाजपा का धर्म का ढोल फट गया है। आगे आने वाले चुनावों में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। वे रविवार को सैफई स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

यादव ने कहा कि अयोध्या से लेकर बद्रीनाथ तक भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा ने कर्नाटक चुनाव में बजरंगबली का इस्तेमाल किया लेकिन मुंह की खानी पड़ी है। बजरंगबली ने भाजपा की टांग तोड़ दी। श्रीराम का इस्तेमाल करने वाली भाजपा को जनता ने नाकार दिया है। श्रीराम जहां-जहां से गुजरे हैं सभी जगह पर भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक भाजपा को झटके पर झटके लग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संसदीय चुनावों में भाजपा को 240 सीटे मिली हैं जबकि इंडिया ब्लॉक को 232 सीटें मिली हैं, थोड़ी सी व्यवस्था ठीक होती और प्रशासन ने दुरुपयोग न किया होता तो अकेले उत्तर प्रदेश ने ही हरा दिया होता।

यादव ने कहा कि एक रिपोर्ट में पिछले 5 साल में देश भर में बिना कानून के 16 हजार मकान तोड़े गए हैं। एक दिन पाप का घड़ा फूट जाता है। हजारों लोग रोते रहे, कई मंदिर और मस्जिद भी तोड़ दिए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी को इसका खमियाजा हर हाल में भुगतना पड़ेगा। अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए कातिलाना हमले पर कहा कि देश में किसी भी राजनीतिक रैली या विदेश में इस तरह की हिंसा की वारदातों पर सारी दुनिया को विरोध करना चाहिए, अगर इन हिंसक घटनाओं पर रोक नहीं लगी तो लोकतंत्र बच नहीं सकता है। ट्रंप को बचना था इसलिए कान के ऊपर से गोली निकल गई है। अयोध्या में भूमाफिया और प्रशासन की मिली भगत से जमीनों के घोटाले से जुड़े सवाल पर कहा कि यह तो प्रथम दृष्टया ऑन रिकॉर्ड है। इस पर कोई कार्यवाही करने वाला नहीं है। महत्वपूर्ण जगहों पर जमीन खरीद ली। इसमें कुछ बीजेपी के कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

### अध्यापकों पर ही क्यों लागू किए जा रहे नियम

उत्तर प्रदेश में शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस और संकुल पद से बड़ी संख्या में इस्तीफा के सवाल पर कहा कि जब सरकार अन्य विभागों में इस नियम को लागू नहीं कर रही है तो फिर टीचर्स पर ही क्यों लागू किया जा रहा है। सभी चुनाव, बीएलओ के काम तो सब टीचर से सही लिए जाते हैं। सिपाही अधिकारी सभी से डिजिटल अटेंडेंस ली जाए तब तो ठीक है।

### मक्का खरीददार नहीं

यादव ने उम्मीद जताते हुए कहा कि अपने फायदे के लिए भाजपा बजट बढ़ा सकती है। कहा कि आंकड़ों के आधार पर जब बजट बनता है, कभी वह धरातल पर नही उतरता। आज तक भाजपा ने जो भी कहा जमीन पर नहीं उतरा है। किसानों के लिए एमएसपी को लागू तक नहीं किया है। हमारे खुद के खेतो में मक्का की फसल खड़ी हुई है, कोई खरीदने वाला नहीं है।

# चोरी की योजना बनाते तमंचा सहित दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा



दोनों आरोपी।

**अमृत विचार।** बसरेहर थाना पुलिस ने गस्त के दौरान अकबरपुररोड से चोरी से योजना बनाते दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस, छुरा के अलावा चोरी के काम आने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

एसओ बसरेहर टीम के साथ गस्त पर थे तभी 0 सूचना मिली कुछ लोग अकबरपुर रोड पर चोरी की योजना बना रहे हैं। उन्होंने छापा मारकर दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा, कारतूस, एक छुरा के अलावा चोरी के काम आने वाले उपकरण बरामद हुए।

आरोपियों ने अपने नाम रहीस पुत्र मो. सलीम निवासी खानपुर औरेया, व मो. रिजवान पुत्र शाहबुद्दीन निवासी अकबरपुर थाना बसरेहर बताए।

# ब्रह्माणी देवी मंदिर पर आषाढ़ी पूर्णिमा मेला 18 से

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- गुरु पूर्णिमा मेले में आएंगे लाखों दर्शनार्थी, चढ़ेंगे झंडे

**अमृत विचार।** बलरई क्षेत्र स्थित गांव नगलातौर में यमुना की तलहटी में स्थित प्राचीन ब्रह्माणी देवी मंदिर पर इस बाहर आषाढ़ी पूर्णिमा पर लगने वाला मेला 18 जुलाई से शुरू होगा। मंदिर पर गुरुपूर्णिमा के मौके पर पांच दिवसीय मेला की तैयारी शुरू हो चुकी है। मेले के आयोजन को लेकर पुजारी ने बताया कि इस दिन मंदिर में आसपास के राज्यों व जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा के साथ झंड़ा चढ़ाने के लिए भी पहुंचते हैं। मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में प्रसाद और खेल-खिलौनों की दुकानें भी लगती हैं। बीहड़ क्षेत्र के मौजूद इस प्राचीन मंदिर पर दिन-रात श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। यमुना नदी की तलहटी में स्थित सिद्ध पीठ ब्रह्माणी देवी मंदिर पर साल भर में 3 बार मेले का आयोजन होता है। जिसमें चैत्र नवरात्रि, आषाढ़ मास में गुरु पूर्णिमा एवं क्वार माह की नवरात्रि में यहां मेले का आयोजन होता है। चैत्र नवरात्रि व गुरु पूर्णिमा पर यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने झंडा नेजा चढ़ाने एवं दंडवत करते हुए आते हैं। ऐसे में बारिश से लखेरे कुआं से पीहरपुर होते हुए ब्रह्माणी देवी रोड में विलायती बबूल की झाड़िया रास्ता अवरुद्ध कर रही हैं।

### मंदिर में झंडे चढ़ाने की है परंपरा

**जसवंतनगर।** तहसील क्षेत्र से 15 किलोमीटर जिला मुख्यालय से लगभग 35 दूर थाना बलरई क्षेत्र के यमुना नदी की तलहटी के घने बीहड़ों में स्थित ब्रह्माणी देवी मंदिर पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 5 दिन तक मेला लगता है। मनोकामना पूरी होने पर यहां बड़ी संख्या में कई राज्यों से भक्त झंडे चढ़ाने पहुंचते हैं। भक्त बैंडबाजों के साथ और लेटकर परिक्रमा करते हुए मंदिर पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया कि मंदिर में सुबह पाँच बजे मंगला आरती व शाम सात बजे आरती होती है। झंडे चढ़ाने आने वालों के लिए मंदिर परिसर से पहले बनाये गए कुंडों में झंडा चढ़ाने की व्यवस्था की गई है।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सीसीटीवी से होगी निगरानी

**जसवंतनगर।** थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि मेले में पीएसी बल के साथ पुलिस तैनात रहेगी। छोटे बड़े वाहनों को रोकने के लिए लगभग एक किलोमीटर पहले बैरिकेडिंग की गई है। सुरक्षा में चूक न हो इसके लिए लगभग एक दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है। क्षेत्रीय लेखपालों की भी ड्यूटी रहती है इसके अलावा यात्रियों को अगर कोई परेशानी होती है तो उनके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से चिकित्सकीय सुविधा के लिए दो स्टाफ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएंगी जिस पर टेस्टिंग के साथ दवा भी मिलेगी।महिला बाजार में अराजक तत्व न घुसें इसके लिए महिला उपनिरीक्षक सहित महिला कांस्टेबल एवं पुरूष कॉन्स्टेबल की ड्यूटी लगाई जाएंगी है।

# वायसी मेले में उमड़े अकीदतमंद, मांगीं मनौतियां



वायसी मेले में आते-जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** बकेवर-इटावा के मध्य कर्बाखेड़ा-कीरतपुर में रविवार को वायसी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दरगाह हजरत सैयद वारसी पीर रहमत तुल्ला अलैह के नाम से यहां प्रतिवर्ष मेला लगता है। मेले में दूरदराज से श्रद्धालु आते हैं।

मेले में अकीदतमंद अपनी मुरादें लेकर आते हैं। मुरादें पूरी होने पर सजेरी, चादर व प्रसाद के थाल चढ़ाते हैं। मेले में हुसैनी लंगर भी लगाये गये। मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग इस मौके पर एकत्र हुए और चादरे चढ़ायी। इस अवसर पर छोटे बच्चों का मुंडन भी लोग कराते देखे गये। मेला में अजमेर शरीफ का हलुआ, चादरें, टोपियां, बिरयानी, प्रसाद, बच्चों के खेल-खिलौने, रोजमर्रा की तमाम वस्तुओं की दुकानें बड़ी संख्या में लगायी गयीं।

पूर्व चेयरमैन हमीद खां ने बताया कि वायसी मेले में जिस किसी ने भी मनौती मांगी है हमेशा पूरी हुई है। समाजसेवी नुरुद्दीन उर्फ पप्पन का कहना है कि यहां पर हिंदू मुसलमान दोनों ही श्रद्धा के साथ चादर चढ़ाते हैं। व्यवस्था में हमीद अली, इरशाद अली, अल्ताफ अली, अंसार अहमद, सैयद यूसुफ अली, सैयद सलीम अली, बाबा अनीस अली, जमील अहमद का योगदान रहा।

### शहर में हुआ मजलिसों का आयोजन

**इटावा।** इमाम हुसैन के बेटे हज़रत अली असगर की शहादत पर घटिया अज़मत अली स्थित अली मेहदी के मकान पर मजलिस का आयोजन हुआ जिसमें जनाबे अली असगर के झूले की जियारत बरामद हुई। मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा कि कर्बला में सबसे छोटे मासूम अली असगर ने अपनी कुर्बानी देकर इमाम हुसैन की जीत का परचम लहराया। मासूम अली असगर तीन दिन की भूख प्यास से तड़प रहे थे जब हुसैन उन्हें पानी पिलाने मैदाने जंग में ले गए तो उन्हें पानी की जगह जहर से बुझे तीर से हमला करके उन्हें शहीद कर दिया गया। मौलाना गुलज़ार हैदर छोलसी ने आलमपुरा इमाम बारगाह में शारिक सगीर शानू की ओर से आयोजित मजलिस में तकरीर करते हुए कहा अल्लाह ने कायनात को खाली नही छोड़ा, पहले हादी का इंतजाम किया बाद में हिदायत पाने वालों का इंतजाम किया। मजलिसों में आओ तो इमाम हुसैन का पैगाम लेकर लोगों तक पहुंचाओ। इमाम बारगाह अज़मत अली पर अशरे की मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना मो. जॉन दिल्ली ने कहा मजलिसों में आकर इमाम हुसैन के मकसद को समझो और इमाम हुसैन का पैगाम लोगों तक पहुंचाओ। इमाम हुसैन कर्बला में दीन और इंसानियत को बचाने गए थे और 72 शहादतें देकर दीन को बचाया।मजलिस में तसलीम रज़ा सोजख्वानी की, मौलाना मो. जॉन, अली मेहदी ने कलाम पेश किए, अहमद जाफर, तनवीर हसन, अख्तर अब्बास ने नोहा ख़्वानी की। अंजुमने हैदरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि घटिया अज़मत अली इमामबाड़े में मुस्ते हसन, आलमपुरा इमाम बारगाह में अयाज हुसैन, दरगाह मौला अब्बास महेरे पर स्व. जफर हुसैन द्वारा स्थापित मजलिस फराज रिज़वी शारू की ओर से हुई।

# ट्रक ने ट्रैक्टर व कार में मारी टक्कर, 7 लोग हुए घायल

संवाददाता बसरेहर, इटावा

- अंतिम संस्कार से लौट रहे थे ट्रैक्टर सवार, कर्री चौकी के पास हादसा

**अमृत विचार।** बरेली-ग्वालियर हाईवे पर थाना चौबिया क्षेत्र में कर्री चौकी के पास त्रिखी मोड़ पर शनिवार रात साढ़े नौ बजे तेज रफ्तार ट्रक ट्रैक्टर तथा कार को रौंदकर फरार हो गया। कार सवार बाल बाल बच गए लेकिन ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। उस पर सवार सात लोग घायल हो गए। ये सभी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार से वापस लौट रहे थे।

थाना चौबिया क्षेत्र में गांव नगला जगत में रहने वाले मोहन सिंह की बुआ के बेटे की थाना ऊसराहार क्षेत्र में गांव उदयपुरा में मौत हो गई थी। मोहन परिवार के लोगों के साथ अंतिम संस्कार में भाग लेने के बाद रात में घर वापस आ रहे थे। रास्ते में उक्त स्थान पर तेज रफ्तार ट्रक ने कार तथा इनके ट्रैक्टर को रौंदकर फरार हो गया। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ लेकिन उसमें सवार सभी बाल बाल बच गए, ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और उसके दो टुकड़े हो गए। सभी सवार घायल होकर चीख पुकार मचाने लगे। थोड़ी दूरी पर पुलिस चौकी से फोर्स आ गया। घायलों को सीएचसी सरसई नावर भिजवाया, वहां से गांव नगला जगत के अनेश कुमार तथा मुन्नी देवी पत्नी जागेश्वर की हालत गंभीर होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मोहन, यशपाल, रामपूती पत्नी संतोष, अंजू पत्नी राहुल तथा अनीता पत्नी कुशलपाल को भर्ती किया गया।

## सार-संक्षेप



पौधारोपण करते शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे व अन्य। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने विभिन्न स्थानों पर रोपे पौधे

**इटावा।** शहर कांग्रेस कमेटी ने राजीव गांधी पौधारोपण अभियान के अंतर्गत शहर के इंदिरा पार्क, जवाहरलाल नेहरू पार्क, सुभाष चन्द्र बोस पार्क, कलेक्ट्रेट पार्क में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे देश में राहुल गांधी के जन्मदिन से चलाया जा रहा है। अवनीश वर्मा, सत्येन्द्र महेश्वरी, आसिफ जादरान, सूर्या शंकर दीक्षित, अभिषेक मिश्रा, पुनीत पाठक उपस्थित रहे।

### शिकायत करने पर मारपीट कर किया घायल

**बकेवर।** थाना में इसी क्षेत्र के कस्बा निवाड़ीकला में रहने वाले सुशील कुमार ने बताया कि उसका बेटा अमन रविवार सुबह शौच क्रिया के लिए जा रहा था। रास्ते में तीन नामजद गाली-गलौज करने लगे। इसकी शिकायत आरोपितों के घर करने गए तो उन्होंने मुझे, पत्नी रीना, बेटा अमन को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल बकेवर भेजने के बाद कस्बा के गुड्डू, सोनू तथा विशाल के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### कूड़ा डालने से रोकने पर महिला को पीटा

**बकेवर।** लवेदी थाना में इसी क्षेत्र के गांव चन्द्रपुरा निहाल सिंह की आमिनी पत्नी निमेष कुमार ने बताया कि वह घर पर अकेली रहती है। उसका पति बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं। पड़ोस के आनंद व उसकी पत्नी मधु व बेटी रुचि ने उसके मकान की दीवार पर कूड़ा करकट डाल दिया। विरोध किया तो लाठी-डंडों से लैस होकर मारपीट करने लगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### फांसी लगाकर जान देने का प्रयास

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी निवासी राशिद (25) पुत्र जफर ने किसी बात से नाराज होकर कमरे में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों को जानकारी हो गई तो उन्होने उसे फंदे से उतार लिया। हालत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर पीजीआई भेज दिया।

### चारा मशीन में हाथ आने से ग्रामीण घायल

**इटावा।** लवेदी थाना के गावं नवादाखुर्द में मशीन से चारा काटते समय एक व्यक्ति का हाथ मशीन में चला गया जिससे वह घायल हो गया। उक्त गांव निवासी राम चरन पुत्र गुलजारी लाल मशीन से चारा काट रहे थे तभी अचानक उनका हाथ मशीन में चला गया जिससे हाथ में काफी चोट आई उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हाईवे पर गड्ढे बन रहे दुर्घटनाओं का कारण

**महेवा।** पुराने नेशनल हाईवे पर जगह जगह बरसात की वजह से हुए गड्ढे तथा अवैध कट हादसे का कारण बन रहे हैं। यदि इन पर शीघ्र ही कार्य न कराया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बकेवर से अनंतराम के मध्य कई जगह हाइवे पर किनारे बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। दस किलोमीटर के दायरे में कई जगह पर हाइवे पर अवैध कट भी बने हुए हैं। जिससे कई जगह तो वाहन उल्टे साइड जाते समय हादसे का शिकार हो जाते हैं। सर्वाधिक गड्ढे तो उझियानी व बहेड़ा हाइवे ओवर ब्रिज के मध्य हैं।

### देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के गांव तुलसीनगर बाउथ के रहने वाले विमल कुमार ने धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए टिप्पणी कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। बलरई थाने में तैनात उपनिरीक्षक रामकृपाल सिंह द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया। था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया।



बैठक में भाग लेते गायत्री परिजन। अमृत विचार

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां शुरू

**भरथना।** रविवार को कस्बा के मोहल्ला गायत्री नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ स्थल पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां निर्णय लिया गया कि गुरू पूर्णिमा पर आगामी 21 जुलाई को गायत्री शक्तिपीठ पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। मुख्य ट्रस्टी वीरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि शान्तिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि राम नारायण की उपस्थिति में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सर्वकल्याण की कामना की जाएगी। इस अवसर पर कमलेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, शिवकिशोर शर्मा, डॉ. विनोद यादव, विनय पोरवाल, राजीव यादव पिंकू, गौरव यादव नीटू, मोहित यादव, मोहिनी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

आयोजन

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक के वन विहार कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

# बिना भेदभाव के देश निर्माण का काम करता है संघ

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- खेल, शारीरिक व्यायाम और सहभोज कराया गया



वन विहार कार्यक्रम में भाग लेते आरएसएस के स्वंयसेवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वन विहार कार्यक्रम कचौरा रोड़ स्थित एक महाविद्यालय में रविवार को हुआ। जिसमें खेल व शारीरिक व्यायाम कराए गए तथा मानसिक, वैचारिक और राष्ट्रीय उत्थान से जुड़ीं गतिविधियों के कार्यक्रम के साथ सहभोज का आयोजन किया गया। इसमें बच्चे, युवा, प्रौढ़ और वृद्ध सभी आयु वर्ग के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

सहविभाग संघ चालक रामनरेश शर्मा ने कहा कि हमने उस देश मे जन्म लिया जहां स्वयं प्रभु ने अवतार लिया। प्रभु ने राम के रूप में अवतार लिया लेकिन एक साधारण मनुष्य की भांति कार्य किया। कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। इसलिए मर्यादापुरुषोत्तम राम कहलाए। जिस प्रकार भगवान कार्य करते हैं, उसी प्रकार के कार्य संघ करता है।बिना किसी भेदभाव के कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता है। पहली बार संघ की संस्कृत में प्रार्थना का सस्वर पाठ किया गया। एक घंटे की शाखा में मानव निर्माण के कार्य संघ करता है।

नगर संचालक राजनारायण शर्मा ने कहा कि आज वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण हमारे लिए एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

देश मे पेड़-पौधों की कमी के चलते तापमान 50 डिग्री के पार पहुंच गया है। यदि हम और आप पेड़पौधों का संरक्षण नहीं करेंगे तो कल स्थिति बहुत भयावह हो जाएगी। अभी बरसात का मौसम है अधिक से अधिक पौधारोपण करें और उनकी देखरेख भी करें।

कार्यक्रम में स्वयंसेवको को सहविभाग संघसंचालक राम नरेश शर्मा का बौद्धिक प्राप्त हुआ। धर्म जागरण प्रमुख शिव कुमार, ज़िला प्रचार प्रमुख वैभव भदौरिया, नगर संघ संचालक राज नारायण, गौरव धाकरे, राजकुमार, प्रबल प्रताप, विक्रम, प्रांशु, मोहित, प्रदीप, प्रेम किशोर पाठक, तरुण मिश्रा, सुनील धनगर, मोहित यादव मौजूद रहे।

## उपजिलाधिकारी से सरकारी गूल पर कब्जे की शिकायत

**महेवा, इटावा।** खेतों की सिंचाई के लिए पूर्व से निर्मित सरकारी गूल को तोड़कर निजी खेत में मिलाने की शिकायत किसानों ने उपजिलाधिकारी चकरनगर से की है। ग्राम बहादुरपुर घर के मजरा नगला गिरिंद निवासी नंद किशोर,चंद्र किशोर ने जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी चकरनगर को भेजे शिकायती पत्र में गांव के ही व्यक्ति पर करीब दो सौ फीट लंबाई में सिंचाई के लिए पहले से निर्धारित गूल को अपने खेत में मिलाने का आरोप लगाया।

लेखपाल पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं किए जाने का भी आरोप लगाया है। पीड़ितों ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी गूल को सुरक्षित रखे जाने की मांग की है।

# दूसरे दिन भी जारी रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान

## प्रशासन की कार्रवाई से भयभीत लोगों ने पश्चिमी तरफ की दुकानें की खाली

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर में बिलरायां-पनवाड़ी राजमार्ग स्थित नहर बाजार में रविवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। करीब दर्जन भर जेसीबी और दो पोकलेन की मदद से सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मुख्य मार्ग के पूरब की ओर बने 45 मकानों एवं दुकानों को पूरी तरह से गिरवाते हुए उनका मलबा भी हटवा दिया। इस बीच एकाध प्रभावित लोगों ने विरोध करने की कोशिश की लेकिन पुलिस की सख्ती से उन्हें कोई सफलता हाथ नहीं लगी।

सुबह नौ बजे के बाद सिंचाई खंड के अधिशाषी अभियंता पीएस पटेल ने अधीनस्थों के साथ अतिक्रमण हटवाना शुरू किया जो देर शाम तक जारी रहा। नहर पुल के दक्षिणी ओर हार्डवेयर व्यवसाई बंटी गुप्ता पुत्र श्रीनिवास गुप्ता का गोदाम है जिस पर नोटिस चस्पा न होने के बाबजूद इसे गिराने की कोशिश हो रही है। इस पर पीड़ित ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से आपत्ति जताते हुए कहा कि यह उसके साथ अन्याय है।

हालांकि अधिकारियों ने पीड़ित की बात अनसुनी करते हुए गोदाम धराशायी करवा दी। इसके बाद अभियान लगातार नहर पुल के दोनों ओर चलता रहा। अपरान्ह तीन बजे के बाद क्षेत्रीय सपा विधायक प्रदीप यादव नहर बाजार पहुंचे जहां उन्होंने प्रभावित लोगों से बात करते हुए उनके नुकसान का आंकलन किया। उन्होंने कहा कि शासन दिबियापुर में बाईपास बनवा देता तो किसी के बेघर होने की नौबत नहीं आती। अभियान से प्रभावित दुकानदार पूर्व सभासद सुभाष यादव के साथ नहर बाजार के लोगों ने विधायक से अपनी शिकायत दर्ज कराई।


नहर बाजार में ढहाया जाता अतिक्रमण। अमृत विचार


अतिक्रमण स्थल पर मौजूद सिंचाई विभाग एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी। अमृत विचार


सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते सीओ एमपी सिंह। अमृत विचार

# मानसिक रूप से परेशान युवक ने लगाई फांसी

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के कंचौसी चौकी के अंतर्गत आने वाले चिटकइयन पूर्वा गांव में एक युवक ने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगा कर जीवन लीला समाप्त कर ली है। बताया जा रहा है कि युवक आपराधिक प्रवृति का था।कुछ दिन से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जिसके चलते उसने फांसी लगा ली।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को लगभग 1:30 बजे मृतक आशीष कुमार उर्फ श्याम सिंह पुत्र बाबूराम दोहरे उम्र 28 वर्ष निवासी चिटकइयन पुरवा थाना दिबियापुर जनपद औरैया द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की सूचना पर उपनिरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर पंचायत नामा की कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी पहुंचाया गया। उन्होंने बताया लॉ एंड ऑर्डर की कोई समस्या नहीं है।मृतक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। जिसके ऊपर कई मुकदमे चल रहे थे। मृतक के भाई राहुल कुमार उर्फ जान सिंह द्वारा बताया गया कि मेरा भाई 5-6 बार जेल जा चुका है तथा जिला मैनपुरी से गैंगस्टर भी है।

### फंदे पर लटका मिला होटल कर्मी का शव

**अयाना।** थाना क्षेत्र के कोठीदासपुर निवासी अतुल कुमार (19) कर्नाटक में एक होटल पर काम करता था। उसकी मां पुष्पा की मौत 15 साल पहले हो गई थी। तीन माह पहले वह अपने चाचा अशोक बाबू की बेटी की शादी में आया था। रविवार दोपहर को खाना के लिए बुलाने पहुंचे चचेरे भाई शीलू को उसका शव कमरे के बयालों में रखी धन्न पर पैंट- शर्ट के फंदे से लटका मिला। ग्राम प्रधान अखिलेश कुमार की सूचना पर पहुंचे सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने जांच- पड़ताल कर फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को मृतक की पैंट की जेब में भांग की गोलियां मिली हैं। सीओ राममोहन शर्मा ने बताया कि परिजन के अनुसार मृतक नशे का आदि था।

# अब अभियान नहीं, बेघरों को दिलाया जाए आवास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर में रविवार को सपा विधायक प्रदीप यादव नहर बाजार पहुंचे जहां उन्होंने अतिक्रमण हटाने पर प्रभावित लोगों से बात की। कहा कि यदि शासन दिबियापुर में बाईपास बनवा देता तो इस तोड़फोड़ को रोका जा सकता था। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सिंचाई विभाग के एक्सईएन समेत संबंधित आला अधिकारियों से वार्ता हुई है। अब किसी अन्य नई जगह तोड़फोड़ शुरू नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के मकान तोड़े गए हैं उनको मुआवजा दिलाने का मुद्दा वह विधान सभा में उठाएंगे। पूर्व सभासद सुभाष यादव ने कहा कि पीड़ित लोगों को अपना सामान निकालने तक का मौका भी नहीं दिया गया। नगर पंचायत में विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल ने विधायक को बताया कि 45 प्रभावित लोगों में से पांच पीड़ितों के पास अपनी छत नहीं है जिस पर विधायक प्रदीप यादव ने अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार पांडेय से सभी बेघरों को आवास दिलवाने को कहा।

ईओ ने विधायक को बताया कि बेघर हुए पीड़ितों की सूची बनाकर उन्हें कांशीराम कालौनी में आवास दिलाया जायेगा। पूर्व ब्लाक प्रमुख श्याम बाबू यादव, विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, पूर्व सभासद सुभाष यादव, सपा नेता तेहराज सिंह यादव, पूर्व प्रधान अश्वनी शर्मा, दीपू यादव, विमलेश यादव आदि मौजूद रहे।


एक्सईएन सिंचाई विभाग से बात करते दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव। अमृत विचार

# अभियान में बाधक बने हाइट गेज हटाए गए

**औरैया।** दिबियापुर में नहर पुल के दोनों ओर लगाए गए हाइट गेज रविवार को हटा दिए गए। जानकारी के अनुसार पिछले साल भारी वाहनों को नहर पुल पर प्रतिबंधित करने के लिए दोनों ओर हाइट गेज लगवाए गए थे। बताते हैं कि अतिक्रमण हटाओ अभियान में जेसीबी मशीनों की आवाजाही में दिक्कत हो रही थी जिससे सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने रविवार को पुल के दोनों ओर लगे हाइट गेज हटवा दिए,जिससे अब डम्फर और जेसीबी के निकलने में आसानी होगी ।

**कबाड़ बीनने वालों की हो गई चांदी:** दिबियापुर के नहर बाजार में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जो मलबा निकल रहा है। वह ट्रैक्टरों से नहर पटरी पर नगर सीमा के बाहर कंचौसी मार्ग पर डाला जा रहा है। बताया जाता है कि मलबे में सरिया के अलावा काफी मात्रा में अन्य लोहा लंगड आदि भी फेंका जा रहा है। जिसे आस पास के ग्रामीण भी बीन कर हजारों रुपये की कमाई कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप


सांसद जितेंद्र दोहरे को ज्ञापन सौंपते सोसाइटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### ट्रेनों के ठहराव को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**अछल्दा,औरैया।** कस्बे की एकलव्य वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रविवार को इटावा लोकसभा के क्षेत्रीय सांसद के इटावा आवास पर जाकर एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कोरोना काल से अछल्दा रेलवे स्टेशन पर कुछ प्रमुख ट्रेनों के बंद चल रहे ठहराव को पुन: शुरू करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि कोरोना काल से अछल्दा रेलवे स्टेशन पर महानंदा एक्सप्रेस, तूफान एक्सप्रेस व आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहरा बंद चल रहा है। उपरोक्त ट्रेनों का ठहराव बंद किए जाने से 7 लाख से अधिक क्षेत्र वासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उपरोक्त ट्रेनों के ठहराव के साथ ही मालदा फरक्का एक्सप्रेस व आगरा लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस, महांदा एक्सप्रेस का ठहराव भी शुरू कराए जाने की मांग की गई है। सांसद जितेंद्र दोहरे ने समस्या का जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

### इंद्रमणि त्रिपाठी बने औरैया के जिलाधिकारी

**औरैया।** स्विमिंग पूल विवाद के बाद औरैया की जिलाधिकारी नेहा प्रकाश का भी तबादला कर दिया गया। जिलाधिकारी के खिलाफ पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता अभिषेक यादव ने 76 पन्नों की शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि जिलाधिकारी सरकारी आवास में दबाव डालकर स्विमिंग पूल बनवाना चाह रही हैं। इसके लिए 84 लाख रुपए का रिवाइज्ड बजट पास कराने का दबाव बनाया। जिलाधिकारी ने भी एक्सईएन के खिलाफ शासन को पत्र लिखा। इसमें अधिशाषी अभियंता को सस्पेंड कर दिया गया था। जिलाधिकारी और पीडब्ल्यूडी की खींचतान से जिले के काम पर असर पड़ रहा था। वहीं लखनऊ में अवैध बस्तियों पर बुलडोजर एक्शन से चर्चा में आए लखनऊ विकास प्राधिकरण के वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी को औरैया का जिलाधिकारी बनाया गया है। उनकी जगह पर मुख्यमंत्री के विशेष सचिव प्रथमेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है।


इंद्रमणि त्रिपाठी।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बकेवर, इटावा।** एक सप्ताह पूर्व पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर इटावा जा रहे बाइक सवार युवक को कार चालक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल किया। घायल को उपचार के दौरान सैफई अस्पताल में मौत हो गई। औरैया जनपद के अजीतमल थाना क्षेत्र के ग्राम मोहारी निवासी राज नारायण उर्फ राजू ने बताया कि उसका 21 वर्षीय पुत्र शिवम बकेवर कस्बे के आदर्श नगर मुहाल निवासी अपने मामा शेखर के घर रह रहा था। 7 जुलाई की दोपहर वह बाइक पर सवार होकर एनएच 19 हाइवे पर स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर इटावा जा रहा था। जैसे ही वह पेट्रोल पंप से निकला कि तभी रांग साइड आ रहे कार सवार चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने इलाज करने के बाद पी जी आई सैफई रेफर कर दिया।एक सप्ताह बाद शिवम की इलाज के दौरान मौत हो गई। सैफई अस्पताल की सूचना पर बकेवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

## एक नजर

### चोरों ने कुटिया से नकदी और जेवर किए पार

**बिधूना।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतनपुर बंथरा निवासी बाबा रुपसिंह पुत्र स्व. जोधा सिंह अपनी पत्नी रामप्यारी के साथ घर से बाहर आश्रम बनाकर कुटिया में रहते हैं। शनिवार की रात्रि वह कुटिया के बाहर सो रहे थे। तभी चोरों ने उनकी कुटिया में घुसकर बैग में रखे कुछ जेवरात व रुपए चोरी कर लिए। रुपसिंह ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। चौकी प्रभारी सत्येन्द्र सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने कहा कि अतिशीघ्र घटना का खुलासा किया जायेगा।

### बिल्डिंग मैटीरियल विक्रेता से टप्पेबाजी

**ककोर।** जिला मुख्यालय के निकट ककोर बंबा के पास रामबाबू भदोरिया निवासी लालपुर की बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान है। उनकी दुकान पर दोपहर 2:20 बजे पर एक युवक आया। मौरंग का भाव पूछा। रेट पता होने के बाद उसने 500 के फुटकर मांगे। पैसे फुटकर देने के बाद दुकानदार से दूसरा नोट देने के लिए कहा। इसके बाद रामबाबू भदोरिया अपना दूसरा काम करने लगे। इस बीच टप्पेबाज 6500 रुपये लेकर फरार हो गया। पीड़ित रामबाबू ने चौकी ककोर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# मां-बेटे को मारपीट कर किया लहूलुहान

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की बीती 8 जुलाई को दबंगों ने बेवजह उसकी मां के साथ मारपीट कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। डॉक्टर ने उसे सफाई के लिए रेफर कर दिया। बताया जब उसकी छुट्टी होकर आई तो दबंगों द्वारा उसकी भी मारपीट कर दी गई। पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है। मगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी अमरेश दोहरे पुत्र स्व. राम प्रकाश ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 8 जुलाई को उसकी मां शांति देवी घर पर थी। इस दौरान गांव निवासी नंदू यादव व नारायण यादव पुत्र प्रेम सिंह यादव आए और जाति सूचक गालियां देते हुए उसकी मारपीट कर दी। उसे औरैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया कि 11 तारीख को उसकी छुट्टी हुई तो वह घर ले आया। इस दौरान नाम जद दोनों लोग दोबारा से आए और उसके साथ भी लाठी डंडों से मारपीट कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने बताया कि अब दबंग उसे मुकदमा वापस लेने के लिए धमकी भी दे रहे हैं। मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि मुकदमा कर लिया गया है।

### बच्चों की प्रतिभा को निखारें शिक्षक : शिवप्रसाद

**बकेवर, इटावा।** बकेवर कस्बे में स्थित बाबूराम सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज लखना रोड बकेवर में ज्ञानस्थली एकेडमी भरथना, सरस्वती ज्ञान मंदिर मानिकपुर मोड़ अड्डा निहाल इटावा व बाबूराम सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज बकेवर के शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रबंधक शिव प्रसाद यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सप्ताह में कम से कम दो दिन विद्यालय में एक्टिविटीज कराई जाएं। जिससे जिससे बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा का निखार हो सके। प्रधानाचार्य बाबूराम सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज बकेवर बेनीराम पाल, ज्ञान प्रकाश यादव प्रधानाचार्य, सुनील राजपूत मौजूद रहे।

# दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** बिधूना-बेला मार्ग पर पीएस भट्ठा के पास बेला से बिधूना की ओर तेज गति से जा रही पिकअप ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे उसकी ठौर मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर जाम लगा दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी एंव ग्राम प्रधान के समझाने बुझाने पर ग्रामीणों ने दो घंटे बाद जाम खोला। इस दौरान आवागमन प्रभावित रहा।

बेला थाना क्षेत्र के ग्राम हीरा पुर्वा निवासी शिवम कुमार (20) पुत्र अवधेश कुमार पाल किसी कार्य से बाइक से बिधूना आया था। अपराह्न लगभग ढाई बजे जब वह घर जा रहा था तभी बिधूना-बेला मार्ग पर पीएस भट्ठा के पास बेला से बिधूना की ओर तेज अनियंत्रित गति से जा रही पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे शिवम् की ठौर मौत हो गई।

इसके बाद गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से आड़े-तिरछे वाहन खड़े कर सड़क पर जाम लगा दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह दुर्घटना करने वाले वाहन को लेकर विवाद करते रहे।

इसी बीच ग्राम प्रधान राघवेन्द्र सिंह पाल, पूर्व प्रधान हरेंद्र सिंह, भाजपा नेता पवन चोपड़ा, भाजपा नेता पुनीत ठाकुर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह आदि के समझाने बुझाने पर लगभग साढ़े चार बजे जाम खोला।

इस दौरान आवागमन प्रभावित रहा और लोग परेशान रहे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने कहा तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


सड़क पर शव रखकर जाम लगाए परिजन। अमृत विचार

### पुलिस एस्कॉर्ट की गाड़ी की टक्कर से मोर की मौत

**कंचौसी।** कंचौसी-ककोर मार्ग पर बिहारीपुर गांव के पास एक पुलिस एस्कॉर्ट वाहन की टक्कर से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना चौकी पुलिस को दी। चौकी प्रभारी शशिधर त्रिपाठी अपने हमराही के साथ मौके पर पहुंचे। बताया जाता है कि रविवार को कंचौसी-ककोर रोड पर एक पुलिस एस्कॉर्ट वाहन ने सड़क से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय पक्षी मोर को टक्कर मार दी। पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक मोर की मौत हो गई। दिबियापुर से मौके पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल की। वन विभाग चौकी प्रभारी विजय चौधरी ने बताया कि मोर के शव को कब्जे में ले लिया गया है। वन विभाग उसका अंतिम संस्कार कराएगा।

**आयोजन** | स्टाल लगाकर लंगर व शर्बत किया वितरित, इमामबाड़े पर शिया समुदाय के लोग करते रहे मातम

# सातवीं मोहर्रम पर अकीदत से निकला अलम का जुलूस

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** मोहर्रम पर्व पर बुधवार को कस्बे में अलम का जुलूस अकीकाद व गमगीन माहौल में निकाला गया। जगह-जगह लोगो को शर्बत पिलाकर व लंगर तकसीम कर स्वागत किया गया और लुट्टस कराई गई। सभी अलम के जुलूस मोहल्ला सैयद बाड़ा में एक साथ पहुंचे। जहां लगे मेले में भारी भीड़ पहुंची। लोगों ने वहां पहुंचकर जुल्फिकार पर अपनी मन्नत मानते हुए चांदी के नीबू को बांधा। देर शाम अलम का जुलूस अपने अपने मुकामों पर रवाना होकर समाप्त हुआ।

बुधवार सुबह 10 बजे सबसे पहले अलम के जुलूस की शुरुआत मोहल्ला भराव से हुई। जहां से अलम मोहल्ला ऊंचा टीला होता हुआ तिराहा चमनगंज पहुंचा। जुलूस में इन मोहल्लों के भी अलम शामिल होते गए।इसके बाद दस से अधिक अलम का जुलूस चमनगंज तिराहे पहुंचा जहां जुलूस में शामिल लोगों को शरबत वितरित किया गया।इसके बाद जुलूस मोहल्ला मेवतियां पहुंचा जहां पर मोहल्ला जुबैरी, मोहल्ला केशरवानी तथा मोहल्ला मेवातियां के अलम भी जुलूस में शामिल हुए।

इसके बाद सभी अलम अपने तय रास्ते से होते हुए मोहल्ला सैयद बाड़ा पहुंचे जहां सारे अलमों का सैदबाड़ा स्थित मैदान में मिलाप हुआ। इमामबाड़े पर शिया समुदाय के लोग गमगीन माहौल में मातम करते रहे। इसके बाद अलम का जुलूस अपने अपने स्थानों पर पहुंचकर मुकम्मल हुआ। हमीद अंसारी, इखलाक अंसारी, रब्बानी अंसारी, सूफान अंसारी, शारिक खान, नदीम खान मौजूद रहे। वही सुरक्षा की दृष्टि से अजीतमल सीओ थाना अध्यक्ष और फोर्स के साथ जुलूस में मौजूद रहे।


इमामबाड़े पर मातम करते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार


राहगीरों को शर्बत पिलाते कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### हुसैनी कमेटी ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**फफूंद।** नगर में चमनगंज तिराहा के पुलिया के पास एक सबील-ए-हुसैन (हुसैनी प्याऊ) स्टॉल लगाया। जिसमें नगर व क्षेत्र से आने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया गया। हुसैनी प्याऊ स्टॉल का आयोजन फैसल खान, मु. आसिफ अंसारी चिश्ती, सोहिल हसन, मु. शानियाल, मु. अरमान, आसिफ़ खान, रियाज़ मंसूरी आदि सहित तमाम हुसैनी कमेटी ने किया। वहीं गल्ला मंडी के आस पास दुकानदारों ने बाजार आने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया। बाबर, सादिक, अशद खान, ऋषभ इरफान आदि मौजूद रहे।


जुलूस निकालते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

### 72 साथियों की शहादत को याद किया

**अछल्दा।** मोहर्रम के अवसर पर रविवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने कर्बला के मैदान में हुई जंग में हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की शहादत को याद किया। मोहर्रम की सातवीं तारीख पर अलम का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बच्चे और बुजुर्ग ढोल- तांशो के साथ इस्लामी नारे लगाते हुए चले। जुलूस मोहल्ला सराय बाजार से शुरू होकर नहर बाजार मे अपने मुकाम पर समापन हुआ। मुस्तकीम खां, अख्तर अली, जमील अहमद, बाबा जी, नौशाद सिद्दकी, आमिर खान, फिरोज खान व अन्य मौजूद रहे।

### कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया जुलूस

**कुदरकोट।** रविवार को मोहर्रम के पर्व पर कुदरकोट में कड़ी सुरक्षा के बीच मुस्लिम समाज के लोगों ने अलम जुलूस निकाला। जिसमें कुदरकोट थाना अध्यक्ष पूजा सोलंकी पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं। जुलूस में मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। असलम मास्टर, भोले, डाबर खान, नसीब, उस्मान, दिलशाद, आमिर, कमालुद्दीन, रियाजुद्दीन, सलीम, एहसान खान एकाम खान आदि मौजूद रहे।

# पत्नी के सामने युवक का अपहरण पांच लाख रुपये की मांगी फिरौती

## बिजनौर इलाके में कानपुर रोड पर एसआर होटल में हुई घटना, चार आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिजनौर इलाके में कानपुर रोड स्थित एसआर होटल में शुक्रवार तड़के चार युवक पहुंचे। वहां ठहरे दिल्ली के उत्तरनगर निवासी व्यापारी महेंद्र कालरा और उनकी पत्नी हिमांशी की पिटाई की। इसके बाद महेंद्र का अपहरण कर लिया। पत्नी को कॉल कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी। धमकी दी कि यदि रुपये नहीं मिले तो महेंद्र की हत्या कर शव को गंगा नदी में फेंक देंगे। आरोपियों ने पत्नी को डराकर 50 हजार रुपये पेटीएम में ट्रांसफर कराए। पुलिस ने रविवार को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कानपुर के हैं।

डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में इटावा के बकेवर रमुपुर का रहने वाला हिमांशु, कन्नौज के ठठिया बरेवा फखरपुर मौजा का संदीप सिंह, मतौली का श्यामजी और जसवंतनगर सिशाट का रहने वाला सौरभ यादव शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में संदीप को छोड़कर सभी कानपुर के कल्याणनगर में रहते हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त एसयूवी भी बरामद की है।


बिजनौर पुलिस की गिरफ्त में दिल्ली के कारोबारी का अपहरण करने वाले आरोपी।

### मौका मिलते ही कानपुर से भाग निकला महेंद्र

एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी के मुताबिक पुलिस एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू की। महेंद्र के मोबाइल नंबर का लोकेशन निकाला। लेकिन कुछ देर में सूचना मिली की महेंद्र वापस आ गया। महेंद्र ने पूछताछ में बताया कि आरोपी उसे लेकर कानपुर में झकरकटी बस अड्डा पहुंचे। वहीं पर आरोपी चाय पीने लगे। इस बीच मौका देखकर वह बस अड्डे के अंदर घुस गया। जहां से मुंह पर रुमाल बांधकर बस में बैठकर लखनऊ आ गया। एसीपी के मुताबिक महेंद्र से पूछताछ के बाद इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा की टीम ने सर्विलांस सेल और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की मदद से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### रुपये के लेन-देन में हुआ था विवाद

पुलिस के मुताबिक महेंद्र अक्सर अपनी पत्नी के साथ लखनऊ कारोबार के सिलसिले में आते हैं। इस दौरान चारों आरोपियों से भी उनकी कई बार पहले मुलाकात हो चुकी है। 12 जुलाई को जब दिल्ली से लखनऊ पहुंचे तो वहां कारोबार के सिलसिले में बातचीत हुई। देर रात तक खाने पीने का दौर चला। इसके बाद रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया चारों ने हिमांशी और महेंद्र की पिटाई की। इसके बाद महेंद्र को अगवा कर लिया। प्रभारी निरीक्षक बिजनौर अरविंद राणा के मुताबिक पकड़े गये आरोपी हिमांशु यादव के खिलाफ औरैया और कानपुर में लूट और मारपीट का मामला दर्ज है। वहीं, संदीप सिंह पर कन्नौज के ठठिया थाने में एफआईआर दर्ज है।

### दो दिन पहले दिल्ली से आए थे दंपति

एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह के मुताबिक दिल्ली के उत्तरनगर निवासी हिमांशी व उनके पति महेंद्र कालरा 12 जुलाई को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने रुकने के लिए कानपुर रोड स्थित होटल एसआर में कमरा बुक कराया। वहां पर हिमांशु और उसके साथी भी थे। होटल में तड़के करीब ढाई बजे महेंद्र से हिमांशु, संदीप और उसके साथियों से विवाद हो गया। इसके बाद चारों ने महेंद्र और हिमांशी के साथ मारपीट की। हिमांशी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने महेंद्र की पिटाई करते हुए खींचकर एक्सयूवी में डाल दिया। उसका अपहरण कर लिया। महेंद्र के नंबर से उसकी पत्नी को कॉल कराया। छोड़ने के लिए पांच लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर हत्याकर शव गंगा नदी में फेंकने की धमकी दी। हिमांशी ने डरकर अपहर्ताओं के पेटीएम खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए। एडीसीपी दक्षिणी ने बताया कि रुपये देने के लिए हिमांशी ने समय मांगा तो आरोपियों ने धमकी दी। इसके बाद हिमांशी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

# शहर में घूम रहे हैं काली फिल्म लगे तमाम वाहन

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** चार पहिया वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगी गाड़ियां उरई शहर में धड़ल्ले से दौड़ रही है और अब ऐसे वाहनों पर कोई कार्रवाई करने वाला भी नजर नहीं आ रहा है। इसके चलते लोग गाड़ियों पर काले शीशे लगवाने से भी परहेज नहीं करते हैं, जबकि मई 2012 में ही सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगाना प्रतिबंधित कर दिया था। कोर्ट का आदेश आने पर शुरुआत में ऐसे वाहनों पर काफी कार्रवाई की गई थी। यह सिलसिला कुछ समय तक तो चला, लेकिन अब इस नियम का कहीं कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है।

### यह हैं नियम

**उरई।** सेंट्रल मोटर वीइकल्स रूल 1989 की धारा 100 (2) के तहत कारों सहित अन्य वीइकल्स के आगे और पीछे के शीशों की विजिबिलिटी 70 पर्सेंट और विंडो गलास की विजिबलिटी 50 पर्सेंट से कम नहीं होनी चाहिए। अगर विजिबिलिटी इससे कम है, तो उसे कानून का उल्लंघन माना जायेगा।

### काले शीशों के कारण आपराधिक मामले भी बढ़े

**उरई।** कारों में रेप और अपहरण सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिये लोग कारों में काले शीशों को लगवाते हैं। शीशों पर फिल्म लगी होने के कारण कार के भीतर कुछ भी दिखाई नहीं देता है। लेकिन कार के अंदर बैठे लोगों को सब कुछ नजर आता है।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के बंगरा रोड पर अलग-अलग स्थान पर एक्सीडेंट में उपचार के दौरान दो लोगों की मौत हो गई।

आरिफ साह कस्बा मिहोना जिला भिंड ने पुलिस में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया कि उसके पिता सुलतान साह किसी काम से जालौन आ रहे थे तभी अज्ञात कार ने टक्कर मार दी जिससे उनका उपचार ग्वालियर में चल रहा था उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। **वहीं** कुशमा देवी निवासी सिरसा दोगड़ी ने मामला दर्ज कराया कि उसके पति मनीष कुमार जालौन आ रहे थे तभी बंगरा रोड छपुला के पास अज्ञात लोडर ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने दोनों की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है।

# हिरासत में मौत पर एसओ एसओजी प्रभारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** पुलिस हिरासत में हत्यारोपी राजकुमार की डकोर थाने में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। उसके शरीर में चोटों के निशान भी मिले है। मृतक की पत्नी ने पुलिस पर मारपीट करने के आरोप लगाए है। एसओ जितेंद्र पाल सिंह और एसओजी प्रभारी सतेंद्र सिंह यादव को पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने सस्पेंड कर दिया।

पुलिस हिरासत में शनिवार को मृत राजकुमार के इंद्रा नगर उरई के मकान के किराएदार संतोष की 11 जुलाई को डकोर थाना क्षेत्र के मुहाना गांव के बाहर रक्त रंजित शव मिला था, जिस पर मृतक संतोष की पत्नी सरिता ने डकोर थाने में हत्या का मकान मालिक राजकुमार, उसके भाई निर्भय, राधा, कार्तिक, आकाश पुत्रगण निर्भय के नाम हत्या का मुकदमा 11 जुलाई को दर्ज कराया था। किराए दार संतोष की हत्या में नाम दर्ज राजकुमार को पुलिस 12 जुलाई की रात्रि में उरई से गिरफ्तार कर ले गई थी। राजकुमार की 13 जुलाई को पुलिस हिरासत में थाने में मृत्यु हो गई थी। राजकुमार की पत्नी अंजू ने बताया कि पुलिस हिरासत में राजकुमार के शरीर में मारपीट के कई चोट के निशान उसने देखे थे।


पुलिस हिरासत में मृत राजकुमार की पत्नी अंजू और उसके बच्चे।

- एक दिन पहले पुलिस ने किया था गिरफ्तार
- मृतक के शरीर पर पाये गये मारपीट के चोट के निशान

# गुरु जी को रखना होगा कंपोजिट ग्रांट का पूरा हिसाब

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में आने वाली कंपोजिट ग्रांट का पूरा हिसाब किताब गुरुजी को अब देना होगा। कंपोजिट ग्रांट का डिटेल चेक किया जाएगा। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्राइमरी का उच्च प्राइमरी तथा कंपोजिट विद्यालयों में यह ग्रांट पहुंच चुकी है। अब इसकी जांच करके रिपोर्ट देने के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने तहसीलदारों तथा खंड विकास अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वह परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में ब्यय की गई रकम, खरीद प्रक्रिया की जांच करके आख्या उपलब्ध कराएं। इसके लिए उन्हें 15 दिन का समय दिया गया है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की ओर से जारी किए गए निर्देश में कहा गया है कि तहसीलदार तथा खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में व्यवस्था देखें। प्रत्येक विकासखंड से 20-20 विद्यालयों की खरीद प्रक्रिया तथा खर्च की गई रकम की जांच करते हुए आख्या उपलब्ध कराई जाए।

इसी तरह मुख्य विकास अधिकारी ने यह निर्देश भी दिया है कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग विकास खांडो में एक-एक विद्यालय को पीएम श्री योजना में शामिल किया गया है। पीएम श्री विद्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्कूल ग्रांट आ गई है।

### कंपोजिट ग्रांट में आई है 4 करोड़ 65 लाख की रकम

**इटावा।** जिले में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्राइमरी, उच्च प्राइमरी तथा कंपोजिट विद्यालयों का संचालन किया जाता है जिनकी संख्या 1476 है। इन सभी विद्यालयों में कुल मिलाकर 4 करोड़ 65 लाख 75 हजार रुपए की रकम कंपोजिट ग्रांट के रूप में दी गई है। इस रकम से विद्यालयों का विकास कराया जाता है। खास बात यह है कि विद्यालयों को कंपोजिट ग्रांट छात्र संख्या के आधार पर दी जाती है। कम छात्र संख्या वाले स्कूलों में कम और अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में अधिक रकम मिलती है।

### पीएमश्री विद्यालयों को मिली है साढ़े 7 लाख की राशि

**इटावा।** पीएम श्री योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक में एक विद्यालय को पीएम श्री विद्यालय योजना में शामिल किया गया है। इनमें विभिन्न निर्माण कार्यों तथा विकास के लिए रकम दिए जाने का प्रावधान है। इसके अंतर्गत जिले के आठ ब्लाकों में जो पीएमश्री विद्यालय चयनित किए गए हैं। इन्हें कुल मिलाकर 750000 की रकम दी गई है इसके भी व्यय और खर्च की जांच की जाएगी।

- मुख्य विकास अधिकारी ने तहसीलदार व बीडीओ को दिए जांच के निर्देश

इसके साथ ही विद्यालय में दिव्यांग शौचालय व बाल वाटिका के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। पीएम श्री विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय व बाल वाटिका का निर्माण भी कराया जाएगा। इस संबंध में यह कहा गया है कि 15 दिन के अंदर यह जांच आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए।

यह कंपोजिट ग्रांट प्रतिवर्ष आती है और इसे विद्यालय के विकास विकास पर खर्च किया जाता है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने खरीद प्रक्रिया के साथ ही खर्च की गई रकम की जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। खास बात यह है कि यह जांच की जिम्मेदारी तहसीलदारों तथा खंड से विकास अधिकारियों को सौंपी गई है।

# जुआ खेलते चार जुआरी पकड़े गये

**जालौन।** कोतवाली पुलिस ने औरैया रोड स्थित एक विद्यालय के पास हर जीत की बाजी लगा रहे चार जुआरी पकड़े उनके पास से 3730 रुपये बरामद कर उनका चालान किया गया। चौकी प्रभारी कुलवंत सिंह को सूचना मिली कि औरैया रोड पर एक विद्यालय के पीछे जुआ खेला जा रहा है जिस पर पुलिस टीम ने छापा मारकर चार जुआरियों को धर दबोचा तथा उनके पास जमा तलाशी के दौरान 3730 रुपये बरामद कर चालान किया गया।

# मंदिर के ताले तोड़ चोरी कर ले गए दान पात्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** थाना इकदिल क्षेत्र के अतंर्गत आसई गांव स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर का जंगला तोड़कर चोर मंदिर में रखे दानपात्र को चुरा ले गए। सुबह लोगों ने देखा तो इसकी सूचना जैन समाज के लोगों को दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

क्षेत्र के गांव आसई में श्री दिगंबर जैन मंदिर है। वहां जैन समाज के लोग पूजा अर्चना को जाते है। शनिवार की रात को चोरों ने मंदिर मे पीछे लगे जंगले को काट दिया और मंदिर में प्रवेश कर गए। चोर मंदिर में रखे दानपात्र को चुरा ले गए। कमेटी के कोषाध्यक्ष रीतेश जैन रविवार को प्रातःकाल जब मंदिर पहुंचे तो मेन गेट का खुला पड़ा था अंदर जाकर देखा तो दान पात्र ही नहीं था। मंदिर के पीछे जंगला कटा हुआ था दान पात्र और टूटे हुऐ ताले चोर उठा ले गये। इसकी सूचना उन्होने डायल 112 नंबर से पुलिस को दी गई। मौके पर चौकी इंचार्ज अजय सिंह पहुंचे घटना स्थल का निरीक्षण किया।

महामंत्री कमल जैन ने बताया कि गोलक एक साल पहले खोली गई थी। चोरी गए दानपात्र में लगभग 40 से 50 हजार रुपये की धनराशि होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से अपील की जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल जैन, निर्मल जैन, सुमन जैन, ज्ञानेंद्र जैन आदि मौजूद रहे।

- थाना इकदिल क्षेत्र के अतंर्गत आसई गांव का मामला



दिगंबर जैनमंदिर आसई और जानकारी देते महामंत्री कमल जैन। अमृत विचार

# मारपीट कर मोबाइल और नकदी छीनी

**जालौन।** नगर के बगरा रोड पर कार चालक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मारी और बाइक सवार का मोबाइल छीन कर भाग गए। पीड़ित के भाई मनोज पुत्र गुरदयाल ग्राम औरेखी ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई बृजमोहन सरसों की बोरी लेकर मोटरसाइकिल से बाजार आ रहा था तभी एक गेस्ट हाउस के पास कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस** | सैफई आयुर्विज्ञान विवि में उपलब्ध हैं प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जरी की सुविधाएं

# 10 वर्षीय बालक के कान का हुआ पुनर्निर्माण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस हर वर्ष 15 जुलाई को मनाया जाता है। समय के साथ प्लास्टिक सर्जरी और कॉस्मेटिक सर्जरी का चलन बढ़ा है। प्लास्टिक सर्जरी के अंतर्गत अंगों के पुनर्निर्माण जलने वाले मरीज का उपचार चेहरे व अंगों के जन्मजात विकार और सौंदर्यीकरण संबंधित सर्जरी की जाती है। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई में अब यह सुविधाएं मिल रही है। बच्चों की जन्मजात विकृत अंगों की प्लास्टिक सर्जरी अब संस्थान में की जा रही है। जिसके लिए माननीय कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने भी विभाग की सरहाना भी की है।

10 वर्षीय बालक के पिता सुधीर ने बताया कि बच्चे के जन्म से ही कान नहीं था मैं कानपुर व लखनऊ के कई अस्पतालों में दिखाया जहां इस तरह के ऑपरेशन का खर्चा 4 से 5 लाख बताया गया इतना पैसा मेरे पास नहीं था तब मुझे मेरे एक साथी के द्वारा मालूम पड़ा कि इस तरह की सर्जरी सैफई मेडिकल कॉलेज में होती है। वहां जाकर दिखाया और बच्चे की सफल सर्जरी डॉक्टर्स ने की और खर्चा लगभग तीन से चार हजार रुपए ही आया।


10 वर्षीय बालक की सर्जरी करने वाले चिकित्सक। अमृत विचार

प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अतुल सक्सेना ने बताया कि माइक्रोटिया एक जन्मजात विकृति है। माइक्रोटिया से पीड़ित अधिकांश बच्चों के कान को फिर से बनाने के लिए अंततः सर्जरी की आवश्यकता होती है। माइक्रोटिया पुनर्निर्माण दो चरणबद्ध ऑपरेशन किए जाते हैं, जिसमें पहले कान को फिर से बनाया जाता है और बाद में कान को सिर के किनारे से अलग करके त्वचा का ग्राफ्ट लगाने की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि इस तरह की सर्जरी भारत में बहुत ही सीमित केंद्रों में की जाती है क्योंकि इसमें रोगी के कान के समान कान बनाने के लिए कौशल और अभ्यास की आवश्यकता होती है। लगभग हर महीने दो से तीन बच्चों की सर्जरी की जा रही है। प्लास्टिक सर्जन डॉ. तंजूम कंबोज ने बताया कि कान के पुनर्निर्माण के लिए मरीज की पसली उपास्थि का प्रयोग किया जाता है। जिससे कान का निर्माण होता है पसली उपास्थि ऑपरेशन से पहले की तरह फिर से विकसित हो जाती है। इसीलिए माइक्रोटिया रोगी के लिए पुनर्निर्माण की सही उम्र 10 वर्ष है। इस कठिन ऑपरेशन में दो-तीन पसलियों का हिस्सा निकाल लिया जाता है और सामान्य कान के आकार और आकार की तुलना करने के बाद कान को तराश दिया जाता है।

# 35 लोगों के कनेक्शन काटे, 3 लाख वसूले

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** रविवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की अलग अलग टीमों के द्वारा बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं से वसूली करने का अभियान चलाया गया। इस दौरान कई 45 लोगों के कनेक्शन काटे गये और 3 लाख रुपये का बकाया भी वसूला गया।

रविवार को उपखंड अधिकारी आदर्श राज, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों की टीम के द्वारा टर्ननगंज बाजार, रामचबूतरा आदि मोहल्लों मे जाकर बिजली चेकिंग की गई। इस दौरान 5 हजार रुपये से अधिक बकायदारों के कनेक्शन काट दिए गए और 45 बकायेदारों के कनेक्शन काट दिये गये वहीं 3 लाख रुपये की वसूली भी की गई। जेई जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पावर कारपोरेशन के निर्देश पर 5 हजार से ज्यादा बड़े बकायदारों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों ने चिह्नित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। जे ई जितेन्द्र कुमार, टीजटू अभिषेक कुमार, रिंकू पोरवाल, सीताराम, फ़हमीद खान, अजय कुमार निगम, सतीश कुमार आदि लाइन मैन तथा अन्य कर्मचारी अभियान में रहे।

- बिजली विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

## सार-संक्षेप


उद्योग व्यापार मंडल महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी। अमृत विचार

### त्योहारों पर बाजार में की जाए महिला पुलिसकर्मी तैनात

**इटावा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महिला जिलाध्यक्ष रीना जैन, महामंत्री दीपिका गुप्ता एवं वरिष्ठ सदस्य शुभा चौहान ने कहा इस समय बाजार में सहालग के चलते महिला खरीदारों की जबरदस्त भीड़ चल रही है। शहर के व्यस्त बाजार तिकोनिया, पक्की सराय, बजाजा लाइन, राजागंज, तहसील चौराहा और साबितगंज में महिलाओं की सुरक्षा के लिये सादा वर्दी सहित वर्दीधारी महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की जाये। साथ ही आने वाले सावन माह में सोमवारों को शिवालयों में महिलाओं की संख्या अधिक होती है। ऐसे समय मे चेन स्नेचिंग, पर्स चोरी आदि की घटनाएं घटित होती है उनसे बचने के लिये महिला पुलिस की तैनाती की जाये। महिलाओं का प्रमुख त्यौहार रक्षाबन्धन भी आने वाला है जिसमे महिलाएं खरीददारी के लिये बाजार आती है उनकी सुरक्षा के लिये भी बाजार में महिला पुलिसकर्मी तैनात की जाये जिससे महिलाओं की सुरक्षा पुख्ता हो सके वह बिना किसी डर भय के बाजार में खरीदारी कर सके।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**बकेवर, इटावा।** विकास खंड महेवा के भरईपुरा में आत्माराम संस्कृत विद्यालय पर गोविंद शास्त्री के सानिध्य में श्री मद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। श्री मद्भभागवत साप्ताहिक ब्रह्मज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा गणेश पूजन के उपरांत किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथा वाचक ने कहा कि कथा श्रवण मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मोक्ष के साथ ही जीवन जीने के उद्देश्य की दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भगवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। इस मौके पर गौरव गुप्ता ने सपत्नीक सभी से कथा श्रवण करने का आग्रह किया। आचार्य सुरेश कुमार शास्त्री, इन्द्रेश नारायण शास्त्री, ब्रह्म कुमार मिश्रा, प्रवीण शास्त्री, रमेश चन्द्र तिवारी, गोविंद शास्त्री महाराज भागवत कथा सुनाएंगे।

### युवक को मारपीट कर मोबाइल छीना

**बकेवर, इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नेशनल हाइवे पर आटो में सवार चार लोगों ने युवक की मारपीट करके मोबाइल छीन लिया। जिसका पीडित ने बकेवर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इस संबंध में पीडित रोबिन सिंह पुत्र प्रमोद कुमार निवासी नहर पुल लखना ने बताया कि रात करीब 10 बजे इटावा से आटो में बैठकर बकेवर आ रहा था। तभी उसमें पहले से बैठे चार अज्ञात लोगों ने उसकी मारपीट की और मोबाइल फोन ले लिया। इस मामले की जब जानकारी थाना बकेवर पुलिस को दी तो पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी।


शिकायत करने पहुंचे मजदूर। अमृत विचार

### मजदूरी करा ली लेकिन पैसा नहीं दिया, पुलिस से शिकायत

**सैफई, इटावा।** बंजाराहार गांव में एक किसान नें दो दर्जन मजदूरों से 100 बीघा खेत में धान लगवा लिया। मजदूरों ने पैसे मांगने पर किसान गाली गलौज कर मारपीट पर आमदा हो गया। मजदूरी का काम करने वाले करीब दो दर्जन मजदूरों ने रविवार को थाने पहुंचकर मजदूरी के पैसे दिलाए जाने की मांग पुलिस से की है। कानपुर नगर के बर्रा क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी अनिल कुमार ने यहां थाने पर दो दर्जन महिला पुरुष मजदूरों के साथ पहुंच करके प्रार्थना पत्र दिया। आरोप लगाया थाना क्षेत्र के गांव बंजाराहार निवासी राजू ने हम सब मजदूरों से 100 बीघा जमीन पर धान की रोपाई करा ली। जब हम लोगो ने मजदूरी के रुपए मांगे तो गाली गलौज तथा मारपीट पर आमद हो गया। थाना पुलिस ने मजदूरों का प्रार्थना पत्र लेकर के जांच पड़ताल शुरू की।

### अविनाश कुमार बने चार्टर्ड एकाउंटेंट


अविनाश कुमार।

**इटावा।** कुछ करने का जुनून हो तो कोई भी बाधा आड़े नहीं आती। शहर के पुरबिया टोला के अविनाश कुमार ने सीए बनकर यह साबित कर दिखाया है। अविनाश कुमार के पिता राकेश कुमार और मां विनीता वर्मा गृहिणी हैं। अविनाश ने बताया कि आर्थिक दुश्वारियों के बाद भी उनके बाबा बाबू लाल ने उन्हें उच्च शिक्षा प्रदान की। शुरुआत से ही उनका सीए बनने का सपना था। इस सपने को साकार करने का सफर काफी लंबा रहा। उन्होने बताया कि ऑनलाइन कक्षाएं लेने के साथ सेल्फ स्टडी भी की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया, लेकिन परीक्षा से दो माह पहले इसे बंद कर दिया था। वह कानपुर स्थित निजी कंपनी में कार्य कर रहे हैं।

### हाईवे पर पलटा ऑटो, चालक समेत तीन लोग घायल

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर कुरसेना गांव के पास सवारियां लेकर जा रहा ऑटो दूसरे ऑटो से आगे निकलने की होड़ में अनियंत होकर पलट गया। जिसमें विकाश, रमेश, विजय समेत तीन लोग घायल हो गए। थाना निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि हाईवे पर ऑटो पलटने से तीन लोग घायल हुए हैं।

### नौकरी के नाम पर सफाई कर्मी ने ठगे तीन लाख

**उरई।** कोतवाली उरई क्षेत्र के ग्राम पियामवई निवासी सुजान ने बताया कि मेडिकल कालेज में तैनात ग्राम औंता निवासी एक सफाई कर्मचारी ने मेडिकल कालेज में नौकरी लगवाने के लिए तीन लाख रुपये एक साल पहले लिए थे। सुजान ने बताया कि मेडिकल कालेज में काम करने वाले एक व्यक्ति ने मेडिकल कालेज में नौकरी लगवाने को कहा था। बाद में जानकारी मिली कि आरोपित सफाई कर्मी कई और लोगों से भी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये ठग चुका है। पीड़ित सुजान ने यह भी बताया कि जब पैसा वापस मांगा तो वह आनाकानी करता है। पीड़ित सुजान ने पुलिस से मांग की है कि आरोपी की जांच करवा कर कार्रवाई अमल में लायी जाये।

### करंट की चपेट में आकर वृद्ध झुलसा

**कालपी।** बीती शाम नगर के मुहल्लां जुलैहटी में विद्युत पोल में करंट आने से 60 वर्षीय वृद्ध बुरी तरह झुलसकर घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु सीएचसी कालपी में भर्ती कराया गया। नगर के मुहल्लां जुलैहटी में रामचबुतरा निवासी गफ्फार पुत्र बदरू शनिवार की शाम जुलैहटी बाजार स्थित अपनी दुकान पर था। बारिश के चलते समीप में लगे विद्युत पोल में करंट आ गया जिसकी चपेट में आकर गफ्फार बुरी तरह से झुलसकर घायल हो गया। वहां मौजूद लोग तथा परिवार के लोग उसे घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी में ईलाज हेतु भर्ती कराया जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल उरई रेफर किया गया।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक अचेत, भर्ती

**कालपी।** बीती शाम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरसेला में 23 वर्षीय युवक जहरीले कीड़े के काटने से अचेत हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी लाया गया और यहां पर डॉक्टरों ने उसका उपचार किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरसेला निवासी रामू सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह शनिवार की शाम अपने घर पर था कि तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिससे व अचेत हो गया। परिजन उसे सीएचसी कालपी ले गए जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

# इराक व सीरिया में जल्द खत्म होगा सैन्य अभियान : एर्दोआन

इस्तांबुल, एजेंसी

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने शनिवार को उत्तरी इराक और सीरिया में कुर्द लड़ाकों के खिलाफ तुर्की बलों के अभियान के शीघ्र समाप्त करने की घोषणा की। एर्दोआन ने इस्तांबुल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के स्नातक समारोह के दौरान कहा कि हम जल्द ही उत्तरी इराक में ऑपरेशन को बंद कर रहे हैं।

तुर्की ने उत्तरी इराक के मेटिना, जैप और अवासिन-बास्यान क्षेत्रों में गैरकानूनी कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के ठिकानों को लक्षित करने के लिए वर्ष 2022 में उत्तरी इराक में ऑपरेशन क्लॉ-लॉक शुरू किया था। राष्ट्रपति ने कहा कि अलगाववादी संगठन अब तुर्की की सीमाओं के भीतर कार्रवाई करने में सक्षम नहीं है, जबकि इराक और सीरिया में वह तेजी से घिरता जा रहा है। एर्दोआन ने सीरियाई कुर्द पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स (वाईपीजी) के खिलाफ उत्तरी सीरिया में तुर्की सेना के अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता के आधार पर, हमारी दक्षिणी सीमा पर सुरक्षा बेल्ट के लापता लिंक को पूरा करेंगे।



• इस्तांबुल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के स्नातक समारोह के दौरान की घोषणा

## केपी शर्मा ओली नेपाल के नए प्रधानमंत्री नियुक्त

**काठमांडू।** नेपाल में सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष के. पी. शर्मा ओली को नयी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए रविवार को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। ओली (72) ने पुष्प कमल दहल प्रचंड की जगह ली है, जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हार गए थे। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने ओली को नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस गठबंधन सरकार का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली नयी मंत्रिपरिषद के साथ सोमवार को शपथ लेंगे।

# नेपाल में बस हादसे में मृतक संख्या पांच हुई

काठमांडू, एजेंसी

• चितवन जिले में भूस्खलन के कारण उफनती नदी में दो बसें बह जाने के बाद से लापता थे

नेपाल में बचावकर्मियों ने रविवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया जो पिछले सप्ताह चितवन जिले में भूस्खलन के कारण उफनती नदी में दो बसों के बह जाने के बाद लापता हो गया था। यह जानकारी पुलिस ने दी। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है, जिनमें एक भारतीय भी शामिल है। बचाव दल को रविवार को गैंडाकोट-7 में पांचवां शव मिला।

बचाव दल शुक्रवार को भूस्खलन के बाद उफनती त्रिशूली नदी में दो बसों के बह जाने के बाद लापता यात्रियों की तलाश कर रहे थे। मायरिपब्लिका न्यूज पोर्टल ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि तलाशी अभियान के दौरान अब तक एक भारतीय समेत केवल पांच शव बरामद किए गए हैं।

अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक समेत तीन मृतकों की पहचान सार्वजनिक कर दी गई है, जबकि दो अन्य शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि पहला शव शनिवार सुबह दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर बरामद किया गया था। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बिहार के ऋषि पाल शाही (40) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि शव चितवन जिले की नारायणी नदी में रेत में दबा हुआ मिला था और उसकी जेब से एक भारतीय पहचान पत्र मिला है।

## प्रकृति की नजारा



प. बंगाल के नादिया जिले में एक आदमी सूर्यास्त से पहले हुगली नदी के पार अपनी नाव चलाता हुआ। • एजेंसी

## एक नजर

### इजराइल ने दमिश्क में स्थलों को निशाना बनाया

**दमिश्क।** इजराइल ने रविवार की आधी रात को सीरिया की राजधानी दमिश्क में सिलसिलेवार हमला करते हुए कई ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे पूरे शहर विस्फोट से गूंज उठा। सीरियाई राज्य टीवी ने कहा कि सीरियाई हवाई सुरक्षा दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में इजरायली हमले को रोक रही है। सीरियाई वायु रक्षा मिसाइलों की लगातार आवाज के बीच इस बार का हमला सामान्य हमलों से बड़ा था। राजधानी के कुछ हिस्सों में एम्बुलेंस के सायरन सुने गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि यह हमला बहुत हिंसक था।

### कंबोडिया में लापता सैन्य हेलीकाप्टर, तलाश जारी

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में लापता सैन्य हेलीकाप्टर के लिए खोज एवं बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि खराब मौसम की स्थिति के बीच खोज और बचाव अभियान जारी है। लापता सैन्य हेलीकॉप्टर में दो लोग सवार हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान पुरसैट और कोह कांग प्रांतों में घने जंगलों वाले कार्डामोन पर्वत श्रृंखला के ऊपर से उड़ान भरते समय हेलिकॉप्टर का वायुसेना मुख्यालय से संपर्क टूट गया। इसका कारण खराब मौसम बताया गया है। बयान में कहा गया, हेलीकॉप्टर में दो व्यक्ति सवार है जिनमें एक कैप्टन और एक पायलट। बयान में कहा गया कि खराब मौसम और धुंध के बावजूद खोज और बचाव अभियान जारी है।

### दक्षिण अफ्रीका के जंगलों में आग से सात की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाज़ुलु-नताल प्रांत के जंगल में लगी भीषण आग के कारण सात लोगों की मौत हो गई और 196 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए। यह जानकारी प्रांतीय सरकार ने शनिवार को दी। सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के प्रांतीय विभाग ने एक बयान में कहा कि एक सप्ताह पहले लगी जंगल की आग ने कुल 751 लोगों को प्रभावित किया है और किंग सेत्सवेयो, इलेम्बे, उथुकेला और ज़ुलुलैंड सहित जिलों में खेतों और घरों को नुकसान पहुंचाया है। विभाग ने कहा कि आग से 14,000 हेक्टेयर से अधिक चरागाह भूमि नष्ट हो गई है और 1,600 जानवर मारे गए हैं। परिवहन और मानव बस्तियों की प्रांतीय परिषद के एक अधिकारी सिबोनिसो ड्यूमा ने कहा कि नष्ट हुए घरों की संख्या बढ़ रही है क्योंकि जंगल की आग बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वे प्रभावित परिवारों को खोजने का काम कर रहे हैं।

### प. जापान में भूस्खलन में तीन लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान के पश्चिमी क्षेत्र एहिमे में भूस्खलन में फंसने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन कर्मियों और पुलिस ने एहिमे प्रान्त के मात्सुयामा में शनिवार दोपहर को आपदा प्रभावित क्षेत्र की तलाशी ली जहां दो पुरुष और एक महिला मृत पाए गए। बाद में पुष्टि की गई कि वे उस परिवार के सदस्य थे जो भूस्खलन के बाद से लापता थे। यह घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग चार बजे हुई जब एक पहाड़ से लगभग 50 मीटर चौड़ी और 100 मीटर ऊंची ढलान ढह गई, जिससे मिट्टी आसपास के घरों में चली गई। पीड़ितों में 90 साल का एक पुरुष, 80 साल की एक महिला और 40 साल का उनका बेटा था, परिवार के सभी लोग एक लकड़ी के घर में रहते थे जो भूस्खलन के कारण ढह गया किसी के लापता होने की कोई रिपोर्ट नहीं है और भूस्खलन स्थल पर तलाश बंद कर दी गई है।

# राजनीतिक हिंसा को बढ़ावा देगा ट्रंप पर हमला

## अमेरिकी मीडिया ने पूर्व राष्ट्रपति पर हुए हमले को भयावह क्षण करार दिया और गंभीर खतरे से चेताया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी मीडिया ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को रविवार को भयावह क्षण करार दिया और कहा कि यह देश में लोकतंत्र के समक्ष राजनीतिक हिंसा से उत्पन्न होने वाले खतरे की गंभीर चेतावनी है। ट्रंप (78) पर शनिवार को पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान एक युवा हमलावर ने गोली चलाई, जो उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि शनिवार को अमेरिकियों को हमारे लोकतंत्र के समक्ष मौजूद राजनीतिक हिंसा के खतरे की चेतावनी मिली। समाचार पत्र ने कहा, अब दोनों दलों के नेताओं और व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से अमेरिकियों की यह जिम्मेदारी है कि वे हिंसा और इसे बढ़ावा देने वाले भड़काऊ बयानों का विरोध करें। अमेरिकियों को भी इस चुनौती के बारे में स्पष्ट रूप से सोचना चाहिए जिसका सामना यह देश कर रहा है। शनिवार की घटना को अपवाद नहीं माना जा सकता। हिंसा अमेरिकी राजनीति को संक्रमित व प्रभावित कर रही है।

द वॉल स्ट्रीट जनरल ने कहा कि हत्या का प्रयास अमेरिका के लिए एक भयावह क्षण है जो इससे भी बदतर हो सकता था, लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि यह पूरी तरह से आश्चर्यजनक है। समाचार पत्र ने कहा कि राजनीतिक शत्रुता और घृणास्पद बयानबाजी एक ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जिसकी वजह से अमेरिका में हिंसा व हत्या के प्रयास हुए हैं और हममें से कुछ लोगों को अब भी 1968 की घटना अच्छी तरह याद है। हमलावर अपने किए के लिए खुद ही जिम्मेदार है, लेकिन दोनों पक्षों के नेताओं को चुनाव के दौरान भड़काऊ बातें कहनी बंद कर देनी चाहिए, अगर कोई एक उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है तो लोकतंत्र खत्म नहीं होगा। समाचार पत्र ने कहा, अगर ट्रंप जीतते हैं तो देश में तानाशाही नहीं आ जाएगी।

सीएनएन ने एक लेख में कहा कि एक पूर्व राष्ट्रपति और नवंबर में होने वाले चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से नामांकन स्वीकार करने से कुछ ही दिन पहले एक चुनावी रैली में ट्रंप को निशाना बनाया जाना निश्चित रूप से लोकतंत्र और अपना नेता चुनने के प्रत्येक अमेरिकी के अधिकार पर हमला है।




पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद अमेरिका मीडिया में प्रकाशित खबरें। • एजेंसी

• द न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि दोनों दलों के नेता सामूहिक रूप से भड़काऊ बयानों का विरोध करें

• द वॉल स्ट्रीट जनरल ने कहा कि राजनीतिक शत्रुता और घृणित बयानबाजी से बढ़ती है ऐसी घटना

### हमलावर को एक छत से दूसरी छत पर जाते देखा

**वाशिंगटन।** सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार बेन मैकर नामक एक व्यक्ति ने कहा कि उसने हमलावर को एक छत से दूसरी छत पर जाते देखा। उसने एक अधिकारी को बताया कि ट्रंप अपने समर्थकों को जिस स्थान से संबोधित कर रहे थे, उससे लगभग 200 से 250 गज दूरी पर हमलावर था। मैकर ने कहा, जब मैं वापस अपनी जगह पर जाने के लिए मुड़ा तो गोलियां चलने लगीं और फिर चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। हम सब वहां से भाग गए। बटलर निवासी रयान नाइट ने भी कहा कि उसने संदिग्ध हमलावर को अमेरिकन ग्लास रिसर्च बिल्डिंग के ऊपर देखा था। नाइट ने कहा, मैं गोलीबारी से करीब 20 मिनट पहले उस घेराबंदी के पास जाकर खड़ा हो गया, जहां ट्रंप थे। जब मैं ऐसा कर रहा था तो मैं एजीआर बिल्डिंग के निकट ही था और हमलावर वहीं था। उसने कहा, जब मैं वहां बैठा था तो एक व्यक्ति ने कहा कि उसके पास एक बंदूक है। जब मैंने ऊपर देखा तो इमारत के ऊपर एक आदमी था जिसके पास एक एम16 और एक कंबल था और उसका निशाना राष्ट्रपति की ओर था। उसने गोली चलानी शुरू कर दी। चार से पांच गोलियां चलीं। मैं नीचे कूद गया।



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने कहा कि वह रैली के चौंकाने वाले दृश्यों से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, किसी भी रूप में राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है और मेरी संवेदनाएं इस हमले के सभी पीड़ितों के साथ हैं।



फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने हत्या के प्रयास को एक त्रासदी करार दिया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, यह हमारे लोकतंत्रों के लिए एक त्रासदी है। फ्रांस अमेरिकावासियों के सदमे और आक्रोश को साझा करता है।



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि वह ट्रम्प के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि चुनाव अभियान के आने वाले महीनों में संवाद और जिम्मेदारी नफरत तथा हिंसा पर हावी हो सकती है।



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने एक्स पर लिखा, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अभियान रैली के दौरान हुई गोलीबारी से मैं बहुत स्तब्ध हूं। उन्होंने ट्रंप के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश की कड़ी निंदा की और शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।



ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानी ने कहा, यह उन लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत एक अक्षम्य हमला था, जो ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी साझा करते हैं तथा स्वतंत्रता, जिसे हम संजोते हैं। ये मूल्य वे हैं जो दोनों देशों को एकजुट करते हैं।



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वे पेंसिल्वेनिया में चुनावी रैली में ट्रम्प पर गोली चलाए जाने की घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, इस तरह की हिंसा का कोई औचित्य नहीं है और दुनिया में कहीं भी इसके लिए कोई जगह नहीं है।



ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा, हमारे लोकतंत्र में किसी भी प्रकार की राजनीतिक हिंसा स्वीकार्य नहीं है। मैं हमले से प्रभावित पीड़ितों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।



जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि दुनिया को लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ़ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।



इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह और उनकी पत्नी ट्रम्प के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सारा और मैं राष्ट्रपति ट्रंप पर हुए हमले से स्तब्ध हैं। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

# अमेरिकी राजनेताओं पर हुए हमलों का इतिहास

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को हुए जानलेवा हमले से पहले भी इस देश में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 1776 से देश के राजनीतिक इतिहास में हत्या और हत्या के प्रयासों की कुछ ऐसी ही घटनाएं इस प्रकार हैं :

- **अब्राहम लिंकन :** अब्राहम लिंकन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे, जिनकी जॉन वाइक्स बूथ ने 14 अप्रैल 1865 की गोली मार कर हत्या कर दी थी। घटना के दौरान वह अपनी पत्नी मेरी टॉड लिंकन के साथ वाशिंगटन के फोर्ड थियेटर में अवर अमेरिकन कजिन नाटक देख रहे थे। बूथ की 26 अप्रैल 1865 को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वह वर्जीनिया के बाउलिंग ग्रीन के समीप खेत में छिपा मिला था।
- **एम्स गारफील्ड :** गारफील्ड देश के दूसरे राष्ट्रपति थे जिनकी कार्यभार संभालने के छह महीने बाद हत्या कर दी गयी थी। वह दो जुलाई 1881 को वाशिंगटन में एक ट्रेन स्टेशन की ओर जा रहे थे तभी चार्ल्स गितेऊ ने उन्हें गोली मार दी थी। गितेऊ को जून 1882 में दोषी ठहराया गया और मृत्युदंड दिया गया।
- **विलियम मैकिनले :** मैकिनले को छह सितंबर 1901 में न्यूयॉर्क के बफेलो में तब गोली मारी गई थी जब वह भाषण देने के बाद लोगों से हाथ मिला रहे थे। एक व्यक्ति ने नजदीक से उनकी छाती में दो गोली मारी। मैकिनले की 14 सितंबर 1901 में मौत हो गयी थी। उनके बाद उपराष्ट्रपति थियोडर रूजवेल्ट देश के राष्ट्रपति बने थे। डेट्रॉइट के 28 वर्षीय लियोन एफ ने गोली चलाने का अपराध स्वीकार किया गया था। उसे 29 अक्टूबर 1901 को करंट देकर मृत्युदंड दिया गया था।
- **फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट :** रूजवेल्ट ने मियामी में एक खुली कार से भाषण दिया ही था कि तभी गोलियां चलने की आवाज सुनायी दी। फरवरी 1933 में हुई इस घटना में रूजवेल्ट घायल नहीं हुए लेकिन इसमें शिकागो के मेयर एंटन कर्माक की जान चली गयी। इस हमले के दोषी गिसिप्पे जंगारा को मौत की सजा दी गयी।
- **हैरी एस. ट्रूमैन :** ट्रुमैन नवंबर 1950 में वाशिंगटन के ब्लेयर हाउस में थे तभी दो बंदूकधारी उसमें घुस गए थे। बंदूकधारियों के साथ गोलीबारी में ट्रुमैन तो बच गए थे लेकिन व्हाइट हाउस का एक पुलिसकर्मी और एक हमलावर मारा गया था। व्हाइट हाउस के दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस हमले में ऑस्कर कैलाजो को गिरफ्तार किया गया था और उसे मौत दी गयी थी। 1952 में ट्रूमैन ने उसकी मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने 1979 में उसे जेल से रिहा कर दिया था।
- **जॉन एफ. केनेडी :** केनेडी नवंबर 1963 में जब प्रथम महिला जैकलीन केनेडी के साथ डलास गए थे तो एक बंदूकधारी ने घात लगाकर उन पर हमला कर दिया था। केनेडी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने कुछ घंटों बाद ली हार्वे ओस्वाल्ड को गिरफ्तार कर लिया था और दो दिन बाद ओस्वाल्ड की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जब उसे पुलिस मुख्यालय से जेल ले जाया जा रहा था।
- **गेराल्ड फोर्ड :** फोर्ड पर 1975 में कुछ ही हफ्तों के भीतर दो जानलेवा हमले किए गए थे और वह दोनों घटना में बच गए।
- **रोनाल्ड रीगन :** रीगन मार्च 1981 में वाशिंगटन में भाषण देकर निकल रहे थे तभी भीड़ में शामिल जॉन हिंकले जूनियर ने उन्हें गोली मार दी। वह उपचार के बाद स्वस्थ हो गए थे।
- **जॉर्ज डब्ल्यू बुश :** बुश 2005 में जॉर्जिया के राष्ट्रपति मिखाइल साकाश्विली के साथ रैली में भाग ले रहे थे तभी एक हथगोला फेंका गया। हथगोला फटा नहीं और कोई भी हताहत नहीं हुआ था।
- **प्रत्याशी थियोडोर रूजवेल्ट :** पूर्व राष्ट्रपति रूजवेल्ट को 1912 में मिलवाकी में प्रचार के दौरान गोली मारी गयी थी। उन्हें इस हमले में कोई गंभीर चोट नहीं आयी थी।
- **प्रत्याशी रॉबर्ट एफ. केनेडी :** केनेडी डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी बनने की दौड़ में शामिल थे तभी 1968 में लॉस एंजिलिस में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।
- **प्रत्याशी जॉर्ज सी. वालेस :** वालेस डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल थे तभी 1972 में मैरीलैंड में एक प्रचार अभियान के दौरान गोली मारी गयी थी। इस घटना के कारण उन्हें कमर के निचले हिस्से में लकवा मार गया था।

# ट्रंप के फेसबुक, इंस्टाग्राम पर लगा प्रतिबंध हटाया

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

• प्रवक्ता ने कहा कि वह संभावित उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति बिडेन के बराबर में ला रहा

मेटा ने कहा कि कंपनी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर पहले लगाए गए किसी भी जुर्माने और प्रतिबंध को हटा रही है। मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह संभावित जीओपी उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति बिडेन के बराबर में ला रहा है।

वाशिंगटन डी.सी. में 6 जनवरी, 2021 के विद्रोह के तुरंत बाद कंपनी ने पहली बार ट्रम्प के सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके अकाउंट को दो वर्षों के लिए निलंबित कर दिया था।

जनवरी 2023 में मेटा ने कहा कि वह ट्रम्प को अपने मंच पर बहाल करेगा और अगले महीने उन्हें अपने अकाउंट तक पहुंच प्राप्त हुई लेकिन फिर भी उन पर जुर्माना और प्रतिबंध लगाए गए। मेटा की नवीनतम घोषणा के बाद, अगर ट्रम्प मेटा के सामुदायिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें बहुत कम संभावित निलंबन का सामना करना पड़ेगा जो केवल कुछ दिनों तक रह सकता है। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष, निक क्लेग ने एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा है कि मूल निलंबन और दंड चरम और असाधारण परिस्थितियों की प्रतिक्रिया थी, और इसे लागू करने की आवश्यकता नहीं थी। क्लेग ने लिखा, अगले सप्ताह रिपब्लिकन सम्मेलन सहित पार्टी सम्मेलन जल्द ही होने के साथ, अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों को जल्द ही औपचारिक रूप से नामांकित किया जाएगा। राजनीतिक अभिव्यक्ति को स्वतंत्र रखना हमारी ज़िम्मेदारी है।

## बंधुआ मजदूरी के आरोप में दो भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**रोम।** इटली के वेरोना प्रांत में 33 कृषि श्रमिकों से बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में दो भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी मजदूर भारतीय हैं। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। इससे कुछ दिन पहले एक सिख कृषि मजदूर की मौत से देश स्तब्ध हो गया था। समाचार एजेंसी एएनएसए ने शनिवार को खबर दी कि वित्त पुलिस ने संदिग्धों की 4,75,000 यूरो की संपत्ति भी जब्त की है, जो कृषि क्षेत्र की दो कंपनियों के मालिक हैं और इनमें कोई कर्मचारी नहीं है और उन पर कर चोरी का आरोप भी है। इतालवी समाचार एजेंसी ने बताया कि दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ बंधुआ मजदूरी और श्रमिकों के शोषण सहित अन्य अपराधों के लिए जांच की जा रही है।

# इमरान खान और बुशरा बीबी फिर गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

## भ्रष्टाचार मामला



• अदालत ने दोनों को 22 जुलाई को पेश करने का आदेश दिया

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एवं उनकी पत्नी बुशरा बीबी को कथित भ्रष्टाचार के एक नये मामले की जांच के वास्ते रविवार को आठ दिनों की हिरासत के लिए भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों को सौंप दिया।

जिला एवं सत्र अदालत ने शनिवार को गैर इस्लामी शादी मामले में दोनों की दोषसिद्धि खारिज कर दी थी, जिसके शीघ्र बाद उन्हें राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने गिरफ्तार कर लिया था। इस अदालत के संक्षिप्त आदेश में यह भी कहा गया था कि यदि अन्य मामलों में दोनों वांछित नहीं हैं तो उन्हें तत्काल रिहा कर दिया जाए। खान दंपती के विरूद्ध नया तोशखाना मामला दर्ज करने वाली एनएबी ने रविवार को दोनों को जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अली वारिच के सामने पेश किया। न्यायाधीश ने कड़े सुरक्षा कारणों से अडियाला जेल के अंदर ही सुनवाई की।

खान दंपती को गिरफ्तार करने वाली टीम की अगुवाई करने वाले एनएबी के उपनिदेशक मोहसिन हारून ने अदालत से अनुरोध किया कि दोनों को ब्यूरो की हिरासत में भेजा जाए। अदालत ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद दोनों को आठ दिनों के लिए एनएबी की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने दोनों को 22 जुलाई को पेश करने का भी आदेश दिया।

### पाकिस्तान में अस्थिरता और अनिश्चितता फैलाने में लगी ताकतों को बेनकाब किया जाए : शाहबाज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने देश में अस्थिरता एवं अनिश्चितता फैलाने में लगे तत्वों को बेनकाब करने की जरूरत पर बल दिया है क्योंकि आर्थिक रूप से खस्ताहाल उनकी सरकार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। एआरवाई न्यूज की खबर है कि शरीफ ने सीनेट (पाकिस्तानी संसद के एक सदन) में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के संसदीय दल के नेता तथा विदेश मामलों से संबंधित सीनेट की स्थायी समिति के अध्यक्ष इरफान सिद्दिकी के साथ बैठक के दौरान परोक्ष रूप से विपक्ष की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। किसी भी दल का नाम लिये बगैर प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को सरकार, देश एवं राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थानों के विरुद्ध चल रहे संगठित अभियान को विफल करने की प्रभावी रणनीति विकसित करने पर जरूर ध्यान देना चाहिए। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी सभी मोर्चों पर सरकार का विरोध कर रही है और आरोप लगा रही है कि पीएमएल-एन ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के जनादेश को चुरा लिया है। खान जेल में बंद हैं। विदेश मामलों से संबंधित सीनेट की स्थायी समिति का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सिद्दिकी को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने उम्मीद जतायी कि उनके नेतृत्व में यह समिति दुनिया में पाकिस्तान की सकारात्मक और शांतिपूर्ण छवि को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देगी।

